3 राजधानी
निगम के कामकाज में आएगी तेजी

6 प्रादेशिकी
प्रतिज्ञा को मिलेंगे चार स्वर्ण पदक

10 विदेश
ट्रंप पर तीन आरोप लगाने की सिफारिश कर सकती है जांच समिति

11 राष्ट्रीय
प. बंगाल में जमीनी स्तर पर भाजपा को मजबूत करें

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 46
नई दिल्ली, रविवार, 18 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अक्षर के करिश्में से भारत चार विकेट दूर
स्पोर्ट्स-12

# जीएसटी काउंसिल की 48वीं बैठक किसी भी वस्तु पर टैक्स वृद्धि नहीं

- दो करोड़ रुपये के टैक्स चोरी के मामले अब आपराधिक श्रेणी में नहीं माने जाएंगे, एसयूवी पर 22% मुआवजा उपकर लगेगा, एमयूवी को परिभाषित करने के लिए मापदंड तैयार करेंगे
- ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स रेस और कैसिनो को दायरे में लाने का फैसला टला




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जीएसटी** परिषद ने नियमों के अनुपालन में की जा रही कुछ गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से बाहर रखने पर शनिवार को सहमति जताई। इसके साथ ही अभियोजन शुरू करने की सीमा को दोगुना कर दो करोड़ रुपए करने और नकली चालान के लिए एक करोड़ रुपए की सीमा बरकरार रखने का फैसला किया गया। परिषद ने अपनी 48वीं बैठक में एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स) की परिभाषा को भी स्पष्ट करते हुए इन वाहनों पर 22 प्रतिशत मुआवजा उपकर लगाने का फैसला किया।

परिषद ने एमयूवी (मल्टी यूटिलिटी व्हीकल) को परिभाषित करने के लिए मापदंड तैयार करने का फैसला भी किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद समय की कमी के कारण बैठक के एजेंडा में शामिल 15 मुद्दों में से केवल आठ पर ही फैसला कर सकी। सीतारमण ने जीएसटी परिषद की बैठक खत्म होने के बाद कहा कि कोई नया कर नहीं लाया गया है। इस बैठक में ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो पर जीएसटी लगाने पर कोई चर्चा नहीं हुई क्योंकि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की अध्यक्षता वाले मंत्री समूह ने इस मुद्दे पर कुछ दिन पहले ही अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने कहा कि समय इतना कम था कि जीओएम की रिपोर्ट जीएसटी परिषद के सदस्यों को भी नहीं दी जा सकी।

उन्होंने कहा कि परिषद ने जीएसटी कानून के अनुपालन में अनियमितता पर अभियोजन शुरू करने की सीमा को बढ़ाकर दो करोड़ रुपए करने पर सहमति दी। मौजूदा समय में अभियोजन प्रक्रिया शुरू करने की सीमा एक करोड़ रुपए है। सीतारमण ने कहा कि एसयूवी के बारे में यह स्पष्टीकरण दिया गया है कि 22 प्रतिशत के मुआवजा उपकर की उच्च दर सभी चार शर्तों को पूरा करने वाले मोटर वाहन पर लागू होती है, जिसे आम बोलचाल में एसयूवी कहा जाता है। इसमें इंजन की क्षमता 1,500 सीसी (शेष पेज 8)

## दालों के छिलके पर जीएसटी हटी

**नई दिल्ली।** दालों के छिलके पर जीएसटी को हटाने का फैसला भी किया गया। अभी तक दालों के छिलके पर पांच फीसदी की दर से जीएसटी लगता था लेकिन अब उसे शून्य कर दिया गया है।


## अपीलीय अधिकरण पर फैसला नहीं

**नई दिल्ली।** जीएसटी पर अपीलीय अधिकरण बनाने के अलावा पान मसाला और गुटखा व्यवसायों में कर चोरी को रोकने के लिए व्यवस्था बनाने पर भी कोई फैसला नहीं हो पाया।

# कांग्रेस चाहे चीन पर चर्चा भाजपा के निशाने पर राहुल

- गहलोत और खड़गे पूर्व पार्टी अध्यक्ष के बचाव में आए, भाजपा और केंद्रीय मंत्रियों ने राहुल पर जमकर किया हमला





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अरुणाचल** प्रदेश में भारत और चीन के सैनिकों के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर झड़प के बाद एक ओर कांग्रेस जहां इस मुद्दे को लेकर मोदी सरकार पर हमलावर है और उसके प्रमुख 'चीन पर चर्चा' चाहते है, वहीं सरकार के केंद्रीय मंत्री मुख्य विपक्षी पार्टी पर पलटवार करते हुए उसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को 'देश के लिए शर्म का कारण' बताया तथा कहा 'सशस्त्र बलों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हमले की अगुवाई करते हुए एक कार्यक्रम में कहा कि गलवान घाटी संघर्ष और अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में हालिया गतिरोध के दौरान भारतीय सैनिकों ने जिस बहादुरी और साहस का प्रदर्शन किया उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर राहुल गांधी के बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें कांग्रेस नेता ने सरकार पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन द्वारा उत्पन्न खतरे को कम करके आंकने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार सो रही है और स्थिति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।

राजनाथ ने कहा कि हमने विपक्ष के किसी भी नेता की मंशा पर कभी सवाल नहीं उठाया, हमने केवल नीतियों के आधार पर बहस की है। राजनीति सच्चाई पर आधारित होनी चाहिए। लंबे समय तक झूठ के आधार पर राजनीति नहीं की जा सकती है। राजस्थान के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने यह बताने की कोशिश की कि राहुल गांधी का आशय क्या था। उन्होंने कहा कि देश एक बड़े संकट से गुजर रहा है। संकट यह नहीं है कि सीमा पर एक जंग चल रही है। यह और ज्यादा खतरनाक है। हमारे बहादुर सैनिक सीमा पर लड़ सकते हैं और देश इसमें पर्याप्त रूप से सक्षम है।' उन्होंने कहा कि यह संकट देश को खोखला कर देगा' और इसी बात को लेकर राहुल चिंतित हैं। कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने चीन और सेना पर टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि वह न केवल भारतीय सेना का अपमान कर रहे हैं, बल्कि देश की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। रीजीजू ने ट्वीट किया, राहुल गांधी न केवल भारतीय सेना का अपमान कर रहे हैं, बल्कि देश की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

वह न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए समस्या हैं, बल्कि देश के लिए शर्मिंदगी का बड़ा कारण भी बन गए हैं। अरुणाचल प्रदेश से सांसद रीजीजू ने कहा कि लोगों को भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है। एक अन्य ट्वीट में, रीजीजू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के तवांग में यांग्त्से क्षेत्र भारतीय सेना के बहादुर जवानों की पर्याप्त तैनाती के कारण अब पूरी तरह से सुरक्षित है। सूचना और (शेष पेज 8)

# सुप्रीम कोर्ट ने बिल्कीस बानो की पुनरीक्षण याचिका खारिज की





- सजा माफी को चुनौती देने वाली अर्जी लंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने 13 मई के अपने एक फैसले का पुनरीक्षण करने का अनुरोध करने वाली सामूहिक बलात्कार पीड़िता बिल्कीस बानो की याचिका को खारिज कर दिया है।

शीर्ष न्यायालय ने अपने उस फैसले में कहा था कि सामूहिक बलात्कार व हत्या मामले में एक दोषी द्वारा समय पूर्व रिहाई के लिए दायर अर्जी की पड़ताल के लिए गुजरात में एक उपयुक्त सरकार है। बानो की अलग याचिका में 11 दोषियों की सजा गुजरात सरकार द्वारा माफ करने को चुनौती दी गई है, जो उच्चतम न्यायालय में लंबित है। बानो 2002 में गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक बलात्कार की शिकार हुई थीं और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। घटना के वक्त बानो की उम्र 21 साल थी और वह पांच महीने की गर्भवती थीं। शीर्ष न्यायालय ने 13 मई के अपने आदेश में राज्य सरकार को नौ जुलाई 1992 की अपनी (शेष पेज 8)

# पत्नी से झगड़े में दो साल के बेटे को छत से फेंका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रिश्तों** की डोर कितनी कमजोर होती जा रही है, इसका उदाहरण दिल्ली में उस समय देखने को मिला जब एक व्यक्ति ने पत्नी से झगड़े के बाद अपने दो साल के मासूम बेटे को इमारत की पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया और खुद भी कूद गया। दोनों को घायल अस्वस्था में एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालकाजी इलाके की है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने शराब के नशे में वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मान सिंह की पत्नी पूजा (30) ने आरोप लगाया है कि दंपती के बीच तनावपूर्ण संबंध चल रहे हैं। इसलिए वह अपने बेटे के संग पति से अलग रह रही है। पूजा ने कहा कि उसका पति शाम करीब सात बजे नशे की हालत में उसके आवास पर आया (शेष पेज 8)

# फिर बढ़े सीएनजी के दाम डीजल को छूने के करीब

- राजधानी में सीएनजी 79.56 रु. प्रति किग्रा. हुई, डीजल मिल रहा 89.62 रु. प्रति लीटर
- पिछले नौ महीनों में सीएनजी के दाम 20 रुपये तक बढ़ गए




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इंद्रप्रस्थ** गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने शनिवार से दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमतों में वृद्धि कर दी है। अब राजधानी में सीएनजी की कीमत 78.61 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 79.56 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

इसका असर निजी वाहन चालकों के साथ-साथ किराए पर भी पड़ेगा। चूंकि सीएनजी की कीमतें बढ़ी हैं, ओला और उबर जैसे कैब सेवा प्रदाता भी अधिक शुल्क लेंगे। प्रतिदिन ऑटो से सफर करने वालों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इसका असर फलों और सब्जियों की कीमतों पर भी पड़ेगा।

सीएनजी की कीमतों में पिछले साल से बढ़ोतरी शुरू हुई जो चिंताजनक रूप से अब भी जारी है। इससे डीजल और पेट्रोल की कीमत के बीच का अंतर काफी कम हो गया है। कीमतों में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल- 96.72 रुपये, डीजल- 89.62 रुपये और सीएनजी- 78.61 रुपये मिलेगा। पिछले नौ महीनों में दिल्ली में सीएनजी के दाम 20 रुपये से ज्यादा (शेष पेज 8)

# ममता ने बीएसएफ की शक्तियों पर उठाया सवाल

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की शक्तियों पर सवाल उठाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को जब यह कहा कि गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले बीएसएफ के अलावा अंतर्देशीय सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्यों की भी बनती है, तो बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने सुरक्षा बल को और अधिक अधिकार क्षेत्र की अनुमति देने में अनिच्छा जताई। दोनों नेता कोलकाता के नबन्ना में बंगाल राज्य सचिवालय में आयोजित 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिस्सा ले रहे थे। इस बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, ओडिशा के मंत्री प्रदीप अमात कई और अन्य जिम्मेदार लोग शामिल हुए। यह वार्षिक बैठक ऐसे समय हुई है जब सीमापार से घुसपैठ एवं नकली मुद्रा, ड्रग्स, हथियार और (शेष पेज 8)

# पीएम पर टिप्पणी को लेकर बिलावल के खिलाफ प्रदर्शन




**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी पर असभ्य और अप्रिय व्यक्तिगत हमला करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदर्शन के दौरान विभिन्न राज्यों की राजधानियों में नारेबाजी की और पाकिस्तान एवं भुट्टो के पुतले फूंके तथा उन्हें विद्वेष मंत्री करार दिया। उन्होंने पाकिस्तानी विदेश मंत्री से भारत के 135 करोड़ लोगों से माफी मांगने की भी मांग की। पार्टी ने कहा, भारत प्रधानमंत्री मोदी पर भुट्टो की असभ्य और अप्रिय टिप्पणी की एकस्वर से निंदा करता है और विरोध जताता है। पार्टी ने कहा कि प्रत्एक राज्य में प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में, विभिन्न आतंकी संगठनों का समर्थन करने को लेकर पाकिस्तान पर करार प्रहार किया था और इस पड़ोसी देश (पासकिस्तान) को आतंकवाद का केंद्र बताया था। इसके बाद, पाकिस्तानी (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,337 | |
| निफ्टी | 18,269 | |
| सोना | 54,222 | /10g |
| चांदी | 68,001 | /kg |

## क्विक न्यूज

### इस मौसम का सबसे कम न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता शनिवार को खराब श्रेणी में दर्ज की गई, वही न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे कम तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान मौसम के औसत से दो डिग्री अधिक 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 24 घंटे का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 304 दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि शून्य से 50 के बीच के एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बेहद खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है।

# दृष्टिबाधित विश्व कप: बांग्लादेश हारा भारत ने तीसरी बार जीता खिताब

**भाषा।** बेंगलुरु



**कप्तान** अजय कुमार रेड्डी और सुनील रमेश की नाबाद शतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 248 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप के फाइनल में बांग्लादेश को 120 रन से हराकर लगातार तीसरा खिताब जीता।

भारतीय टीम ने महज 29 रन पर दो विकेट गंवा दिया था लेकिन इसके बाद रमेश ने 63 गेंदों में 24 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 136 रन बनाए, जबकि रेड्डी ने 50 गेंदों में 18 चौके की मदद से नाबाद 100 रन बनाए। दोनों की बड़ी साझेदारी से टीम ने 20 ओवर में दो विकेट पर 277 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में तीन विकेट पर महज 157 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिए सलमान ने सबसे ज्यादा नाबाद 77 रन बनाए। पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहने वाली भारतीय टीम को पुरस्कार में तीन लाख रुपए मिले जबकि बांग्लादेश को डेढ़ लाख रुपए का पुरस्कार मिला। सलमान ने चौथे ओवर में भारतीय टीम को दो झटके दिए। उन्होंने एक रन के अंदर वेंकारेश्वर और ललित मीणा को चलता किया। रमेश और रेड्डी ने इसके बाद बांग्लादेश के गेंदबाजों के खिलाफ मैदान के हर क्षेत्र में रन बनाए। रेड्डी को इस दौरान 40 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला। रमेश ने चौके के साथ टूर्नामेंट का तीसरा शतक पूरा किया तो वही रेड्डी ने 20वें ओवर में अपना सैकड़ा जड़ा।

# क्रोएशिया ने मोरक्को को हराकर तीसरा स्थान किया हासिल

**विश्व कप फुटबाल**

**भाषा।** दोहा

**पिछले** विश्व कप की उप विजेता क्रोएशिया ने शनिवार को यहां फीफा विश्व कप के प्लेऑफ में मोरक्को को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। क्रोएशिया की टीम 1998 विश्व कप में भी तीसरे स्थान पर रही थी। खलीफा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हुए इस मैच के तीनों गोल पहले ही हाफ में हुए। पहले दो गोल नौ मिनट के अंदर हो चुके थे।



क्रोएशिया के लिए जोस्को ग्वारडियोल ने सातवें ही मिनट में खूबसूरत सेट पीस से गोल किया। सेमीफाइनल में पहुंचने वाला पहला अफ्रीकी देश बनकर इतिहास रच चुके मोरक्को ने अशरफ डारी के नौंवे मिनट में किए गए गोल से स्कोर 1-1 किया। मिस्लाव ओरेसिच ने 42वें मिनट में खूबसूरत गोल से अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया और यह निर्णायक साबित हुआ। इस तरह ओरेसिच के गोल ने सुनिश्चित किया कि कप्तान लुका मोड्रिच (37 वर्ष) जीत के साथ विश्व कप के अंतिम मैच से विदा हों।


पहले हाफ की शुरूआत में क्रोएशियाई टीम ने तेज खेल दिखाया जिसका फायदा उसे मिला। मोरक्को के सोफयान अमराबात के आंद्रेज क्रेमारिच को गिराने पर फाउल के कारण क्रोएशिया को फ्री किक मिली। लोवरो माएर ने किक कर इसे पेनल्टी बॉक्स के ऊपर उछाला जहां इवान पेरिसिच ने सिर से शॉट लगाकर इसे जोस्को ग्वारडियोल की ओर किया और मास्क पहने इस खिलाड़ी ने उछलकर हेडर से 13 गज की दूरी से सीधे इसे नेट में डालकर अपनी टीम को आगे कर दिया। पर क्रोएशिया की यह बढ़त एक मिनट तक ही रह सकी। मोरक्को ने नौंवे मिनट में फ्री किक पर गोल कर स्कोर बराबर किया। हाकिम जिएच ने लंबा शॉट लगाया जो डिफ्लेक्ट होता हुआ जा रहा था, मोडरिच ने इसे दूर करने की कोशिश की लेकिन डारी ने पांच गज की दूरी से क्रोएशियाई गोलकीपर डॉमिनिक लिवाकोविच को पछाड़ते हुए हेडर से गोल कर स्कोर बराबर कर दिया।

यह डारी का पहला अंतरराष्ट्रीय गोल भी था। दोनों टीमें बढ़त लेने की कोशिश में जुटी थीं और कुछ मौके भी बना रही थीं। पर बाजी मारी क्रोएशिया ने जिसके लिए ओरिसिच ने मोरक्को बॉक्स की बाईं ओर से दूर से दनदनाता सीधा शॉट लगाया जो क्रासबार हिट कर गोल में पहुंच गया। इस रोकने के लिए मोरक्को के गोलकीपर यासिने बोनोऊके पास कोई मौका नहीं था। गोल की खोज में जुटी क्रोएशिया ने दूसरे हाफ में भी आक्रामकता दिखाई। उसकी अग्रिम पंक्ति ने मोरक्को की रक्षात्मक पंक्ति की कई (शेष पेज 8)

# ग्रेनो-नोएडा के विकास के लिए 8100 करोड़ का होगा निवेश

## उत्तर प्रदेश के मंत्री स्वंत्रत देव, नोएडा की सीईओ ऋतु व यूपीसीडा के सीईओ मयूर के मौजूदगी में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर

- आगामी 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में यूपी में 10 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य तय



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सिंगापुर एवं सिडनी में आयोजित रोड शो के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी की मौजूदगी में नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में निवेश और डेटा सेंटर की स्थापना के लिए एसएलजी की राजधानी सिंगापुर के साथ 8000 करोड़ के निवेश समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। वहीं नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 100 करोड़ के निवेश से स्कूल स्थापित करने के लिए सिंगापुर स्थित ग्लोबल स्कूल फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

इस दौरान सीईओ ने नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए विकास के मॉडल का प्रदर्शन भी किया। इस दौरान सीईओ ने सिंगापुर एवं सिडनी में आयोजित रोड शो के दौरान शहरी कृषि, शहरी वानिकी, हरित शहरों, जल संरक्षण, छात्र विनिमय के क्षेत्र में सहयोग व निवेश के लिए निवेशकों से चर्चा की। बता दें कि लखनऊ में आगामी 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उप्र में 10 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य तय किया गया है।

इस ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए लक्ष्य प्राप्त करने के लिए नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहें हैं। त्तर प्रदेश के हाईटेक शहरों में शामिल नोएडा ग्रेटर नोएडा में डेटा सेंटर बनाने के लिए 1 बिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा। इसके साथ ही सिंगापुर इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री यहां पर बड़ा निवेश करेगी। सीईओ माहेश्वरी निवेश के लिए लगातार दूसरे देशों में भी जाकर निवेशकों को संबोधित कर रही है. हाल ही में ऑस्ट्रेलिया इंडिया बिजनेस काउंसिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में निवेशकों से यूपी के शहरों में निवेश करने की अपील की है।

# हेल्थ अफसर समेत चार बड़े अफसरों पर कार्रवाई की तलवार

- पोर्टल पर आई शिकायत का निस्तारण नहीं करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

आईजीआरएस पॉर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण समय से नहीं करने पर नगर आयुक्त ने नगर निगम के हेल्थ अफ सर सहित कई अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इन अधिकारियों में नगर निगम के हेल्थ अफ सर डॉ मिथलेश कुमार, संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम, पथ प्रकाश प्रभारी योगेन्द्र यादव, जलकल विभाग के जीएम आनंद त्रिपाठी शामिल हैं।

मामला आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों से संबंधित है। इस पोर्टल पर जो भी शिकायतें आती हैं उसका निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाता है। समय पर निस्तारण नहीं होने के कारण यह सभी शिकायतें सीधे शासन के पास तक पहुंच जाती है। अगर इसके बाद भी इन शिकायतों का निस्तारण नहीं होता है तो वह रेड मार्क हो जाती हैं और इसको किसी भी विभाग के रैंक के खिलाफ माना जाता है।

आरोप है कि नगर निगम के हेल्थ विभाग, संपत्ति विभाग तथा जलकल और प्रकाश विभाग की शिकायतों का निस्तारण समय पर नहीं हो पाने के कारण आईजीआरएस पॉर्टल पर शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पाने को नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने गंभीरता से लिया है।

इन सभी अधिकारियों से इस मामले में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। इसके अलावा निर्देश दिए गए हैं कि वे तय समयसीमा के अंदर आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित प्रकरण का निस्तारण कर रिपोर्ट दें।

# ग्रेटर नोएडा में दुकानदारों के बीच चले डंडे महिला विक्रेता और उसके पति को पीटा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में दुकानदारों के बीच डंडेबाजी हुई है। एक महिला शॉपकीपर ने अपने पड़ोसी दुकानदारों पर आरोप लगाया है कि शनिवार की सुबह उन पर हमला कर दिया गया।

डंडों से बुरी तरह पीटा गया है। जिसमें महिला दुकानदार और उसके पति को गंभीर चोट आई हैं। इस पूरे मामले की शिकायत महिला दुकानदार की ओर से पुलिस को दी गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिली है। मामले में कार्यवाही की जा रही है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की फ्यूजन होम्स हाउसिंग सोसाइटी में दुकान चलाने वाली शिल्पा अरोड़ा ने बताया कि वह यहां 2 साल से दुकान संचालित कर रही हैं। वहीं दुकान पर बैठती हैं और कभी.कभी उनके पति भी सहयोग करने के लिए आ जाते हैं।

शिल्पा ने बताया कि शनिवार की सुबह उन्होंने और उनके पति ने अपनी दुकान खोली, तभी पड़ोस में दुकान चलाने वाले दो भाइयों ने उन पर हमला कर दिया। डंडों से सिर फोड़ दिया है। उनके पति के सिर में गंभीर चोट आई हैं। बुरी तरह खून बह रहा था। वारदात के बारे में पुलिस कंट्रोल रूम को 112 पर कॉल की। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की तफ्तीश की है। शिल्पा का आरोप है कि पिछले 2 वर्षों से पड़ोसी दुकानदार मानसिक और शारीरिक रूप से तंग कर रहे हैं।

इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। शिल्पा अरोड़ा का कहना है कि यह दोनों लोग मुसीबत बने हुए हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों ने इस घटना को लेकर कई ट्वीट किए हैं। जिस पर नोएडा सेंट्रल जोन के उपायुक्त ने संज्ञान लिया है। डीसीपी ने बिसरख कोतवाली पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया है।

# जिला कारगार पहुंची पुलिस आयुक्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

- थाना सेक्टर-58 का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर के जिला न्यायाधीश और पुलिस आयुक्त ने जिला कारागार का संयुक्त दौरा किया है।

पुलिस कमिश्नर और जिला जज ने जेल में प्रशासनिक व्यवस्थाओं से लेकर बन्दियों के रहन-सहन और सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की है। इस दौरान जिला जज और पुलिस कमिश्नर ने जेल प्रशासन को कई हिदायत भी दी हैं। अभी गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से आधिकारिक सूचना मिलने का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने शनिवार की सुबह जिला जज अविनाश सक्सेना के साथ लुकसर जिला कारागार का अप्रत्याशित निरीक्षण किया है।

दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक इस दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने जेल सुपरीटेंडेंट ऑफिस, बंदी बैरक, किचन और दूसरी सुविधाओं को परखा है। उनके साथ अपर पुलिस आयुक्त रविशंकर छवि और ग्रेटर नोएडा जोन के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

आपको बता दें कि गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह इस समय एक्टिव मोड में हैं। जब से वह गौतम बुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर बनी हैं, तब से वह लगातार फील्ड में घूम रही हैं। नोएडा पुलिस कमिश्नर देर रात उन्होंने थाना सेक्टर-58 का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय एवं महिला हेल्प डेस्क निरीक्षण किया। इस मौके पर साफसफाई, डाटा फीडिंग व पत्रावलियों के रख रखाव को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी को सभी शिकायतों का निस्तारण करने एवं थाने पर आने वाले सभी लोगों से सौम्य व्यवहार करने के निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को प्राप्त सभी शिकायतें रजिस्टर में अंकित करते हुए संबंधित को अवगत कराकर उनके अविलंब निदान हेतु निर्देशित किया गया।

इस मौके पर थाना-58 क्षेत्र चौकी, लेबर चौक, खोड़ा बॉर्डर व आसपास के क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग करते हुए यातायात व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस उपायुक्त कार्यालय में अपनी शिकायत लेकर आये फरियादियों से वार्ता कर उनकी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जा रहा हैं व अधीनस्थों को भी शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

### लड़की का अपहरण, पड़ोसी गांव के युवकों पर शक

**नोएडा।** जेवर खादर गांव से लड़की का अपहरण कर लिया गया। गांव के लोगों को पड़ोसी गांव के युवकों पर शक है। उनका कहना है कि ऐसे सबूत हैं, जो पुलिस को दिए हैं। शनिवार की सुबह गांव के लोग बड़ी संख्या में जेवर कोतवाली पहुंचे। एसएचओ ने उन्हें पूरी जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण वापस लौट गए हैं। पुलिस कमिश्नरेट का कहना है कि जेवर खादर के ग्रामवासी थाने पर बात करने आये थे। प्रभारी निरीक्षक से वार्ता के बाद सभी शांतिपूर्वक वापस गाव चले गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की एक लड़की अगवा करने का मामला है। पास के गांव से लड़के इस वारदात में शामिल होने के साक्ष्य मिले हैं। अभी तक लड़की का कोई सुराग नहीं मिला है।

### एनटीपीसी दादरी का बिजली सचिव ने किया दौरा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में विद्युत मंत्रालय के सचिव आलोक कुमार ने शनिवार को एनटीपीसी दादरी का दौरा किया। एनटीपीसी दादरी में आलोक कुमार का रमेश बाबू वी, निदेशक प्रचालन ने स्वागत किया। इस दौरानल सीजीएम गंपा ब्रह्मा जी राव उपस्थित रहे। आलोक कुमार ने स्टेज-2 फलाई एश, एफजीडी, डीएसआई ड्राई सारवेंट इंजेक्शन सिस्टम, साईलो एरिया का दौरा किया। रमेश बाबू वी ने सचिव को बिजली उत्पादन की विशेषताओं और प्रक्रिया एवं दादरी पावर स्टेशन की नई पहलों से अवगत कराया। आलोक कुमार ने बिजली उत्पादन में दादरी पावर प्लांट की गतिविधियों और विभिन्न पर्यावरण पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जीके मोहंती, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, जीयूवीएम राव, महाप्रबंधक अनुरक्षण, वी शिवा प्रसाद, महाप्रबंधक मानव संसाधन और अन्य विभागों के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### गौतम बुद्ध नगर में नारी चौपाल का आयोजन

**नोएडा।** महिला उन्नति संस्था के द्वारा महिलाओं के विरुद्ध लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम को लेकर 11 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 दिसंबर को शुरू हुआ था जो कि 25 दिसंबर तक आयोजित होगा। इसी को लेकर आज जमशेदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में नारी चौपाल लगाकर छात्राओं और महिलाओं को जागरूक किया गया। छात्राओं को सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराते हुए स्कूल प्रधानाचार्य ललिता ने कहा कि आपके साथ यदि कोई किसी तरह की छेड़खानी करता है तो चुप ना रहें, बगैर डरे अपने शिक्षकों. अभिभावकों को अवश्य बतायें। कार्यालय प्रभारी डॉ रवि ने बताया कि संगठन द्वारा लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम को लेकर प्रादेशिक स्तर पर 11 दिवसीय महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

### गलत दिशा में चल रही कार की मिनी बस से भिड़ंत

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर स्थित विजयनगर सेक्टर-नौ के पास तेज रफ्तार से विपरीत दिशा में आ रही कार मेरठ की ओर जा रही मिनी बस से भिड़ गई। इस हादसे में कार चालक मौत हो गई, जबकि मिनी बस में सवार आठ लोगों को भी गंभीर चोटें आई हैं। इन्हें अलग.अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एसएचओ विजयनगर अनीता चौहान ने बताया कि करीब दो बजे हादसे की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर घायलों को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने पोलो कार चला रहे दिवाकर चटजीको मृत घोषित कर दिया।

# सहायक आयुक्तों के कार्यालय में बनेगा न्यायालय

- कमिश्नर सिस्टम लागू होने से पहले धारा-144 और 107,16 के मामलों में सिटी मजिस्ट्रेट या उपजिलाधिकारी सुनवाई करते थे




पायनियर समचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर में स्थित सभी एसीपी कार्यालय में अदालत बनाई जाएगी। इस अदालत में सुनवाई करने के लिए दूसरे जोन के एसीपी आएंगे।

यह व्यवस्था सोमवार से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में लागू होगी। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि धारा 151 और 107,16 की सुनवाई के लिए जिले में सभी एसीपी कार्यालय में अदालत बनाई जाएगी। अभी तक यह व्यवस्था जोन स्तर पर थी, जिसको अब बढ़ाया जा रहा है। सोमवार से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।

बीते 13 जनवरी 2020 को जनपद में कमिश्नरेट सिस्टम लागू हुआ था। जिसके बाद पुलिस को मजिस्ट्रेट की पावर मिल गई थी।

कमिश्नर सिस्टम लागू होने से पहले धारा-144 और 107,16 के मामलों में सिटी मजिस्ट्रेट या उपजिलाधिकारी सुनवाई करते थे। जिसको अब पुलिस करती हैं। अभी तक जिले में 3 स्थानों पर इन मामले में सुनवाई होती है, लेकिन अब जिले के 10 स्थानों पर सुनवाई होगी।

पूरे जनपद में 10 एसीपी कार्यालय हैं, जहां पर धारा 151 और 107,16 की सुनवाई होगी। यह नियम सोमवार से लागू होगा। पुलिस आयक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि जनपद में पुलिस उपायुक्त और अपर पुलिस उपायुक्त का भी न्यायालय बनाया जाएगा।

# कुत्ते को कार से कुचलकर मार डाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में कार से पालतू कुत्ते को कुचलने का मामला सामने आया है। 2 पालतू कुत्ते सोसाइटी के अंदर खेल रहे थे और इस दौरान कार ने एक को कुचल डाला। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। सोशल मीडिया पर ये वीडियो टीला मोड़ इलाके भारत सिटी की बताई गई है।

एनिमल पर काम करने वाली संस्था बीन्ग ह्यूमन के ट्विटर हैंडल से इस वीडियो को शेयर किया गया है। 8 सेकेंड की इस वीडियो में सोसाइटी के अंदर 2 पालतू कुत्ते सड़क पर खेल रहे थे। इस दौरान 1 स्विफ्ट कार मुड़ी और उसने एक छोटे पालतू कुत्ते को कुचल दिया।

ट्वीट के अनुसार, यहां रहने वाले कुछ लोग पिछले कुछ दिनों से विभिन्न तरीकों से कुत्तों को चोट पहुंचाने की योजना बना रहे थे, जिसका नतीजा ये हादसा है। वीडियो कब की है, अभी इस बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है। फि लहाल इस वीडियो के सामने आने के बाद डॉग लवर्स अब आरोपी कार चालक पर कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एयरफोर्स जवान के बेटे से लूटपाट करने वाला धरा

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 पुलिस ने एयरफोर्स में कार्यरत जवान के बेटे के साथ मारपीट कर लूट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी नाबालिग है। आरोपियों का तीसरा साथी अभी फरार है। उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

11 दिसंबर को सेक्टर.92 में रहने वाले आदर्श तंवर ने पुलिस को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया था कि वह महामाया फ्लाई ओवर के पास से गुजर रहे थे। उसी समय दो युवक आए और उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने सिर पर ईंट से हमला करके उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

# भाजपाइयों ने फूंका बिलावल भुट्टो का पुतला

- कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय के पास किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद

नोएडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान की विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने डीएम चौक पर बिलावल भुट्टो मुर्दाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा। इस मौके पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर, कैप्टन विकास गुप्ता सहित महिला मंडल भी मौजूद रही।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने बिलावल भुट्टों का पुलता फूंका औश्र जमकर लाठियां चलाकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान बिल्कुल भी सहा नहीं जाएगा।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने जिस तरह पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर बयान दिया है, वो काफी निराशाजनक है। इससे पाकिस्तान की ही छवि खराब हुई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपात्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध में भाजपा नेताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका।

भाजपा नेता व कार्यकर्ता बडी संख्या में जिला मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहले जिला मुख्यालय के बाहरी गेट के पास विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान व बिलावल भुट्टो के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



नोएडा में बिलावल भुट्टो का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

# एनजीटी आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं डेढ़ लाख वाहन

- गौतम बुद्ध जिला के अपर जिलाधिकारी ने दिए कार्रवाई तेज करने का निर्देश

पायनियर समचार सेवा। नोएडा




गौतम बुद्ध जिला के अपर जिलाधिकारी (एडीएम), प्रशासन नितिन मदान ने सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय (एआरटीओ) विभाग के अधिकारियों को पुराने वाहनों के खिलाफ धीमी कार्रवाइ को लेकर जमकर फटकार लगाई।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मदान ने कहा कि जिले में पुराने वाहनों पर कार्वाई की गति काफी धीमी है और अब तक सिर्फ 10 हजार पुराने वाहनों को सड़क से हटाया गया है, जबकि जिले में पुराने वाहनों की संख्या 1.54 लाख है, जिन्हें हटाया जाना है। 1.44 लाख वाहन अब भी सड़कों पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के नियमों का उल्लंघन करके दौड़ रहे हैं। कलेक्ट्रेट के सभागार में शुक्रवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी ने एआरटीओ विभाग के अधिकारियों को कार्वाई में तेजी लाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर कार्वाई की समीक्षा की गई और अब तक केवल 10 हजार वाहनों को हटाने की कार्वाई की गई है, जबकि जिले में 1.4 4 लाख पुराने वाहन अब भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

एडीएम ने बताया कि आरटीओ विभाग को पंजीकरण रद्द का तत्काल कार्वाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, दुर्घटना के ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में विद्यालय वाहन सुरक्षा समिति का गठन जरूरी है।

# नोएडा डिपो को मिलेंगी 50 नई बसें, पुरानी कबाड़ा घोषित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा डिपो को 50 नई बसें जल्द ही मिलने वाली है। डिपो में बसों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। जानकारी के मुताबिक, जनवरी 2023 तक सभी नई 50 बसें सड़कों पर दौड़ने लगेगी। साथ ही उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की ओर से नोएडा डिपो को और हाईटेक करने की तैयारी चल रही है।

बता दें पंद्रह साल की अवधि पूरी कर चुकी नोएडा डिपो की 50 बसों को कबाड़ घोषित करने के बाद नई बसें डिपो को मिल रही हैं। यूपी रोडवेज के एमडी संजय कुमार के निर्देश पर प्रदेश के सभी डिपो में जो बसें मानक के अनुरूप 15 साल की आयु सीमा पूर्ण कर चुकी हैंए उन बसों को समस्त क्षेत्रों से मंगा कर स्क्रैप करने का काम किया जा रहा है। नोएडा डिपो के एआरएम एनपी सिंह ने बताया कि नोएडा डिपो में 194 बसें थी, उसमें से 50 बसें स्क्रैप घोषित करके उनका संचालन बंद कर दिया गया है।

एमडी के निर्देश पर नोएडा डिपो में कैंटीन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही कैंटीन यात्रियों के लिए खोल दी जाएगी। बता दें नोएडा डिपो से करते हैं। यह डिपो अलग-अलग राज्यों में बस सेवाएं उपलब्ध करवाता है। सफर के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की ओर से मोरना डिपो को नई बसें उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# निगम के कामकाज में आएगी तेजी कई अफसरों की नियुक्ति को मंजूरी



● उपराज्यपाल ने दी हरी झंडी, प्रशासनिक, राजस्व सृजन, कर संग्रहण जैसे विभागों में भरे जाएंगे पद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के कामकाज में तेजी लाने और सुचारू रूप से चलाने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कई अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। एलजी ने निगम को प्रशासनिक, राजस्व सृजन, कर संग्रहण जैसे कार्यों के बेहतर निर्वहन में सहूलियत के लिए सीएसएस, आईआरएस, एनडीएमसी, कैग, सीजीएसटी एवं सीई और आयकर विभाग समेत कई विभागों में नियुक्ति की मंजूरी दी है।

अधिकारियों ने शनिवार को यह जनकारी दी। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां खुले विज्ञापनों के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के जरिए चयन के बाद की गई हैं।

चयन समिति द्वारा पूर्व निर्धारित मानदंड और साक्षात्कार के लिए प्रदान किए गए वेटेज के आधार पर अंतिम सूची तैयार की गई।

राज निवास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उपराज्यपाल ने एमसीडी में तीन अतिरिक्त उपायुक्तों, संयुक्त कर निर्धारक और समाहर्ता, तथा 19 प्रशासनिक अधिकारियों, सहायक कर निर्धारक और समाहर्ता की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल का पदभार संभालने के बाद से सक्सेना एमसीडी में कार्यकुशलता की वकालत करते रहे हैं और उन्होंने अधिकारियों को खाली पदों को जल्द से जल्द भरने का निर्देश दिया था।

अधिकारी ने कहा कि सीएसएस, आईआरएस, एनडीएमसी, कैग, सीजीएसटी एवं सीई और आयकर विभाग समेत सरकारी सेवाओं और विभागों से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त ये अधिकारी कर्मचारियों की कमी वाले निगम को उसके प्रशासनिक, राजस्व सृजन, कर संग्रहण जैसे कार्यों के बेहतर निर्वहन में काफी हद तक मदद करेंगे। अधिकारी ने कहा कि सीएसएस, आईआरएस, एनडीएमसी, कैग, सीजीएसटी एवं सीई और आयकर विभाग समेत सरकारी सेवाओं और विभागों से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त ए अधिकारी कर्मचारियों की कमी वाले निगम को उसके प्रशासनिक, राजस्व सृजन, कर संग्रहण जैसे कार्यों के बेहतर निर्वहन में काफी हद तक मदद करेंगे।

निगम चुनाव के बाद 250 सदस्यीय दिल्ली नगर निगम की पहली बैठक छह जनवरी को होगी।

आम आदमी पार्टी ने हाल में संपन्न एमसीडी चुनावों में 134 वार्ड में जीत हासिल कर भारतीय जनता पार्टी के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया। भाजपा ने 104 वार्ड में जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस केवल नौ वार्ड ही जीत सकी।

## आप के पार्षद हर गली में कराएं सफाई : केजरीवाल



विनोद नगर वार्ड

फतेहनगर वार्ड

● सीएम ने अपनी पार्टी के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी को साफ करने को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नवनिर्वाचित पार्षदों से कहा कि वे अपने वार्ड की हर कॉलोनी में जाएं और अपनी मौजूदगी में सफाई कराएं। हाल में संपन्न दिल्ली नगर निगम चुनाव (एमसीडी) में आप ने 134 वार्डों में जीत हासिल की और भाजपा के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया। भाजपा ने 104 वार्ड जीते, जबकि कांग्रेस केवल नौ वार्ड ही जीत सकी।केजरीवाल ने हिंदी में ट्वीट किया, हम सभी को मिलकर दिल्ली को साफ करना है। मैं सभी पार्षदों से अपील करता हूं – वे अपने वार्ड की हर गली, कॉलोनी में जाएं और अपनी उपस्थिति में इसे साफ कराएं। नवनिर्वाचित एमसीडी की पहली बैठक अगले साल छह जनवरी को होगी।

## जमानत के लिए याचिका, आफताब बोला उसे पता नहीं

**नई दिल्ली।** लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की गला घोंटकर हत्या करने और उसके शव के टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने शनिवार को दिल्ली की अदालत को सूचित किया कि उसने वकालतनामा पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन उसे जानकारी नहीं थी कि उसकी ओर से जमानत याचिका दायर की जाएगी। आफताब अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वृंदा कुमारी की अदालत के समक्ष वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुआ था।

न्यायाधीश द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या वह जमानत याचिका वापस लेना चाहता है, पूनावाला ने कहा, मैं चाहता हूं कि वकील मुझसे बात करें और फिर उसने जमानत याचिका वापस ले ली। न्यायाधीश ने कहा कि जमानत याचिका लंबित रहेगी और जब आरोपी वकील से मिल लेगा, तभी यह फैसला होगा कि जमानत याचिका पेश की जाएगी या नहीं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 दिसंबर की तारीख तय की है।



राजधानी के ओखला में आयोजित मेले में पालतु जानवरों के साथ पहुंचे पशु प्रेमी।

# पिटाई के बाद बच्ची खाने और बोलने में असमर्थ

● एमसीडी स्कूल में शिक्षिका के धकेलने से घायल बच्ची के पिता ने बयां किया दर्द

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक स्कूल की शिक्षिका की पिटाई से घायल हुई कक्षा पांच की छात्रा के पिता का कहना है कि उनकी बेटी चेहरे की हड्डी टूटने के कारण खाने या बोलने में असमर्थ है। लड़की अभी भी सफदरजंग अस्पताल में भर्ती है। उसके पिता के मुताबिक बच्ची के पैर और सिर के एक हिस्से में भी चोटें आई हैं।

उन्होंने कहा, वह कुछ भी खाने-पीने में असमर्थ है। डॉक्टर ने पहले हमें बताया था कि उसे आज छुट्टी दे दी जाएगी। लेकिन उन्होंने हमें सूचित किया कि उसे दो और दिनों तक निगरानी में रखा जाएगा। उन्होंने शिक्षिका के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग करते हुए कहा है कि कोई एक बच्चे के साथ ऐसा व्यवहार कैसे कर सकता है। लड़की के पिता एक दिहाड़ी मजदूर हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें स्कूल से एक कॉल की गई और बेटी की चोटों के बारे में बताया गया था। उन्होंने कहा कि जब हमें इस घटना के बारे में स्कूल से सूचना मिली तब मैं काम पर था। हम तुरंत स्कूल पहुंचे जहां हमें बताया गया कि उसे हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मैं वहां गया। पिता ने कहा कि जब बेटी ने उसे देखा तो वह रो पड़ी और उसकी पत्नी बेहोश हो गई। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि शिक्षिका को हटाया जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। वह किसी भी बच्चे को नुकसान पहुंचा सकती थी। हम अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजते हैं। वह अन्य छात्रों के साथ भी ऐसा ही कर सकती है। पुलिस के अनुसार, शिक्षिका ने छात्रों के साथ खुद को एक कक्षा के अंदर बंद कर लिया और छात्रा को पकड़ लेने तक हिंसक तरीके से उस पर पानी की बोतलें फेंकीं।

इसके बाद उसने छात्रा के बाल काटे और उसे बालकनी से फेंक दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, लगभग 11 साल की बच्ची के चेहरे की हड्डी टूट गई है। पुलिस ने कहा कि घटना दिल्ली नगर निगम बालिका विद्यालय में पूर्वाह्न लगभग 11 बजे हुई थी। कक्षा में विद्यार्थियों के बस्ते और किताबें बिखरी हुई थीं, क्योंकि शिक्षिका ने उनमें से कुछ विद्यार्थियों को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी, जिसके कारण वे डरकर कक्षा से भाग गए थे। पुलिस ने कहा कि आरोपी शिक्षिका गीता रानी देशवाल (26) को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना के पीछे की मंशा अभी स्पष्ट नहीं है।

## जी-20 सम्मेलन: सड़कों से भिखारियों को हटाने की योजना



● शहरी आश्रय सुधार बोर्ड और दिल्ली पुलिस ने की बैठक

● अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी में जुटा प्रशासन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड ने कश्मीरी गेट बस अड्डे के पास स्थित हनुमान मंदिर क्षेत्र से भिखारियों को हटाकर रैन बसेरों में स्थानांतरित करने की योजना तैयार करने के लिए शनिवार को एक बैठक की।

दिल्ली सरकार ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर कश्मीरी गेट बस अड्डे के निकट हनुमान मंदिर इलाके से भिखारियों को हटाकर डीयूएसआईबी के रैन बसेरों में भेजने का आदेश दिया था।

भिखारियों को स्थानांतरित करने संबंधी अभियान पर चर्चा करने के लिए हुई बैठक में समाज कल्याण विभाग के साथ-साथ दिल्ली पुलिस भी शामिल हुई। डीयूएसआईबी के सदस्य बिपिन राय ने कहा कि सरकारी आश्रय गृहों में दी जाने वाली सुविधाएं भिखारियों को स्थानांतरित होने के बाद भी प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, हम भिखारियों का पता लगाएंगे और यह समझने के लिए सर्वेक्षण करेंगे कि उनमें से कितने कश्मीरी गेट आईएसबीटी के पास रहते हैं। हम भिखारियों के परिवार के सदस्यों की संख्या का भी पता लगाएंगे और उसी के अनुसार योजना पर आगे बढ़ेंगे। डीयूएसआईबी के मुख्य अभियंता के तहत चार सदस्ईय समिति का गठन किया गया है, जो संबंधित सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय करके इन भिखारियों को द्वारका व अन्य स्थानों पर स्थित रैन बसेरों में स्थानांतरित करने के लिए मंगलवार तक एक कार्य योजना तैयार करेगी। भारत ने एक दिसंबर को जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी।

भारत की मेजबानी में जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल है। इसके सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## आत्मदाह की कोशिश, बचाने में परिवार के पांच जले

● पारिवारिक झगड़े के बाद शुक्रवार रात लगा ली थी आग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली में एक शख्स ने अपने ऊपर कथित रूप से केरोसिन डालकर आत्मदाह की कोशिश की।

घटना में एक बच्चे और एक नवजात समेत उसके परिवार के पांच लोग भी झुलस गए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि 35 वर्षीय अभिनय गुप्ता ने फतेहपुर बेरी इलाके में शुक्रवार रात झगड़े के बाद अपने घर के एक कमरे में खुद को आग लगा ली। उनके मुताबिक, घटना में उसकी पत्नी नेहा गुप्ता (35) और मां प्रशीला गुप्ता आग बुझाने की कोशिश में झुलस गईं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दंपति का छह वर्षीय बेटा रिहान और आठ महीने का पुत्र शिवान भी मामूली रूप से जल गए हैं। वे सभी एक ही कमरे में थे। उन्होंने बताया कि अभिनय गुप्ता और उसकी मां को एम्स भर्ती कराया गया है और वे क्रमशः पांच फीसदी और 20 फीसदी जल गए हैं। नेहा और उसके बच्चों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे मामूली रूप से जले हैं। अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा की टीम ने मौका-ए-वारदात का मुआयना किया है और मामले की जांच की जा रही है।

## अस्पताल में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के जीके-1 स्थित एक अस्पताल में शनिवार सुबह आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हालांकि, इस घटना में किसी के घायल या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह नौ बजकर सात मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि आग अस्पताल के कार्यालय और भूमिगत तल में लगी और इस पर सुबह 9.50 बजे तक काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## पारा सीजन में सबसे कम 6 डिग्री तक लुढ़का

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता शनिवार को खराब श्रेणी में दर्ज की गई, वहीं न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे कम तापमान है।

मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान मौसम के औसत से दो डिग्री अधिक 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 304 दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने धुंध एवं कोहरे के बाद रविवार को मुख्य रूप से आसमान साफ रहने का अनुमान जताया। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 25 डिग्री और छह डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## 'कोर्ट में भी न्याय नहीं मिलेगा, तो कहां जाएंगे'

● मालीवाल ने बिल्कीस बानो की पुनरीक्षण याचिका खारिज होने के बाद किया सवाल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने बिल्कीस बानो की पुनरीक्षण याचिका उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज कर दिए जाने के बाद शनिवार को सवाल किया कि यदि लोगों को शीर्ष अदालत से भी न्याय नहीं मिलेगा, तो वे कहां जाएंगे।

बानो 2002 में गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक बलात्कार की शिकार हुई थीं और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। न्यायालय ने बानो की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें सामूहिक बलात्कार मामले के 11 दोषियों की सजा माफ करने की अर्जी पर गुजरात सरकार से विचार करने के लिए कहने संबंधी शीर्ष अदालत के आदेश की समीक्षा का अनुरोध किया गया था। मालीवाल ने ट्वीट किया, उच्चतम न्यायालय ने बिल्कीस बानो की याचिका खारिज कर दी। बिल्कीस बानो के साथ 21 साल की उम्र में सामूहिक बलात्कार किया गया था, उनके तीन साल के बेटे और परिवार के छह अन्य लोगों का कत्ल कर दिया गया था, पर गुजरात सरकार ने सभी बलात्कारियों को आजाद कर दिया। अगर उच्चतम न्यायालय से भी न्याय नहीं मिलेगा, तो लोग कहां जाएंगे।

बानो की वकील शोभा गुप्ता को भेजे गए संदेश में कहा गया है, मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि उच्चतम न्यायालय में दायर उक्त पुनरीक्षण याचिका 13 दिसंबर 2022 को खारिज कर दी गई है। बानो ने एक दोषी की याचिका पर शीर्ष अदालत द्वारा 13 मई को सुनाए गए आदेश की समीक्षा किए जाने का अनुरोध किया था।

## संक्षिप्त समाचार



के.आर. मंगलम विवि के पांचवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने छात्रों को डिग्री प्रदान की।

### टाटा पावर डिस्ट्रीब्यूशन की लोक अदालत आज

**नई दिल्ली।** बिजली सप्लाई करने वाली पावर यूटिलिटी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी (डीएसएलएसए) के सहयोग से आज एक स्पेशल लोक अदालत लगाई जाएगी। इस लोक अदालत में ऐसे मामलों पर विचार किया जाएगा जो किसी भी अदालत में पेंडिंग हैं या जिन्हें अभी तक किसी अदालत में दाखिल नहीं किया गया है। बिजली चोरी के मामलों के निपटारे के इच्छुक ग्राहक व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के ज़रिए (अथॉरिटी लैटर के साथ) लोक अदालत में भाग ले सकते हैं। बिजली चोरी के मामलों का निपटारा करने के इच्छुक उपभोक्ता इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित मामलों का तत्काल और संतोषजनक तरीके से निपटारा करवा सकते हैं। ग्राहकों के स्तर पर डिफॉल्ट होने की स्थिति में, कंपनी विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के अनुरूप आवश ?यक आपराधिक कार्यवाही कर सकती है।

### अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर छात्रों के साथ की बातचीत

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय के छात्रों के बीच बातचीत का आयोजन किया।विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि आज नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय के छात्रों के साथ एक दिलचस्प बातचीत। वैश्वीकृत और आपस में जुड़ी दुनिया में विदेश नीति की अधिक प्रासंगिकता पर चर्चा की।भाजपा के विदेश मामलों के विभाग के प्रमुख विजय चौथाईवाले ने विभिन्न प्रासंगिक मुद्दों पर समाज के विभिन्न वर्गों तक पार्टी की पहुंच के हिस्से के रूप में इस चर्चा का आयोजन किया।

### कुतुब मीनार विवाद में पुनर्विचार आदेश स्थगित

**नई दिल्ली।** एक अदालत ने कुतुब मीनार परिसर के अंदर एक कथित मंदिर परिसर में हिंदू और जैन देवी-देवताओं की मूर्तियों को पुनर्स्थापित करने के अनुरोध संबंधी हस्तक्षेप याचिका को खारिज करने के अपने पहले के निर्देश पर पुनर्विचार करने को लेकर आदेश शनिवार को स्थगित कर दिया। कुतुब मीनार परिसर के अंदर स्थित कथित मंदिर परिसर में हिंदू और जैन देवी-देवताओं की मूर्तियों को पुनर्स्थापित के अनुरोध संबंधी अपील में दायर हस्तक्षेप आवेदन को अदालत ने 20 सितंबर को खारिज कर दिया था। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार ने कहा, 24 दिसंबर को मामला आदेश या स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए सूचीबद्ध रहें। इस बीच अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

### मादक पदार्थों की तस्करी में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में तीन लोगों को उत्तरी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से ट्रामाडॉल की 2,36,080 गोलियां, अल्प्राजोलम की 2,23,800 गोलियां और कोडीन की 150 बोतलें बरामद की। पुलिस ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान बुराड़ी निवासी ऋषि कुमार सिंह (29), उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी कुलदीप कुमार (26) और तिमारपुर निवासी अनुराग कुमार सिन्हा (48) के तौर पर हुई है। पुलिस ने कहा कि मंगलवार को सूचना मिली थी कि सिंह वजीराबाद फ्लाईओवर के पास कुमार को मादक पदार्थ की बड़ी खेप देगा। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) राजीव रंजन सिंह ने कहा कि उन्हें घेर लिया गया और पकड़ लिया गया।

# जिला अदालतों की सुरक्षा हुई पुख्ता, 997 कर्मी और तैनात

● दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट को दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया गया है कि राष्ट्रीय राजधानी की सात जिला अदालतों में सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करने के लिए स्थानीय पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) समेत 997 सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

दिल्ली पुलिस ने उच्च न्यायालय के समक्ष दायर स्थिति रिपोर्ट में बताया है कि 2,700 सीसीटीवी, सामान की जांच करने वाले 85 स्कैनर, हाथ में पकड़े जाने वाले 242 मेटल डिटेक्टर और दरवाजों पर लगाए जाने वाले 146 मेटल डिटेक्टर जिला अदालतों में लगाए गए हैं। यह रिपोर्ट उच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान वाले एक मामले और अदालत परिसरों में सुरक्षा को लकर दायर एक याचिका के संबंध में दाखिल की गई है। अदालत ने रोहिणी जिला अदालत के एक कक्ष में 24 सितंबर को गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत होने के बाद इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय विधिज्ञ परिषद एवं सभी जिला विधिज्ञ संघों के अध्यक्षों समेत सभी पक्षकारों को स्थिति रिपोर्ट की एक प्रति सौंपने का 13 दिसंबर को आदेश दिया था, ताकि वे सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किसी अन्य कदम के संबंध में अपनी टिप्पणियां दे सकें। दिल्ली पुलिस ने अपनी ताजा स्थिति रिपोर्ट में अदालत को सूचित किया कि 26 अक्टूबर, 2021 को तैनात 783 सुरक्षाकर्मियों के मुकाबले 30 नवंबर में कुल 997 सुरक्षाकर्मी जिला अदालतों में तैनात थे। इस आंकड़े में 493 सुरक्षा कर्मी, सीएपीएफ के 243 कर्मी और 261 पुलिस कर्मी शामिल हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उच्च न्यायालय में कुल 313 सुरक्षाकर्मी भी मौजूद हैं। इसके अलावा दरवाजों में लगने वाले और हाथ में पकड़े जाने वाले कई मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

इसमें बताया गया है कि अदालत परिसरों में प्रवेश करने के वाले हर व्यक्ति की तलाशी ली जाती है। इसके अलावा वकीलों को स्मार्ट पहचान पत्र जारी किए जाते हैं।

## एम्स में दुर्लभ बीमारी से पीड़ित शिशु की हुई सफल सर्जरी

**नई दिल्ली।** एम्स के डॉक्टरों ने दुर्लभ जन्मजात बीमारी से पीड़ित तीन महीने के बांग्लादेशी शिशु की सफल सर्जरी की। डॉक्टरों ने उसके मस्तिष्क के एक उभरे हुए हिस्से को हटाकर सिर को सही आकार प्रदान किया।

शिशु जायंट ओसीसीपिटल एन्सेफेलोसेले से पीड़ित था, जो एक दुर्लभ जन्मजात स्थिति होती है। इसमें मस्तिष्क किसी थैली की तरह फैल जाता है। एम्स में न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि अगर इसका इलाज नहीं किया जाता तो यह फट सकती है, जिससे मेनिनजाइटिस नामक संक्रमण हो सकता है और मौत हो सकती है। तीन घंटे की लंबी सर्जरी के दौरान, डॉक्टरों ने थैली को हटा दिया और खोपड़ी के आकार को ठीक कर दिया।

# जर्मन रिसर्च : ठंड में तापमान घटने से बढ़ जाता है हार्ट अटैक का खतरा

## चिकित्सकों ने ऐसे मौसम में लोगों को किया है आगाह

## डायबिटीज, हाइपरटेंशन और ह्रदय रोगों के मरीज ना करें सुबह की सैर

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**जर्मनी** से यह चौंकाने वाली रिपोर्ट आई है कि जब तापमान 24 घंटे में 2.9 डिग्री तक कम होता है तो यह इंसानों में हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ाता है। यह खतरा 11 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। अत्यधिक ठंड में ब्लड प्रेशर बढ़ने से मस्तिष्क को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। ऐसे में आर्ट अटैक होने, खून के थक्के बनने का खतरा पैदा हो जाता है। भारत में 15 लाख से ज्यादा लोग भारत में स्ट्रोक के लक्षणों से पीड़ित हैं। अस्पतालों में इन दिनों कार्डिएक अरेस्ट और ब्लड प्रेशर से सम्बंधित कई समस्याओं से पीड़ित लोगों के केस अब ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। ज्यादातर हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित मरीजों में खून के गाढ़ेपन और हार्ट अटैक के लक्षणों की शिकायत मिली है। जब मौसम के कारण ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव होता है तो काफी लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसा इसलिए कि शरीर को इस दौरान गर्मी चाहिए होती है, लेकिन वातावरण ठंडा रहता है। यही कारण है कि ठण्ड में इस तरह के केस ज्यादा देखने को मिलते हैं। एक्सपर्ट डायबिटीज, हाइपरटेंशन और ह्रदय मरीजों को सर्दियों की सुबह में सैर न करने की सलाह देते हैं। सर्दियों की सुबह में ठंडी हवा चलती है, जिस वजह से जोड़ों में दर्द की समस्या होती है। बुजुर्ग लोगों के मांसपेशियों में दर्द होने लगता है। सर्दियों को कार्डिएक अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के लिए भी खतरनाक माना जाता है। एक रिसर्च के मुताबिक 15 लाख से ज्यादा लोग भारत में स्ट्रोक के लक्षणों से पीड़ित हैं। इनमें से एक तिहाई लोगों में स्ट्रोक से सम्बंधित बीमारियां हो जाती है।



**ठंड में तेजी से धड़कता दिल बढ़ाता है समस्या** : कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मनजिंदर संधू के मुताबिक सर्दियों की सुबह हृदय संबंधी बीमारियों के ख़तरे को बढ़ा देती है। ब्लड प्रेशर भी इस दौरान ऊपर-नीचे होता रहता है। ठंड के मौसम में दबाव बढ़ जाता है, जिससे हमारा दिल तेजी से धड़कने लगता है। जब धड़कन तेज होती है तो दिल को खून पंप करने के लिए और भी ज्यादा मात्रा में खून की जरुरत होती है। यह जरुरत कमजोर दिल वालों के भारी पड़ती है। मौसम का तो हम कुछ नहीं कर सकते हैं, लेकिन हम इस दौरान सावधानी बरतकर इस परेशानी से काफी हद तक कम कर सकते हैं।

### इस तरह से बरत सकते हैं सावधानियां

- नियमित रूप से अपना ब्लड प्रेशर जांचते रहें।
- अगर हार्ट की बीमारी से सम्बंधित कोई भी लक्षण महसूस होता है तो तुरंत अस्पताल पहुंचे।
- गर्म रहें और बहुत ज्यादा ठंडा रहने पर घर से बाहर न निकलें। सुबह के समय बिल्कुल भी बाहर न निकलें।
- घर के अंदर ही कुछ शारीरिक गतिविधियां करते रहें।
- स्वस्थ डाइट खाएं, ताकि आपका ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहे।
- धूम्रपान न करें और शराब न पिएं।

# समाज के प्रति त्याग का भावना जरूरी : बंडारू दत्तात्रेय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में एक निजी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में डिग्री वितरित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जीवन में सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए 3डी यानी डिसिप्लिन, डेडीकेशन व डिवोशन के सिद्धांत पर चलना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थी जीवन में पूर्ण अनुशासन, समर्पण व लगन से ही जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने का रास्ता खुलता है। वे शनिवार को यहां केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के पंचम दीक्षांत समारोह में रहे थे।

इस समारोह में उन्होंने विश्वविद्यालय के 632 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर डिग्रियां तथा मेडल व अवार्ड प्रदान किए। समारोह में डिग्रियां तथा अवार्ड प्राप्त करने वालों में लड़कियों की संख्या ज्यादा होने पर राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज के लिए अच्छे संकेत हैं। लड़कियां जितना आगे बढ़ेंगी उतना ही हमारा समाज भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में कुछ कर गुजरने का जुनून है तो कोई लक्ष्य कितना भी कठिन क्यों न हो, आप इन सिद्धान्तों का अनुसरण करते हुए उसे प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ-साथ लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों के समय आपको मन में समाज के प्रति त्याग का भाव भी रखना होगा।

**मैं आज भी एक विद्यार्थी हूं...** :युवाओं से सीधा संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि व्यक्ति जीवन के अंत तक विद्यार्थी रहता है, इसलिए जीवन में सीखने का भाव कभी ना छोड़े। अगर आप इस सोच और विश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि मैं आज भी एक विद्यार्थी हूं और प्रत्येक दिन कुछ नया सीखने की चाहत रखता हूं। उन्होंने

## सफलता के लिए 3डी यानी डिसिप्लिन, डेडीकेशन व डिवोशन के सिद्धांत पर चलेंगे

कहा कि शिक्षण संस्थानों को विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए तीन प्रमुख बिंदु नामत: टेक्नोलॉजी, इनोवेशन व रिसर्च पर विशेष ध्यान देना होगा। आज टेक्नोलॉजी व इंटरनेट का युग है, जिसके आधार पर वैश्विक स्तर पर बड़े परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ इंटरनेट से जुड़ कर आप विश्व में शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध, अनुसन्धान व नए अध्ययनों की जानकारी प्राप्त कर अपने आप को अपडेट रख सकते हैं।

**वर्ष 2030 तक तीन करोड़ लोगों को रोजगार** : उन्होंने कहा कि एक अनुमान के तहत वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक नई तकनीक के क्षेत्र में करीब तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है।

# भाजपा किसान और जवानों के खिलाफ: सुखबीर तंवर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आम** आदमी पार्टी के प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी किसान और जवान के खिलाफ है। कासन और अन्य गांवों की 1810 एकड़ भूमि का मात्र 55 लाख रुपया प्रति एकड़ में अधिग्रहण करना, जबकि बाजार भाव 20 करोड़ प्रति एकड़ से भी अधिक है। अहीर रेजिमेंट गठन के लिए 4 फरवरी से निरंतर धरने, प्रदर्शन और पदयात्रा के बावजूद सरकार कोई संज्ञान नहीं ले रही।

सुखबीर तंवर ने कहा कि दोनों विषय भारतीय जनता पार्टी के आचरण और व्यवहार का ज्वलंत एवं प्रत्यक्ष उदाहरण है। अधिग्रहण के विरुद्ध मानेसर में चल रहे धरने पर अहीर रेजिमेंट गठन पदयात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि पदयात्रा अहीर रेजिमेंट की मांग को नई दिशा प्रदान करेगी और 1810 एकड़ भूमि अधिग्रहण के विरोध को नवीन आयाम देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार को अविलंब किसानों की मांग स्वीकार करते हुए 1810 एकड़ जमीन को अधिग्रहण से मुक्त करना चाहिए।



अहीर रेजिमेंट की यात्रा में बोलते आप प्रवक्ता सुखबीर तंवर।

अहीर रेजिमेंट गठन की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते समस्त राष्ट्र के अहीर समाज की शौर्यगाथा को नये सिरे से परिभाषित करना समय की मांग है। इस पर किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष रोहताश यादव, अरुण यादव, मोनू यादव, होशियार चेयरमैन, अभय चेयरमैन, श्योचंद सरपंच, सतदेव सरपंच, सूबे बोहरा, नंबरदार महेंद्र यादव, सरपंच रमेश यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत की मजबूत होती साख से बौखलाया पाकिस्तान



नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करके अपनी ओछी, तुच्छ सोच को प्रदर्शित किया है। इससे साफ है कि भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होती साख से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान को चाहिए कि वह अपने देश की हालत सुधारे। भारत पर टिप्पणी करके खीझ ना उतारे। नवीन गोयल ने कहा कि बिलावल भुट्टो की यह हरकत पाकिस्तान का स्तर जाहिर करती है कि वो भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिए किस हद तक जा सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री को यह टिप्पणी करने से पहले 1971 के दिन को याद रखना चाहिए था। श्रीगोयल ने कहा कि पाकिस्तान ओसामा बिन लादेन को शहीद मानते हुए उसका बखान करता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को अपना गुस्सा देश के आतंकवादी संगठनों के खिलाफ इस्तेमाल करना चाहिए, जो पाकिस्तान का हिस्सा बन चुके हैं। उनकी मां बेनजीर भुट्टो की भी हत्या इसी पाकिस्तान में हुई थी। उन्होंने बिलावल भुट्टो को गैर-जिम्मेदार मंत्री बताया। पाकिस्तान को पूरी दूनिया जानती है कि पाकिस्तान आंतकवाद का गढ़ है। पाकिस्तान की धरती आंतकवाद को पैदा करती है। वह दिन पाकिस्तान को नहीं भूलना चाहिए जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत ने वहां घुसकर हमला किया था। सर्जिकल स्ट्राइक जैसे हमलों को वे स्वयं तो भूल सकते हैं, लेकिन पाकिस्तान की सेना और जनता नहीं भूल सकती। उन्होंने कहा कि बिलावल भुट्टो ऐसे देश के विदेश मंत्री हैं, जो भूखमरी के कगार पर है। सभी जानते हैं कि उस देश की हालत क्या होगी, जिसका अमेरिका में दूतावास नीलाम होने वाला हो। वहां के स्टाफ को वेतन तक पाकिस्तान नहीं दे पा रहा है।

## मानेसर में मंडल स्तरीय कानूनी जागरुकता प्रतियोगिता आयोजित



गुरुग्राम के मानेसर में कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में आयोजकों के साथ सीपी कला रामचन्द्रन।

**गुरुग्राम।** जिला कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंडल स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं का आयोजन जिले के मानेसर स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में किया गया। लीगल लिटरेसी के जिला नोडल अधिकारी राजेश मित्तल के मुताबिक इस प्रतियोगिता में जिला गुरुग्राम, रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ के स्कूलों के करीब 180 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडलायुक्त रमेश चंद बिढ़ान एवं जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदू बोकन कसाना द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सभी प्रतिभागियों को लीगल लिटरेसी महत्व के बारे में कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से वे आमजन को भी साक्षरता व अन्य सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करें। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन द्वारा किया गया। विद्यालय में लीगल लिटरेसी प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था, जिसमें छात्रों द्वारा बनाई गई पेंटिंग, स्लोगन, निबंध एवं अन्य लीगल लिटरेसी मैटेरियल को प्रदर्शित किया गया था। सीपी कला रामचंद्रन ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए छात्रों की कलाकृतियों की सराहना की। छात्रों से आग्रह किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें। इस प्रतियोगिता के बाद करनाल में होने वाली राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में चयनित छात्र भाग लेंगे। पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन व जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुस्कृत किया।

## झांसा देकर शादी करने व प्रताड़ना के दोषी को 10 साल कैद

**गुरुग्राम।** युवती को झांसा देकर शादी करने व आरोपी के परिजनों द्वारा प्रताड़ित करने के मामले में शनिवार को सुनवाई हुई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल बिश्नोई की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल की कैद व 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माने का भुगतान न करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। बता दें कि पश्चिम बंगाल मूल की एक युवती ने 2 जुलाई 2019 को सेक्टर-51 स्थित महिला पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि दिल्ली के रंजीत कुमार से उसकी नौकरी के दौरान जान-पहचान हो गई थी। रंजीत कुमार ने उसे अविवाहित बताया था और झांसा देकर उससे शादी भी कर ली थी। बाद में पता चला कि रंजीत कुमार पहले से ही शादीशुदा है। जब इस बारे में उसके परिजनों से शिकायत की गई तो उन्होंने भी उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। युवती ने आरोप लगाए थे कि उसका गर्भपात भी कराया गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। मामले की सुनवाई अदालत में चली। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए। आरोपी पर आरोप साबित होते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल की कैद व 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

# सेक्टर-9 महाविद्यालय में हुआ विस्तार व्याख्यान

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सैल के तत्वाधान में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। विस्तार व्याख्यान ई-कर्मा सेन्टर द्वारा कराए जाने वाले ट्रेनिंग कार्यक्रम, डिजिटल मार्केटिंग और ग्राफिक डिजाईनिंग के विषय में विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह ने विद्यार्थियों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज का युग कम्प्यूटर का युग है। कम्प्यूटर ज्ञान के बिना व्यक्ति अनपढ़ के समान है। इसलिए सभी को डिजिटल ज्ञान अवश्य प्राप्त करना चाहिए। इस कार्यक्रम में कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सैल की प्रभारी डॉ. वंदना दांगी ने ई-कमाज़ सैंटर से आए आशुतोष व दनिश का स्वागत करते हुए उनका परिचय दिया। दनिश ने कार्यक्रम के विषय में व्यावहारिक जानकारी दी। आशुतोष ने डिजिटल मार्केटिंग और ग्राफिक डिजाईनिंग कोर्स में पढ़ाए जाने वाले विषयवस्तु की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



गुरुग्राम के सेक्टर-9 राजकीय महाविद्यालय में विस्तार व्याख्यान के दौरान मौजूद स्टाफ व छात्र।

# शत-प्रतिशत जीरो वेस्ट के साथ निकाला नगर कीर्तन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरु** गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पंज प्यारों की अगुवाई में शनिवार को महानगर कीर्तन का आयोजन किया गया। यह आयोजन पूरी तरह से जीरो वेस्ट रहा। इस दौरान न तो कोई प्लास्टिक का सामान इस्तेमाल किया गया और न ही सड़क पर कोई कूड़ा-करकट आदि फैंका गया।

इस नगर कीर्तन के दौरान नगर निगम की टीम भी मौजूद रही ताकि नगर कीर्तन के दौरान कोई कूड़ा हो तो उसे तुरंत ही साफ कर दिया जाए। पहली बार नगर कीर्तन पूरी तरह से जीरो वेस्ट रहा। हालांकि पिछली बार भी ऐसे प्रयास किए गए थे। गुरुद्वारा श्री सिंह सभा के प्रधान शेरदिल सिद्धू ने बताया कि नगर कीर्तन सेक्टर-46 स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से शुरु हुआ और पॉवरग्रिड झाड़सा सेक्टर-40 गुरुद्वारा होते हुए सेक्टर-39 पहुंचे और बख्तावर चौक होते हुए सेक्टर-46 गुरुद्वारा पर ही नगर कीतज़्न का समापन हुआ। इस अवसर पर समुदाय के युवाओं ने गतका खेलते हुए अपने करतबों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर कीर्तन के दौरान शबद कीर्तन भी चलता रहा। जगह-जगह साध-संगत का स्वागत भी क्षेत्रवासियों ने बड़ी ही गर्मजोशी के साथ किया और प्रसाद का वितरण भी किया गया। प्रसाद प्लास्टिक की वस्तुओं में देने की बजाय कागजों के दोने में दिया गया, जिससे सड़कों पर भी कोई गंदगी आदि नहीं फैली। जीरो वेस्ट का पूरा पालन किया गया।



गुरुग्राम में शनिवार को नगर कीर्तन निकालते सिख श्रद्धालु।

# एनोकी को लॉन्च करके बैगिट ने अनब्रांडेड सेगमेंट में प्रवेश किया



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## ब्रांड एंबेसडर के रूप में मृणाल ठाकुर के साथ किया साइन अप

**ऑनलाइन** और ऑफलाइन रिटेल उपस्थिति में अग्रणी, बैगिट (*Baggit*) भारत में सबसे अधिक बिक्री वाला हैंडबैग ब्रांड है। देश की जनता की पसंद के अनुरूप और उनकी जरूरतों को देखते हुए, बैगिट अब एनोकी (श्ठ्ठश्द्म्द्ब) लॉन्च कर रहा है। एनोकी अपनी तरह का एक ऐसा ब्रांड है, जिसका उद्देश्य विशाल अनब्रांडेड सेगमेंट के साथ प्रतिस्पर्धा करना है। कंपनी का अनुमान है कि प्रत्येक ब्रांडेड हैंडबैग की बिक्री के ऊपर 30 से अधिक अनब्रांडेड बैग्स की बिक्री की जाती है।

श्रीमती नीना लेखी, फाउंडर, बैगिट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, यह हमारे लिए एक बहुत बड़ा अवसर है, लेकिन इसके लिए ग्राहकों की आवश्यकता को समझना महत्वपूर्ण था और जैसा कि हमने पाया, इसे पूरा करना इतना आसान नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि किसी अन्य ब्रांड ने कभी इस सेगमेंट में प्रवेश करने के बारे में विचार नहीं किया होगा। स्पष्ट है कि अनब्रांडेड सेगमेंट बेहद आकर्षक और किफायती प्राइस पॉइंट्स प्रदान करता है, लेकिन क्वालिटी के मामले में इसे कमतर आंका जाता है। वहीं, गारंटी या वॉरंटी की कोई अवधारणा नहीं है। जब इस सेगमेंट के लिए ब्रांडेड हैंडबैग्स की आवश्यकता थी, तब कोई भी ब्रांड ऐसा नहीं था, जो बेहतर क्वालिटी वाले ब्रांडेड विकल्प के साथ इस सेगमेंट में प्रवेश करने का साहस रखता हो। श्रीमती लेखी ने इसके बाद कहा, हमने कम कीमतों की तरफ कदम रखे हैं, कारण यह है कि ग्राहक किफायती कीमतों पर विश्वसनीय गुणवत्ता वाले हैंडबैग्स की तलाश में रहते हैं और हम इस जरूरत को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एनोकी के इस अनूठे प्रस्ताव के बारे में बात करते हुए विक्की आहूजा, डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, बैगिट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, हम एनोकी हैंडबैग्स और एक्सेसरीज़ को एक %नो कॉम्प्रोमाइज% प्रोडक्ट बनाना चाहते थे। एक ऐसा प्रोडक्ट, जो इस अनब्रांडेड सेगमेंट की कीमत से मेल खाता हो, लेकिन क्वालिटी के हर पहलू पर खरा उतरता हो। हमने एक हैंडबैग के लिए 499 रुपए से शुरू होने वाली कीमतों के साथ एनोकी को बनाया है, साथ ही हम अपने ग्राहकों को 6 महीने की वॉरंटी का आश्वासन भी प्रदान करते हैं। ब्रांड के साथ अपने जुड़ाव को लेकर मृणाल ठाकुर ने कहा, फैशन के विषय में मेरा मंत्र स्टाइलिश (स्टाइलिश+आरामदायक) है। जब एनोकी ने मुझसे संपर्क किया, तो इसका हिस्सा बनने और नीना लेखी के साथ जुड़ने को लेकर मैं बेहद उत्साहित थी। वे न केवल एक प्रेरणा हैं, बल्कि एक सच्चे व्यक्तित्व की धनी भी हैं, जिन्होंने मेड इन इंडिया ब्रांड को इतना अलग बना दिया है कि आप सबसे अलग दिखें। मैं एनोकी परिवार का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। इस एसोसिएशन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य ब्रांड के लिए एक मजबूत महिला नैरेटिव की पेशकश करना है।

# विरासत का विराट पर्व : भारत की हाथ से बुनी 75 साड़ियों का उत्सव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



## हैंडलूम हाट, जनपथ, नई दिल्ली में वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है आयोजित

**कपड़ा** मंत्रालय, भारत सरकार ने विरासत का विराट पर्व : भारत की हाथ से बुनी 75 साड़ियों का उत्सव मनाने की घोषणा की है, जो भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्षों के महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए एक हथकरघा साड़ी महोत्सव है। निर्मला सीतारमण, वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री और दर्शना जरदोश, कपड़ा और रेल राज्य मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित किया और महीने भर तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जिसमें संसद की कई प्रतिष्ठित महिला सदस्यों के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। विकास आयुक्त (हथकरघा) के कार्यालय द्वारा नई दिल्ली में हथकरघा हाट, जनपथ में आयोजित यह महोत्सव दो चरणों में-(सुबह 11 से रात्रि 8 बजे तक सभी दिन) 16 से 30 दिसंबर, 2022 तक और 3 से 17 जनवरी, 2023 तक हो रहा है। प्रदर्शनी में साड़ियां, बुनकर सेवा केंद्र (डब्ल्यूएससी) संग्रह, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से हैं। इस हाई-प्रोफाइल मेगा इवेंट में देश के विभिन्न हिस्सों से हथकरघा साड़ियों पर विशेष ध्यान दिया गया है और देश के हथकरघा बुनकरों, साड़ी डिजाइनरों और साड़ी प्रेमियों और खरीदारों को एक साथ लाने की परिकल्पना की गई है। हथकरघा क्षेत्र हमारे देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह 31 लाख लोगों को रोजगार देता है, जो देश में कृषि क्षेत्र के बाद दूसरे स्थान पर है। सदियों से, यह कौशल पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होता आया है। वाराणसी ब्रोकेड, कांचीपुरम साड़ी, तंगालिया, पश्मीना शॉल, टसर साड़ी, नागा शॉल, कोटपाड साड़ी, मधुबनी पेंटिंग आदि जैसे उत्पादों की विशिष्टता दुनिया भर के ग्राहकों को विशेष कला, बुनाई, डिजाइन और पारंपरिक के साथ आकर्षित करती है।

# राजीव गांधी पार्क में लगा वाटर कूलर डेढ़ वर्ष से बना है शो पीस

## नागरिकों को पेयजल की सुविधा को करीब डेढ़ वर्ष पहले लगाया था वाटर कूलर

## नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गति कछुआ गति से चल रहे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के राजीव गांधी पार्क में करीब डेढ़ साल पहले लगा वाटरकूलर चालू न होने के कारण शो पीस बना है। वाटर कूलर को शौचालों के साथ लगाया है। वाटर कूलर के चालू होने पर भी नागरिक यहां पर पानी नहीं पी सकेंगे। नगर परिषद द्वारा शहर के मुख्य-मुख्य पार्कों में जन सुविधाएं देने की भरपूर कोशिश की जा रही है, लेकिन किए गए कार्य सफ ल नहीं हो पा रहे हैं।

वहीं वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों की गति कछुआ गति से चल रहे हैं। जिसके चलते आम नागरिक अब शहर के पार्कों में जाने से कतराने लगे हैं। यहां आने वाले नागरिकों को पेयजल की सुविधा देने के इरादे से वाटरकूलर करीब डेढ़ वर्ष पहले लगाया था। लेकिन आज तक न तो इसे बिजली के कनेक्शन से जोड़ा है और न ही पानी की लाइन से जोड़ा है। इस वाटर कूलर की बंदरों से सुरक्षा के उद्देश्य से चारों तरफ लोहे की जाली तो लगा दी है। शहरवासी दलीप का कहना है कि वाटरकूलर लगाने का स्थान गलत है। इसे शौचालयों के साथ लगा दिया है। जहां पर आने वाली बदबू के कारण आम नागरिक पानी पीकर खुश नहीं होगा।

**पुस्तकालय निर्माण का कार्य धीमा** : पार्क में बनाया जा रहा पुस्तकालय भवन निर्माण का कार्य कछुआ गति से चल रहा है। जिसके निर्माता दो दिन काम करते है और 10 दिन काम को बंद रखते हैं।

**उत्पाती बंदरों का है आतंक** : पार्क में उत्पाती बंदरों का आतंक सुबह और शाम के समय रहने से शहरवासी अब घूमने जाने से कतराने लगे हैं। जानकारी के अनुसार पार्क में एक समय में 250 से 300 लोग घूमने व व्यायाम करने के लिए आते हैं। जिसमें छोटे बच्चों से लेकर युवा और वृद्ध नागरिक शामिल है, लेकिन उत्पाती बंदर कब किस पर हमला बोल दे। इस भय से यहां आने वाले लोग कतराने लगे हैं। पार्क में लगे माली यहां की सुन्दरता को निखारने की बजाय पूरा दिन लठ कंधा पर रख पूरा दिन बंदरों को भगाने में लगे रहते हैं।



सोहना के राजीव गांधी पार्क में लगा वाटरकूलर डेढ़ साल से बना है शो पीस।



सोहना के राजीव गांधी पार्क में बंदरों को भगाते हुए कर्मचारी।

> **मेरे** संज्ञान में अभी तक यह मामला नहीं आया है। उन्हें दो माह पहले ही यहा पर लगाया है। जल्द ही जनसुविधा के लिए वाटरकूलर को चालू किया जाएगा।
>
> **ओमप्रकाश**
> **( जेई नगर परिषद )**

# राहत : बीके में अब गर्भवती महिलाओं के रोजाना होंगे अल्ट्रासाउंड

## अन्य मरीजों और कोर्ट केस सम्बंधितों को तीन दिन ही मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**कविता।** फरीदाबाद


अल्ट्रासाउंड करवाने आए कैदी, रोगी व गर्भवती महिलाओं की भीड़।


बिना अल्ट्रासाउंड करवाये लौटते कैदी व अन्य रोगी

**बीके** अस्पताल में तैनात अल्ट्रालॉजिस्ट के प्रमोशन के बाद गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को काफी परेशानी हो रही है, लेकिन अब अस्पताल में नया अल्ट्रालॉजिस्ट तैनात करने से फिलहाल गर्भवती महिलाओं को राहत मिल गई है। लेकिन अन्य मरीजों और कोर्ट केस संबंधित अल्ट्रासाउंड कराने वालों को सिर्फ तीन दिन अल्ट्रासाउंड कराने की सुविधा मिलेगी। अस्पताल के नए अल्ट्रालॉजिस्ट वरूण शर्मा उर्फ काला पंडित ने बताया कि वे यहां 13 दिसंबर से अल्ट्रासाउंड कर रहे है। इस विषय में अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि एनएचएम योजना के तहत अल्ट्रालॉजिस्ट को रखा गया है। जिसमें उन्हें गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड करने के लिए कहा गया है। उनका रजिस्ट्रेशन सीएमओ द्वारा करवा दिया गया है। उन्हें प्रति अल्ट्रासाउंड के 330 रुपये दिए जाएंगे। अल्ट्रालॉजिस्ट के आने से गर्भवती महिलाओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं अन्य मरीजों और कोर्ट केस से संबंधित मरीजों को अभी भी पहले की तरह की यहां अल्ट्रासाउंड के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

**ग्राउंड रिपोर्ट :** सूत्रों से पता चला कि पायनियर ने 27 फरवरी 2022 के अंक में 'बीके: अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवती उठा रही परेशानी, समय निकाल डिप्टी सीएमओ तीन दिन कर रहे अल्ट्रासाउंड' को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें बताया गया था कि जनवरी 2022 में अल्ट्रालॉजिस्ट के पद पर तैनात डॉ. सुशील कुमार अहलावत का प्रमोशन डिप्टी सीएमओ के पद पर हो गया था। जब से वह समय निकाल कर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक अल्ट्रासाउंड कर रहे हैं। जिससे सप्ताह में मात्र 50 से 80 अल्ट्रासाउंड हो पाते है। बाकियों को बाहर से अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ता है। पायनियर अखबार की कटिंग को समाजसेवी अनीशपाल ने मानव अधिकार आयोग को भेजा था। जहां से अस्पताल प्रबंधन से जबाब मांगा गया था। तब उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रालॉजिस्ट की सुविधा उपलब्ध करवानी पड़ी, लेकिन बाकी मरीज आज भी इस सुविधा से वंचित है।

**लौटे पुलिस केस :** जेल से बीके में अल्ट्रासाउंड करवाने वाले सभी कैदियों को आज भी लौटा दिया गया। क्योंकि यहां तैनात अल्ट्रालॉजिस्ट ठेके पर है। उन्हें केवल गर्भवती महिलाओं के लिए ही रखा गया है। गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करवा रही आशा वर्कर ने बताया कि रोजाना सुविधा मिलने से अब गर्भवती महिलाओं को निजी केन्द्रों के धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। केन्द्र में पता चला कि पहले दिन 15 अल्ट्रासाउंड हुए, दूसरे दिन 25 और शनिवार दोपहर 12 बजे तक 20 अल्ट्रासाउंड किए गए। बीच में अल्ट्रालॉजिस्ट ने अवकाश लिया था।

# शर्मनाक टिप्पणी करने पर भाजपा ने फूंका पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला

## टिप्पणी को बिलावल भुट्टो की ओछी हरकत व अपंग मानसिकता बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


बीके चौक पर पुतला फूंक कर रोष प्रकट करते फरीदाबाद विधान सभा के बीजेपी विधायक नरेन्द्र गुप्ता व अन्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता।

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। पाकिस्तान की हरकतों और मंसूबों को दुनिया देख चुकी है कि ये लंबे समय से आतंकियों को पनाह दे रहे हैं। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला फरीदाबाद के महामंत्री मूलचन्द मित्तल, आरएन सिंह और विधायक नरेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में बी.के. चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा यूनेस्को में की गई शर्मनाक टिप्पणी करने पर पाकिस्तान और बिलावल भुट्टो का पुतला फूंकते हुए कार्यकर्ताओं ने कहीं।

जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल ने की गई टिप्पणी को बिलावल भुट्टो की ओछी हरकत व अपंग मानसिकता को बताया है। उन्होंने कहा कि बिलावल भुट्टो की इस सोच से साबित होता है कि वे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। बिलावल भुट्टो पहले अपने देश को ठीक से संभाले और जिस प्रधानमंत्री के प्रति वो टिप्पणी कर रहे हैं। वह नरेंद्र मोदी दुनिया के अनेक देशों में किसी न किसी रूप में प्रतिनिधित्व करते हैं, उन पर पाकिस्तान अपनी खीझ इसी तरह से ही उतार रहा है। वो भारत को नीचा दिखाने और नुकसान पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करता रहा है और करता रहेगा। पाकिस्तान को भारत की दुनिया में बढ़ती लोकप्रियता पच नहीं रही है। यह मोदी का 2022 का भारत है इसे छेडने् की कोशिश न करे पाक। बिलावल भुट्टो को अपनी मानसिक स्थिति का उपचार करा लेना चाहिए, ताकि वे अपनी ऊर्जा को पाकिस्तान की भलाई में लगाएं ना कि भारत के बारे में अनाप-शनाप बातें बोलने में। मैं पाकिस्तान के इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं।

डा.आरएन सिंह ने बताया कि बिलावल भुट्टो के इस शर्मनाक बयान ने साबित कर दिया है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से कभी नहीं सुधरने वाला। उनके देश में भूखमरी है, लेकिन वे भारत पर कटाक्ष कर अपने देश की जनता का विरोध नजरअंदाज कर रहे हैं। वह दिन दूर नहीं, जब पाकिस्तान में आंतरिक युद्ध जल्द शुरू होगा। वहां की जनता लगातार विद्रोह भी कर रही है। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स में साफ पता चलता है कि वहां किस तरह से जनता पिस रही है। पाकिस्तान को कारगिल युद्ध, सर्जिकल स्ट्राइक नहीं भूलनी चाहिए। पाकिस्तान को हर बार मुंह की खानी पड़ी है। वो पहले अपने देश को संभालें।

फरीदाबाद विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि दुनिया में यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता है कि जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता भारत को मिली है। इससे साबित होता है कि दुनिया भारत को कितनी गंभीरता से ले रही है। अब भारत किसी की सुनने को नहीं, अपनी बात को प्रमुखता से रखकर उसे अंजाम तक पहुंचाने में सक्षम हो चुका है। दुनिया के देशों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भारत की साख बढ़ाई है, वह देश के इतिहास में दर्ज है। पूरा देश पाकिस्तान के इस शर्मनाक बयान की कड़ी निंदा करता है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, जिला उपाध्यक्ष संजीव भाटी, सचिन शर्मा, रवि सोनी, आरएन सिंह, मूलचंद मित्तल, लख्मीचंद भारद्वाज समेत अनेक बीजेपी कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# महिला की किडनी लेने के मामले में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## महिला की पति की सरकारी नौकरी लगवाने का दिया गया था लालच

## पीड़िता ने कहा आरोपियों ने बुला कर बंधक बना लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सरकारी** नौकरी का झांसा देकर किडनी निकालने के मामले में महिला के बयान पर थाना सेक्टर 17 में सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। जिसमें क्यूआरजी हॉस्पिटल के नेफ्रो डिपार्टमेंट का हेड और कोऑर्डिनेटर का नाम है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमे में ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन ऑर्गन एक्ट तथा धोखाधड़ी, षड्यंत्र, फर्जी कागजात तैयार करवाने, जान से मारने की धमकी इत्यादि धाराएं अंकित की गई हैं। पुलिस जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

पुलिस ने इस मामले में विनोद, अम्बिका, राजा, जयप्रकाश, तेजेन्द्र कुमार कोरा, स्वार्ति कॉरडिनेटर क्यूआरजी अस्पताल सेक्टर-16, डॉ. श्रीराम कांवरा, डॉयरेक्टर नफरो डिपार्टमेंट क्यूआरजी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया था कि वह वर्ष 2020 में पति की फेसबुक आईडी चला रही थी। जिसमें किडनी दान के विज्ञापन को देखकर उसने यूं ही ओके कर दिया। जिसके बाद राजा नामक व्यक्ति ने कॉल किया तो उसने किडनी देने से मना कर दिया। लेकिन बाद में फोन पर दबाव डालने पर वह पति के साथ दिल्ली के बताए पते पर पहुंची तो वहां मौजूद विनोद ने बताया कि मुझे किडनी देकर मेरी जान बचा लो। बदले में तुम्हारे पति की सरकारी नौकरी लगवा दूंगा। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वह तैयार हो गई। सभी सैम्पल मैच हो गए। लेकिन बाद में जब पता चला कि अंजान व्यक्ति को किडनी नहीं दे सकते तो उन्होंने मना कर दिया। जिसके बाद आरोपियों ने बुला कर उन्हें बंधक बना लिया और पति और बच्चों को मारने की धमकी देकर उसे किडनी देने को मजबूर कर दिया। ऑपरेशन के बाद उसकी तबीयत खराब होने पर भी आरोपियों ने इलाज नहीं करवाया।

# नर्स के घर में हुई लूटपाट का खुलासा, दो गिफ्तार

## पीड़िता का पड़ोसी पाया गया लूटपाट की वारदात का मास्टर माइंड

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चार दिन पहले सेक्टर-7 एरिया में स्वास्थ्य विभाग की एक महिला कर्मचारी के घर में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में तीन अन्य आरोपी सन्नी, आकाश और संदीप की गिरफ्तारी बकाया है। जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपी अनिकेत प्रहलादपुर का निवासी और दूसरा आरोपी रोशन छत्तीसगढ़ का निवासी है। वह फरीदाबाद के सेक्टर 81 में किराए पर रहता है। दोनो आरोपी बुढ़ैना गांव में स्थित एक वर्कशॉप में काम करते हैं। सेक्टर 7 में आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर एक 45 वर्षीय महिला के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़िता मुजेसर के यूएचसी डिस्पेंसरी में बतौर नर्स तैनात है। शाम करीब आठ बजे जब महिला घर में अकेली थी तो आरोपियों ने घर का दरवाजा खटखटाया और दरवाजा खोलते ही तीन आरोपी जबरदस्ती घर के अंदर घुसे। उन्होंने महिला के साथ मारपीट की और पिस्तौलनुमा चीज दिखाकर महिला को चुप रहने की धमकी दी।

# स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट त्रिपुरा में होगा लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**स्टेट** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन (एसआईएचएम) त्रिपुरा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 18 दिसंबर को अगरतला में राज्य की अपनी संभावित यात्रा के दौरान लॉन्च करने के लिए तैयार है। एसआईएचएम मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म, भारत सरकार और त्रिपुरा टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, टूरिज्म डिपार्टमेंट, त्रिपुरा सरकार की एक पहल है। आनंदनगर, त्रिपुरा में 5.3 एकड़ का एसआईएचएम परिसर लॉन्च के तुरंत बाद चालू हो जाएगा। स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन (एसआईएचएम) त्रिपुरा की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य पर्यटन और पर्यटन की संभावनाओं पर जागरूकता पैदा करना है। संस्थान देश भर में और बाहर विभिन्न नौकरी भूमिकाओं के लिए पेशेवर रूप से सक्षम जनशक्ति का एक पूल बनाने के लिए काम करेगा। इस अवसर पर बोलते हुए, गुवाहाटी स्थित पीपीपी पार्टनर, इंफोवैली एजुकेशनल एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष संजय आदित्य सिंह ने कहा, होटल और हॉस्पिटल मैनेजमेंट में कौशल प्रशिक्षण के साथ हमारे युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से, हमने एसआईएचएम की शुरुआत की है जहां एक विविध सेवा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों को युवा उम्मीदवारों के लिए सुलभ बनाया जाएगा।

# शिविर में 72 यूनिट रक्त एकत्रित


सेक्टर 14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित शिविर में रक्तदान करते समाजसेवी।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर** 14 में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट व रोटरी क्लब फरीदाबाद के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व दंत जांच शिविर भी लगाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में फरीदाबाद आयकर आयुक्त डॉ कृष्ण कुमार व सीएमओ फरीदाबाद डॉ विनय गुप्ता ने रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि फरीदाबाद आयकर आयुक्त डॉ कृष्ण कुमार, सीएमओ फरीदाबाद डॉक्टर विनय गुप्ता ने बताया कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से कोई शारीरिक कमजोरी नहीं आती। एसआर कॉलेज के चेयरमैन डॉक्टर डीवी गुप्ता और रोटरी ब्लड बैंक के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन एचएल भूटानी जी ने बताया कि रक्तदान के द्वारा दिया गया ब्लड जरूरतमंद की जान बचाने में काम आयेगा। रोटरी फरीदाबाद ईस्ट अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा और रोटरी ईस्ट प्रोजेक्ट इंचार्ज सीए तरूण गुप्ता व ब्लड बैंक उपाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया की शिविर का में एकत्रित हुआ रक्त थैलीसीमिया ग्रस्त बच्चों को दिया जाएगा। डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल अनीता गौतम ने सभी अतिथियों का प्लांटर देकर स्वागत किया। डीएवी स्कूल सेक्टर 14 की अध्यापिका रजनी रल्हन, प्रेमलता जुनेजा, सीमा राजवंशी, तरुणा व पूनम गुप्ता ने स्टाफ और अन्य लोगों को ब्लड डोनेशन के लिए प्रेरित किया।

# राज्य स्तरीय खेलो हरियाणा गेम्स में हुए रोचक मुकाबले

## खेल देखकर दर्शकों ने खूब की खिलाड़ियों की हौसला अफजाई: देवेन्द्र सिंह

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद


राज्य स्तरीय खेलो हरियाणा प्रतियोगिता में शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

**डीसी** विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित राज्य स्तरीय खेलों हरियाणा गेम्स में रोचक मुकाबले हुए। एसडीएम कम खेलों के नोडल अधिकारी पंकज सेतिया के कुशल मार्गदर्शन में आज खेल देखकर दर्शकों ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई भी की।

खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, हरियाणा पंचकूला द्वारा जिला फरीदाबाद में आयोजित कराये जा रहे राज्य स्तरीय खेलों हरियाणा गेम्स के आयोजन बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय खेलों में हरियाणा की प्रतियोगिता मे 784 खिलाड़ियों ने भाग लिया गया है। जिसमें 434 लडकें तथा 350 लड़कियों ने भाग लिया गया है। आज शनिवार को खेल परिसर सेक्टर-12 में मलखंभ, तथा खो-खो के मुकाबले आयोजित कराये गये। वहीं शूटिंग खेल के मुकाबले एमिनेन्स शूटिंग एकेडमी ग्रीन फील्ड कॉलोनी मे कराये गये।

**खेलों के परिणाम इस प्रकार रहे:** खो-खो लड़कों में करनाल और कैथल के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें कैथल की टीम 18 अंक से विजय हुई। रेवाडी और कुरूक्षेत्र के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कुरूक्षेत्र की टीम एक अंक से विजय हुई। अंबाला और मेहन्द्रगढ़ के बीच मुकाबला हुआ जिसमें मेहन्द्रगढ़ की टीम 1 अंक से, भिवानी और गुरूग्राम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें भिवानी की टीम 13 अंक से, कैथल और झज्जर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कैथल की टीम 8 अंक से, फरीदाबाद और पंचकूला के बीच मुकाबला हुआ जिसमें फरीदाबाद विजय हुई। वहीं पलवल और यमुनानगर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें यमुनानगर की टीम 15 अंक से, सिरसा और पानीपत के बीच मुकाबला हुआ जिसमें पानीपत की टीम 8 अंक से, महेन्द्रगढ़ और सोनीपत के बीच मुकाबला हुआ जिसमें सोनीपत की टीम 7 अंक से, चरखीदादरी और कुरूक्षेत्र के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें चरखीदादरी की टीम 4 अंक से, रोहतक और फरीदाबाद के बीच मुकाबला हुआ जिसमें रोहतक की टीम एक अंक से, यमुनानगर और फतेहाबाद के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कैथल की टीम 9 अंक से विजय हुई। नूंह और भिवानी के बीच मुकाबला हुआ जिसमें भिवानी की टीम 4 अंक से, जींद और हिसार के बीच मुकाबला हुआ जिसमें जींद की टीम एक अंक से विजयी हुई।

**लड़कियों में:** खो-खो (लड़कियां) में रोहतक और यमुनानगर के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें रोहतक की टीम 9 अंक से, नूंह और जींद के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें जींद की टीम 14 अंक से विजय हुई। कैथल और पलवल के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कैथल की टीम 12 अंक से,करनाल और गुरुग्राम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें गुरुग्राम से विजय हुई। कुरुक्षेत्र और फरीदाबाद के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कुरुक्षेत्र की टीम 3 अंक से,फतेहाबाद और झज्जर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें फतेहाबाद की टीम 6 अंक से विजयी हुई।

# संक्षिप्त समाचार

## लापरवाही : नाले में गिरने से स्कूटी सवार की हुई मौत



**फरीदाबाद।** शुक्रवार की रात एनएच-तीन सरकारी स्कूल के निकट एक नाली में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर खड़ी मिली स्कूटी के आधार पर शव की पहचान प्रेमनाथ के रूप में हुई, जो एनआईटी-तीन विंडो होम में अपने बीबी-बच्चों के साथ रहते थे। एनएच-तीन चौकी की पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। 55 साल के प्रेमनाथ मूलरूप से गांधी कॉलोनी के रहने वाले थे, जो विंडो होम एनएच तीन में परिवार के साथ रहते थे। वह प्राइवेट कंपनी में नौकरी करके अपने परिवार का निर्वाह कर रहे थे, लेकिन वह शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे अपने घर से स्कूटी लेकर निकले थे। परिवार के लोगों ने शाम करीब छह बजे उनसे संपर्क किया तो उन्होंने कुछ देर बाद आने को कहा। काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब वह नहीं पहुंचे तो परिजनों ने फिर से संपर्क किया, पर उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। कई बार परिजनों ने कोशिश की, लेकिन उनकी कोशिश नाकामयाब रही। परिजनों ने उनके परिचितों से भी संपर्क किया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आखिर परिजन सो गए। परिजनों की रात करीब ढाई बजे उस वक्त नींद टूटी, जब पुलिस उनके घर पहुंची। पुलिस ने उन्हें स्कूटी का नंबर बताया और स्कूटी दिखाई। परिजनों ने स्कूटी की पहचान कर ली और मौके पर पहुंचे तो प्रेमनाथ को भी पहचान लिया। पुलिस ने शव रात को ही बीके अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया।

## 10 वर्ष बाद एक बार फिर अपने पैरों से चलने लगी शीला



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के ज्वाइंट एंड नी रिपलेसमेंट डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार की टीम ने 52 वर्षीय महिला के घुटने के सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया है। 10 वर्ष बाद एक बार फिर शीला अपने पैरों पर चलने लगी है। उन्होंने डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया। एकॉर्ड अस्पताल के ज्वाइंट एंड नी रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. युवराज ने बताया 52 वर्षीय शीला देवी पलवल की रहने वाली है। उन्हें 10 साल से घुटनों में दर्द की समस्या थी। घुटना पूरी तरह जाम हो गया था। जाम रहने की वजह से न वह कुर्सी पर बैठ पाती थी, न कार में, न डाइनिंग टेबल पर फैमली के साथ खाना खा पाती हैं, न कहीं जा सकती हैं न आ सकती हैं। इस कारण यह दूसरे ऑपरेशनों से कठिन था, क्योंकि नॉर्मल घुटना रिप्लेसमेंट में तो घुटने में हल्की मूवमेंट होती रहती है लेकिन इस केस में शीला का घुटना पूरी तरह सख्त हो गया था। उसे दोबारा पहले की तरह चलाना डॉक्टरों के लिए एक बड़ा चैलेंज था। कई अस्पतालों में दिखाने के बाद वह एकॉर्ड अस्पताल पहुंची। प्राथमिक जांच में रोगी को गठिया एंव ऑस्टियोपोरोसिस की शिकायत सामने आई। ऐसे में ऑपरेशन के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था। परिवार की सहमति से उन्होंने महिला के घुटनों का ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। डॉ. युवराज के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम गठित की गई। जिसमें डॉ. नमन, डॉ. अरुणेश शामिल रहे। इस ऑपरेशन तीन घंटे का समय लगा। ऑपरेशन के दौरान सबसे घुटनों के सॉफ्ट टिश्यू को दोबारा चलने के काबिल बनाने के लिए अलग से उनका अलग से ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद अब घुटना पूरी तरह से काम करने लगा है। महिला अब पूरी तरह स्वस्थ है और अपने पैरों पर चलने लगी है।

## 19 को होगी जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड ने बताया की इस बार 18वीं नेशनल अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप पटना में 12 से 14 जनवरी को होगी। इसमें फरीदाबाद की टीम भाग लेगी। इसके लिए जिला खेल परिसर सैक्टर 12 फरीदाबाद में 19 दिसंबर को ट्रायल लिए जाएंगे। प्रतियोगिता में 14 व 16 साल के लडका एवं लडकी वर्ग के एथलीट खिलाडी भाग ले सकते हैं। इसमें 16 आयु वर्ग में 80 मीटर, 600 मीटर, 1600 मीटर दौड़ का आयोजन किया जाएगा। 14 साल आयु वर्ग में जेवेलिन सहित 4 तरह के इवेंट होंगे। जिला संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह ने बताया कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के लिए कि खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन 19 दिसंबर को सुबह 9 बजे होगा और प्रतियोगिता शुरू होने का समय सुबह 10.00 बजे रहेगा। कोई भी इच्छुक एथलीट खिलाड़ी एक फोटो,ओरिजनल डेट ऑफ बर्थ सर्टिफिकेट के साथ अपना आधार कार्ड, पासपोर्ट लेकर आएं। सभी एथलीट खिलाडी रजिस्टरेशन फार्म को साफ अक्षरों में फोटो सहित जमा कराने का कार्य करेंगे। इस जिला एथलेटिक प्रतियोगिता में 14 साल आयु वर्ग में 15 जनवरी 2009 से 14 जनवरी 2011 तक एवं 16 साल आयु वर्ग में 15 जनवरी 2007 से 14 जनवरी 2009 तक आयु वर्ग के एथलीट खिलाडी ही भाग लेंगे।

## यूनिवर्सिटी आउटरीच टीम ने जल-मिट्टी के सैंपल एकत्रित किए




**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एक टीम ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत गोद लिए गए गांव चंदावली का दौरा किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के मार्गदर्शन में चंदावली गांव के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम कॉर्डिनेटर सुभाष कैलोरिया और डॉ. देवेंद्र, असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिकी विभाग की अगुवाई में महाविद्यालय के विधार्थियों की टीम ने चंदवाली व इसके आस पास के इलाके से जल व मिट्टी के सैंपल एकत्रित किए। उपस्थित जनसमूह को पीने योग्य जल, मृदा की उर्वराशक्ति तथा विकिरण के प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने अपने वक्तव्य में भूमि तथा पानी में उपस्थित विकिरण की मात्रा के विषय मे भी बताया कि किस प्रकार ये विकिरण हमारी जीवन शैली को प्रभावित करती हैं तथा किस प्रकार प्रदूषण व विकिरण के हानिकारक प्रभावो से कैसे बचा जा सकता है। अलग-अलग नमूने एकत्रित करने का उद्देश्य नतीजों मे शुद्धता को स्थापित करना है।

## भाजपा नेता सुरेंद्र तेवतिया को मातृशोक

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया की माता सोना देवी का लम्बी बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थी और अपने पीछे तीन पुत्रों व तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। सोना देवी का अंतिम संस्कार सेक्टर-8 स्थित स्वर्ग आश्रम में किया गया, जहां उनके बड़े पुत्र सुरेंद्र तेवतिया ने उन्हें मुखाग्नि दी। सोना देवी के निधन पर केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, बडख़ल विधायक सीमा त्रिखा, तिगांव क्षेत्र के विधायक राजेश नागर, विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, पूर्व विधायक ललित नागर, आनंद कौशिक, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला, बलजीत कौशिक, भूपेश रावत, निवर्तमान पार्षद कपिल डागर, जिला पार्षद अनिल पाराशर, संदीप शर्मा पन्हेड़ा, दयाचंद यादव, धर्म चौधरी, दीपक चौधरी सहित शहर के सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, आरडब्ल्यूए के सदस्यों, गांवों के पंच-सरपंचों सहित गणमान्य लोगों ने गहरा दुख जताते हुए शोक संतप्त तेवतिया परिवार को ढांढस बंधाते हुए परमपिता परमात्मा से उन्हें यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# भूगोल की छात्रा प्रतिज्ञा मिश्रा को मिलेंगे चार स्वर्ण पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर** प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज का 17वां दीक्षान्त समारोह 19 दिसम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल दीक्षान्त भाषण देंगी। 17वें दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्याशाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 23 स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। जिनमें 8 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 15 स्वर्णपदक छात्राओं की झोली में जायेंगे। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2021 तथा जून 2022 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 20 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी। जिसमें 12000 पुरूष तथा 8000 महिला शिक्षार्थी हैं। यह जानकारी कुलपति प्रो सीमा सिंह ने शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। प्रो सिंह ने बताया कि सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में दीक्षान्त समारोह के आयोजन के लिये सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गयी हैं। दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिये लगभग 1500 शिक्षार्थियों ने आनलाइन पंजीकरण कराया है। जिन्हें दीक्षान्त समारोह में उपाधियां प्रदान की जायेंगी। उपाधियां डिजीलॉकर पर भी अपलोड कर दी जाएंगी। दीक्षान्त समारोह भारतीय पारम्परिक परिधान में आयोजित किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह में शामिल होकर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं के लिये सफेद धोती कुर्ता या पाजामा पीली साड़ी या सलवार सूट निर्धारित किया गया है। प्रो सिंह ने बताया कि 17वें दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय मुख्य परिसर अध्ययन केंद्र की छात्रा प्रतिज्ञा मिश्रा को दिया जायेगा। प्रतिज्ञा मिश्रा ने एमए भूगोल विषय की परीक्षा प्रथम

**● 23 स्वर्ण पदक तथा 20 हजार छात्रों को मिलेगी उपाधि**

श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा समस्त विद्याशाखाओं की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण समस्त स्नातक परास्नातक शिक्षार्थियों में सर्वश्रेष्ठ रहीं। कुलपति प्रो सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक इस बार स्नातकोत्तर वर्ग में विद्याशाखाओं के 06 टापर्स को दिए जा रहे हैं। जिसमें मानविकी विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक श्री बाबा साधव राम महाविद्यालय आजमगढ़ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमए अर्थशास्त्र की छात्रा इन्द्रवासिनी को समाज विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय मुख्य परिसर अध्ययन केंद्र से पंजीकृत एमए भूगोल की छात्रा प्रतिज्ञा मिश्रा को प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा से



प्रेस कॉन्फ्रेंस करतीं कुलपति प्रो सीमा सिंह

विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक रामस्वरुप ग्राम उद्योग स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुखरायां कानपुर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एम बी ए के छात्र रजत कुमार राय को शिक्षा विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक कृष्ण सुदामा महाविद्यालय सादात गाजीपुर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमए शिक्षाशास्त्र के छात्र जितेंद्र कुमार यादव को विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक किसान मजदूर महाविद्यालय भीटी मऊ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमएससी जैव रसायन की छात्रा अमृता गुप्ता को स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक रतीराम महाविद्यालय मथुरा अध्ययन केंद्र से पंजीकृत एमएससी खाद्य एवं पोषण की छात्रा नेहा राठौर को दिया जायेगा। कुलपति प्रो सिंह ने बताया कि स्नातक वर्ग में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक इस बार विद्याशाखाओं के 06 टापर्स को दिये जायेंगे। जिसमें मानविकी विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक रामधन दामोदर महाविद्यालय मऊ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीए के छात्र हरिकेश चौहान को समाज विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक बी बी एस पब्लिक डिग्री कॉलेज बरना प्रतापगढ़ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीए के छात्र संदीप कुमार को प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक बी बी एस पब्लिक डिग्री कॉलेज बरना प्रतापगढ़ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीकॉम के छात्र शुभम श्रीवास्तव को कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुल्तानपुर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीसीए की छात्रा शालिनी मिश्रा को शिक्षा विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक देव इंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी अंबेडकर नगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीएड की छात्रा अंजली सिंह को विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक झाम बाबा महाविद्यालय जलालपुर अंबेडकर नगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीएससी के छात्र विकास कुमार चौरसिया को प्रदान किया जायेगा। कुलपति प्रो सिंह ने बताया कि इस बार दस मेधावी शिक्षार्थियों को दानदाता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जायेगा। इनमें दो नए दानदाता स्वर्ण पदक को जोड़ा गया है। जो छात्राओं को दिए जाएंगे। जिनमें स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के अंतर्गत संचालित स्नातकोत्तर गृह विज्ञान कार्यक्रम में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली रामधन दामोदर महाविद्यालय मऊ अध्ययन केंद्र से पंजीकृत छात्रा अंजली राय को श्रीमती शिवपति द्विवेदी स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार समस्त स्नातकोत्तर कार्यक्रम में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विश्वविद्यालय मुख्य परिसर अध्ययन केंद्र प्रयागराज से पंजीकृत एम ए भूगोल की छात्रा प्रतिज्ञा मिश्रा को संतोष कुमार दीक्षित स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा विद्याशाखा के पूर्व निदेशक प्रो सुशील प्रकाश गुप्ता की स्मृति में स्व सुशील प्रकाश गुप्ता स्मृति स्वर्ण पदक देव इंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी अंबेडकर नगर से पंजीकृत बी एड की छात्रा अंजली सिंह को बाबू ओमप्रकाश गुप्त स्मृति स्वर्ण पदक देव इन्द्रावती महाविद्यालय कटेहरी अम्बेडकरनगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत बीएड की छात्रा अंजली सिंह को कैलाशपत नेवेटिया स्मृति स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय मुख्य परिसर अध्ययन केन्द्रए प्रयागराज से पंजीकृत एमबीए की छात्रा स्मिता दीक्षित को स्व अनिल मीना चक्रवर्ती स्मृति स्वर्ण पदक स्नातक वर्ग में बी बी एस पब्लिक डिग्री कॉलेज बरना प्रतापगढ़ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीए के छात्र संदीप कुमार को स्व अनिल मीना चक्रवर्ती स्मृति स्वर्ण पदक स्नातकोत्तर वर्ग में विश्वविद्यालय मुख्य परिसर प्रयागराज अध्ययन केंद्र से पंजीकृत एमए भूगोल की छात्रा प्रतिज्ञा मिश्रा को, प्रो एमपी दुबे पर्यावरण गांधी चिन्तन एवं शान्ति अध्ययन उत्कृष्टता स्वर्ण पदक झाम बाबा महाविद्यालय जलालपुर अंबेडकर नगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत बीए के छात्र सुधांशु गुप्ता को प्रो एमपी दुबे दिव्यांग मेधा स्वर्णपदक टीडी कॉलेज जौनपुर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत बीएड की छात्रा भव्या सिंह को महान राष्ट्रकवि श्रद्धेय पं सोहन लाल द्विवेदी स्मृति स्वर्णपदक बाबा साधव राम महाविद्यालय कोइनहां आजमगढ़ अध्ययन केंद्र से पंजीकृत एमए हिन्दी की छात्रा रुचि यादव को दिया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### अतिरिक्त काम की मजदूरी मांगने पर मिली धमकी

**जालौन (उरई)।** मकान निर्माण का ठेका देने के बाद अतिरिक्त निर्माण करा लिया। अब मजदूर को अतिरिक्त मजदूरी नहीं मिल रही है। पीड़ित मजदूर ने कोतवाली में तहरीर देकर उसकी बकाया मजदूरी दिलाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी ठाकुरदास ने पुलिस को बताया कि उन्होंने कांजी हाउस के पास एक मकान बनाने का ठेका नगर के ही एक व्यक्ति से लिया था। उसकी ठेके की मजदूरी 1 लाख 10 हजार रुपये में तय हुई थी। मकान निर्माण करते समय गृहस्वामी ने उससे 50 हजार रुपये का अतिरिक्त काम करा लिया। अब गृहस्वामी उसे अतिरिक्त काम करने के रुपये नहीं दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि वह मजदूरी करता है। उसे भी दूसरों का भुगतान करना है। मजदूरी न मिलने पर वह दूसरों को भुगतान नहीं करा रहा है। पीड़ित ने पुलिस से उसकी बकाया मजदूरी दिलाने की गुहार लगाई है।

### खेत पर कब्जा करने की नियत देख एसडीएम से शिकायत

**जालौन (उरई)।** पड़ोसी द्वारा खेत में कब्जा करने की नियत अपने जानवरों को बांधने और फसल में गंदा पानी भरकर फसल को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया। एसडीएम ने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश कुठौंद थानाध्यक्ष को दिए। तहसील क्षेत्र के ग्राम जमलापुर निवासी किसान महेंद्र कुमार ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि मौजा जमलापुर में आराजी संख्या 153 उनकी है। जिसमें वह अपनी फसल कर रहे हैं। लेकिन उनके पड़ोसी उसकी जगह पर कब्जा करना चाहते हैं। जिसके चलते उन्होंने अपने मकान का परनाला उनके खेत में डाल दिया है। गंदे पानी से उनकी फसल खराब हो रही है। इतना ही नहीं वह अपने जानवर भी उसके खेत में बांधते हैं। जानवर फसल को खाकर उसे नष्ट कर रहे हैं। जब वह मना करता है तो वह लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित किसान ने समस्या के समाधान की मांग एसडीएम से की है। वहीं, एसडीएम ने मामले की जांच के निर्देश कुठौंद थानाध्यक्ष को दिए हैं।

### घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में दर्ज हुई रिपोर्ट

**कोंच (जालौन)।** घर में घुसकर गर्भवती पत्नी व उसके पति के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने के आरोपी दबंगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मारपीट की उक्त घटना का बीडीओ भी तेजी से वायरल हुआ था। मामले के मुताबिक कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिरावटी निवासी संदीप पुत्र वीरेंद्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की देर शाम गांव के ही दबंग मनमोहन पुत्र श्रीराम, रविन्द्र पुत्र रामसिंह व आदेश पुत्र मनोहर एकराय होकर उसके घर में घुस आये और गाली गलौज कर उसे लात घूसों से बुरी तरह मारापीटा। चीख पुकार सुनकर उसकी गर्भवती पत्नी उपासना उसे बचाने आयी तो उक्त दबंगों ने उसे भी बुरी तरह मारापीटा जिससे पत्नी सहित वह गंभीर रूप से घायल हो गये जिसके बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये। उक्त घटना को लेकर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ दफा 452, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

### भाजपाइयों ने जुलूस निकाल फूंका पाकिस्तानी पीएम का पुतला

**चित्रकूट।** भाजपा की निकाय चुनाव की बैठक जिला पंचायत सभागार में मुख्य अतिथि/प्रदेश मंत्री/जिला प्रभारी देवेश कोरी की मौजूदगी व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में हुई। बैठक के बाद भाजपाइयों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया। शनिवार को हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि देवेश कोरी ने कहा कि मोदी व योगी सरकार की अगुवाई में देश-प्रदेश का मान बढ रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बिलावल भुट्टो ने मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर भारत के 135 करोड लोगों का अपमान किया है। भारत के लोग भुट्टो की निन्दा करते हैं। भाजपा ने सभी जातियों, वर्गों को आगे बढाने का काम किया है। निकाय चुनाव में भाजपा की शत-प्रतिशत जीत होगी। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि जिताऊ कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया जायेगा। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि पाकिस्तान अपनी औकात भूल रहा है। पाकिस्तान पागलों का देश है। बिलावल भुट्टो का बयान उसी पागलपन का उदाहरण है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि मोदी की प्रतिभा से पाकिस्तान परेशान है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पाकिस्तान की ईंट सें इंट बजा दी जायेगी। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि बिलावल ने मोदी का नहीं भारत के पीएम के अपमान की कुटिल चेष्टा की है। भारत का प्रत्येक नागरिक आहत है। संचालन महामंत्री अश्वनी अवस्थी ने किया।

### किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने लगाई पंचायत

**फतेहपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने नऊवाबाग स्थित सनगांव मोड़ पर एक पंचायत लगाई। जिसमें किसान नेताओं ने मांगों को प्रमुखता से उठाया। पंचायत की जानकारी होने पर एसडीएम मौके पर पहुंचे। जहां किसान नेताओं ने उन्हें डीएम को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर मांगों को पूरा किये जाने की आवाज उठाई। भारतीय किसान यूनियन के सदर तहसील अध्यक्ष मुन्ना शेख की अध्यक्षता में सनगांव मोड़ पर एक पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। किसान नेताओं का कहना रहा कि अधिकारियों से मिन्नते करने के बावजूद समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता। जिसकी वजह से आज पंचायत आयोजित करके सोये हुए अधिकारियों को जगाने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत की जानकारी मिलने पर एसडीएम मौके पर पहुंचे। जहां किसान नेताओं ने सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर मांग किया कि नऊवाबाग से गोपाल शीतगृह तक नेशनल हाईवे-2 की कार्यदायी संस्था द्वारा नाला अवरूद्ध कर दिया गया है इसे तत्काल साफकराया जाये, औद्योगिक क्षेत्र सौंरा से अल्लीपुर तक एनएच-2 द्वारा अवरूद्ध नाले को साफकराकर चालू कराया जाये। धान खरीद बहुत ही सुस्त है धान खरीद में तेजी लाई जाये अन्यथा किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। नहरों पूरी क्षमता से पानी छोड़ा जाये। उपकृषि निदेशक द्वारा यूनियन के कार्यकर्ताओं को सरकारी कार्यक्रम व योजनाओं की जानकारी दी जाये। विद्युत विभाग द्वारा जीएसटी की तर्ज पर की जा रही छापेमारी व किसानों से की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाई जाये। विद्युत वितरण द्वितीय का कार्यालय बिंदकी में स्थानांतरित किया जाये।

### ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का विवाहिता ने लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)।** ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए विवाहिता ने अपर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी को शिकायती पत्र देते हुए महिला शशिलता ने बताया कि उसकी शादी नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरी बुजुर्ग निवासी जयहिंद पुत्र भारतसिंह के साथ जुलाई 2016 में हुई थी। शादी में उसके पिता ने 8 लाख रुपये नगदी सहित लाखों रुपए की कीमत का दान दहेज का सामान दिया था लेकिन अतिरिक्त दहेज के रूप में ससुरालीजन 2 लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पति व ससुर समेत सास कमला गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट करने लगे। ससुर उस पर बुरी नजर रखता है और कई बार उसके कपड़े फाड़कर बेइज्जत कर चुका है।

## बरेली को दंत चिकित्सक ने दिलाया सम्मान



**संवाददाता।** बरेली

**मुरादाबाद** में होटल रिजेन्सी में आयोजित अवार्ड नाइटस समारोह में श्रीमती सुषीला षर्मा मेमौरियल एवार्ड, बरेली की दंत चिकित्सक डा. मिनल ऐरन को समक्ष उत्तर की सबसे सक्रिय आईडीए महिला दंत चिकित्सक का एवार्ड मुरादाबाद विधायक रितेश गुप्ता द्वारा प्राप्त कर के बरेली का सम्मान बढाया। सम्मानित समारोह मे आईडीए के महासचिव, डॉ. अशोक ढोबले, प्रसिडेनट ऐलेक्ट डॉ. राजीव चुग आदि मौजूद रहे।

## 96वें बलिदान दिवस पर याद किए गए अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी

**संवाददाता।** गोंडा

**स्वतंत्रता** संग्राम के अमर नायक शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी के 96वें बलिदान दिवस के अवसर पर जिला कारागार में आर्य समाज द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ हवन.पूजन एवं शांति पाठ सम्पन्न कराया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी व मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सहित गणमान्य नागरिकों, अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों द्वारा श्रृद्धासुमन अर्पित किए गए। जिला कारागार में हवन-पूजन करने के उपरान्त डीएमए सीजेएमए व एएसपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने जेल परिसर में लाहिड़ी जी के बलिदान स्थल पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनकी शहादत को याद किया।

समारोह में जिलाधिकारी डाण् उज्वल कुमार ने जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम अचल आचार्य सहित अन्य सेनानियों के परिजनों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम जीआईसी जीजीआईसीए एलबीएस कालेज के छात्रए लार्ड कृष्णा स्कूल, नारी ज्ञानस्थली पीजी कालेज के म्यूजिक डिपार्टमेंट की अध्यापिका श्रीमती किरन पाण्डेय व श्रीमती सैफाली पाण्डेय सहित अन्य स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देश भक्ति गीत का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जेल अधीक्षक द्वारा किया गया। इस अवसर पर अम्बेडकर चौराहे से तिरंगा रैली निकाली गई जो कार्यक्रम स्थल पर आकर समाप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादवए एएसपी शिवराजए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा विनोद कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडी, चंद्रशेखर, डीसी मनरेगा संत कुमार, डीसी एनआरएलएम नरेश बाबू सविता, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, सीओ सदर शिल्पा वर्मा, सीओ सिटी लक्ष्मीकान्त गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमारए जेल प्रशासन के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



लाहिड़ी के बलिदान दिवस पर हवन पूजन करते डीएम डॉण् उज्जवल कुमार व अन्य पायनियर

## बीडीसी सदस्य बिना भेदभाव व पारदर्शिता से विकास कार्य करायें:बीडीओ

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**राष्ट्रीय ग्राम** स्वरोजगार अभियान एवं सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण के तहत ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उनके अधिकारों और विकास योजनाओं में उनकी सहभागिता पर जानकारी दी गई। पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान एवं सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण के तहत ब्लॉक सभागार में बीडीओ संदीप यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें बीडीओ ने सभी सदस्यों से अपने अपने क्षेत्र में बिना भेदभाव व पारदर्शिता से विकास कार्य करने की अपील की। कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य जिला पंचायत व ग्राम पंचायत के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रशिक्षण से ही आपको अपने अधिकारों के प्रति सही जानकारी मिल सकेगी। क्षेत्र के विकास में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उसका सही ढंग से निर्वाहन करें। यदि आप अपनी भूमिका का सही ढंग से निर्वहन करते हैं तो क्षेत्र में विकास होकर रहेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक हरिशंकर मिश्रा ने पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार एवं मातृ भूमि योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बीडीसी सदस्यों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों, 15वां वित्त आयोग व समितियों के गठन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। विनय कुमार ने पंचायत पुरस्कार राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मिलने वाले ग्राम पंचायत पुरस्कार के विषय में बताया। साथ ही क्षेत्र पंचायत के गठन, उनके कार्य, क्षेत्र पंचायत विकास योजना, भारत मिशन के साथ ही विकास लक्ष्यों के स्थायीकरण के बारे में जानकारी देकर बताया कि गरीब मुक्त गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी व महिला हितैषी गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर गांव, सुशासन व सामाजिक गांव आप लोगों की सहभागिता से ही बन सकता है। इसके लिए आपको सक्रिय भूमिका निभानी पड़ेगी। इस मौके पर सुभाष द्विवेदी, छाया, माया, सिद्दीकी, रीता, अतुल कुमार, रामकुमार, शिवप्रताप, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।



ब्लॉक सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद बीडीसी सदस्य। पायनियर

## लोकगीतों में दिखाई देती अपनी संस्कृतिः डीएम

**फतेहपुर।** क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज व सहयोगी संस्था डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा रंजना मिश्रा के कुशल निर्देशन में आयोजित अवधी लोकगीत लोक नृत्य की दस दिवसीय कार्यशाला एवं प्रस्तुति कार्यक्रम का समापन शनिवार को सरदार पटेल प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रुति रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत डीएम व अतिथियों ने माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से किया। राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तत्पश्चात मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का महिला महाविद्यालय की आयोजक समिति की प्रभारी डॉ. सरिता गुप्ता, सदस्य डॉ. गुलशन सक्सेना, डॉ. चंद्र भूषण ने पुष्प गुच्छ व बैज अलंकरण से स्वागत अभिनंदन किया। महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने रंजना मिश्रा के कुशल प्रशिक्षण में तैयार किया हुआ देवी गीत मैं कौन बहाने आऊ मैया, सोहर कोई कोठे से उतरे भंवनिया, विवाह गीत बैठी नौरंगिया के डार कोयल एक बुलाई हो, होली गीत होली खेले रघुवीरा की प्रस्तुति ने प्रेक्षागृह में बैठे सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध हो सुनने के लिए विवश कर दिया। लगातार तालियों की गड़गड़ाहट से प्रेक्षागृह गुंजायमान रहा। सभी श्रोता व दर्शक रंजना मिश्रा के प्रशिक्षण की सराहना कर रहे थे। मुख्य अतिथि डीएम ने कहा कि लोकगीत सीधे लोगों के गीत होते है। लोकगीतों में प्राचीन परंपराएं, रीति रिवाज धार्मिक एवं सामाजिक जीवन के साथ अपनी संस्कृति दिखाई देती है। जिसे मेरा पूरा लोक समाज अपनाता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य व इस कार्यक्रम की संयुक्त आयोजक व संरक्षक डॉ. अपर्णा मिश्रा ने कहा कि लोकगीतों के अध्ययन पर ध्यान देना जरूरी है। लोक गीतों का विकास अधिक से अधिक होना आवश्यक है ताकि हमारी संस्कृति का जतन हो सके।

## फरियादियों की 68 में 8 प्रार्थना पत्रों का एडीएम ने किया निस्तारण

**खागा ( फतेहपुर )।** तहसील परिसर के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें फरियादियों की आई आधा दर्जन प्रार्थना पत्रों को मौके पर लगभग आधा दर्जन शिकायतों का निस्तारण किया शेष शिकायतों को शीघ्र निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आदेश दिए। खागा तहसील परिषर के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण करते हुए अपर जिला अधिकारी विनय कुमार पाठक ने बताया कि लगभग 68 फरियादियों के प्रार्थना पत्रों में मौके पर गंभीरता से लेते हुए 8 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया है। शेष 60 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के आदेश दिए गए हैं। और इन्होंने बताया कि अधिकांश फरियादियों के विद्युत विभाग, पुलिस व राजस्व आदि से संबंधित सर्वाजनिक शिकायतें प्राप्त हुई है। तथा इन्होंने बताया कि पूर्व में लंबित शिकायतों को गठित टीम के माध्यम से गंभीरता से लेकर निस्तारण करने के आदेश दिए गए हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, तहसीलदार ईवेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार शशांक राय, नायब तहसीलदार पीयूष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार ओम प्रकाश, ऐरायां खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार, हरदो सीएससी अधीक्षक शिव शंकर यादव, वन अधिकारी सच्चिदानंद यादव, संजय श्रीवास्तव, विजयीपुर खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव एवं श्रवण कुमार पाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष पांडेय, पूर्ति निरीक्षक भास्कर मिश्रा एवं हरीश रावत, कानूनगो कुलदीप उत्तम एवं भोला, ज्ञानेंद्र, लेखपाल पवन एवं कमल, राजस्व अमीन राजाराम यादव, स्टेनो शैलेंद्र कुमार, प्रदीप मिश्रा विद्युत विभाग सहित समस्त विभागाध्यक्ष एवं पुलिस व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## पूरी पारदर्शिता के साथ हो जनता की शिकायतों का निस्तारणः प्रमोद झा

**● तहसील समाधान दिवस में 35 शिकायतों में से पांच का हुआ निस्तारण**

**संवाददाता।** राजापुर( चित्रकूट)

**जिले की** राजापुर तहसील के सभागार में अपर जिलाधिकारी कुँवर बहादुर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी तथा उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ की मौजूदगी में तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें 35 फरियादियों से प्राप्त हुए शिकायती पत्रों में से पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा भूमि विवाद के मुद्दे शामिल रहे।

तहसील समाधान दिवस में नत्थू पुत्र सत्यदेव निवासी राजापुर ने बताया है कि आम रास्ता रुक जाने के कारण आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसे खाली कराने की माँग की है। वहीं औदहा निवासी जगदीश प्रसाद ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि मैं अपने जीविकोपार्जन के लिए परिवार सहित झाँसी में रहता हूँ। काफी दिनों पहले मैंने महेंद्रधर द्विवेदी, राजेंद्रधर द्विवेदी पुत्रगण गजाधर द्विवेदी तथा उनके परिवार से रजिस्ट्री बैनामा लिया था। न रहने के कारण गाँव के दबंग भू माफियों द्वारा मेरी बैनामा की जमीन पर अवैध कब्जा कर मुर्गी फार्म खोल लिया है और अस्थाई निर्माण भी कर लिया है जिसे हटाने की माँग किया है। बरुवा निवासी राजकुमार पुत्र राजनारायण तथा प्रेमिया, सुमनिया, बबली, भोंडी ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 1985 के तत्कालीन प्रधान और लेखपाल द्वारा आवासीय पट्टा दिया गया था जिसमें मेरे द्वारा महुआ, आम, आँवला व नीम के वृक्ष तैयार कर लिए गए हैं जो एक बाग के रूप में है और झोपड़ी डालकर परिवार सहित जीवन निर्वाह कर रहा हूँ। ग्राम लेखपाल द्वारा पेड़ व झोपड़ी हटाने की बात कहते हैं।

अपर जिलाधिकारी कुँवबहादुर सिंह व उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झाँ तहसील समाधान दिवस के बाद एक समीक्षा बैठक की गई जिसमें संयुक्त रूप से कहा कि 35 प्रार्थना पत्रों के सापेक्ष 5 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर कर लिया गया है। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम गठित की गई है। साथ ही पूर्व के तहसील व थाना दिवसों में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण बिना किसी भेदभाव के किया जाए और वादी तथा प्रतिवादी की उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित किया जाए और यदि भेदभाव व लालच में आकर फर्जी तरीके से किसी भी शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उसकी खैर नहीं है।

इस मौके पर तहसीलदार संजय अग्रहरि, सहायक चकबन्दी अधिकारी महेंद्र सिंह, अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर दीपेन्द्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष पहाड़ी रामसिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, अवधेश द्विवेदी, रामनिवास शुक्ला, कपिलमुनि पाण्डेय आदि संग्रह अमीन व शिकायतकर्ता मौजूद रहे।



समस्या सुनते एडीएम व एसडीएम आदि पायनियर

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 18 दिसंबर, 2022



## परदेश में जलवा कायम

निवेश लाने का जिम्मा लेकर परदेस गए सरकार के प्रतिनिधि मंडल में एक साहब का जलवा विदेश में भी कायम है। उनके प्रबंधन को हर कोई सर आंखों पर रख रहा है। वैसे तो साहब जिस विभाग में तैनात हैं उसमें निवेश बहुत ही कम होता है लेकिन वहां जाकर जो उन्होंने विदेशी कंपनियों के साथ कई एमओयू कराने में अपनी भूमिका निभाई है उससे साहब का जलवा प्रदेश के मुखिया की नजर में और बढ़ गया है। यहां तक की प्रमुख विपक्षी दल के रडार पर अब साहब आ गए हैं और कुछ दिन पहले ही सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री ने उन साहब को लेकर एक तंज अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर किया था। ऐसे तो कई अधिकारी इस प्रतिनिधिमंडल में गए हैं लेकिन वहां की व्यवस्था को लेकर जो साहब ने इंतजाम कराए हैं उससे सभी लोग उनके इस फन के दीवाने हो गए हैं। अभी तक तो साहब का उत्तर प्रदेश में जलवा था लेकिन अब जब साहब का जलवा लोगों ने परदेस में देखा तो वाकई उनको मान गए। अब यह माना जा रहा है कि प्रतिनिधिमंडल के उत्तर प्रदेश वापस आने पर साहब को कोई प्रमुख जिम्मेदारी मिल सकती है क्योंकि अगले साल होने वाले अंतरराष्ट्रीय निवेश सम्मेलन को लेकर साहब को मुख्य भूमिका में लाना अब आवश्यक हो गया है।




## मौन धारण का राज

हमेशा विपक्ष की भूमिका निभाने वाले नेता जी आजकल मौन साधना में है। न तो उनका कोई स्टेटमेंट आ रहा है और न ही वह किसी मोर्चे पर दिखाई दे रहे हैं। नेताजी की मौन साधना से सरकार भी अपनी चाल से चल रही है। नेताजी के इस रवैये के पीछे भी राज है। पता चला है पिछले दिनों नेताजी के प्रमोशन की कमेटी लगी थी। अभी लिफाफा नहीं खुला है। जब तक लिफाफा नहीं खुलता तब तक वह मौन साधना में रहेंगे। दूसरे इलेक्शन के भी दिन नजदीक आने वाले हैं। ऐसे में नेताजी अपने किसी भी व्यवहार से किसी को नाराज नहीं करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने मौन साध लिया है। न बोलेंगे न ही कोई नाराज होगा। शायद नेताजी को समझ आ गया है कि लूटा कर घर आबाद नही होता।


## क्यों भई चाचा, हां भतीजा

निकाय चुनाव में हाईकोर्ट की रोक के बाद कई वार्डों में कभी खुशी कभी गम वाली स्थित है। इंदिरानगर में बाबू जगजीवन वार्ड में बीजेपी से अपनी दावेदारी ठोकने वाले प्रत्याशी आधा दर्जन से ज्यादा हैं जिससे यहां के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। नये नवेले प्रत्याशी के साथ भतीजा भी वर्तमान पार्षद महोदय को सामने आकर चैलेंज दे रहा है। पहले पार्षद की आंख के काजल थे वहीं अब फूटी आंख नहीं भा रहा है। जो कभी उनके आगे आंख नहीं उठाते थे, आज ताल ठोक रहे हैं। हालांकि राजनीतिक पंडित इन हालातों के जिम्मेदार वर्तमान पार्षद की स्वयं की गलतियों को मान रहे हैं। यह परिस्थिति क्षेत्रीय विधायक और पार्षद के बीच कई साल पहले हुए विवाद से उपजे हैं। दोनों के संबंध ऐसे बिगड़े जो फेसबुक जैसी सोशल साइटों पर उभर के सामने आ गए थे जिसका फायदा सयाने उठाने में जुटे हैं। फिलहाल अभी वार्ड के ही दूसरे ब्राह्मण चेहरे पर सत्तासीन पार्टी चुनाव लड़वाना चाहती है। वहीं, दूसरी ओर पार्षद का सगा भतीजा ही अब चाचा को चुनौती देने पर अड़ा हुआ है। क्षेत्र में चाचा भतीजे की पार्षदीय लड़ाई सबके सामने चर्चा का विषय बनी हुयी है। दोनों एक दूसरे की काट ढूंढने में जुटे हैं। एक सांसद की गणेश परिक्रमा कर रहा है तो दूसरा विधायक की पैलगी में रात दिन एक किए हैं।




## नए तो और गए बीते निकले

देश की सबसे पुरानी पार्टी की सूबाई इकाई की बद्तर हो चुकी दशा को सुधारने के लिए शीर्ष नेतृत्व का कोई भी नया प्रयोग सफल नहीं हो पा रहा है। विधानसभा चुनाव में बुरी तरह मुंह की खाने के बाद पार्टी ने अध्यक्ष बदलकर बुंदेलखंड की धरती से ताल्लुक रखने वाले और किसी जमाने में हाथी के साथी रहे नेताजी को कमान सौंप दी। इसके साथ ही नया प्रयोग यह किया कि उनके मातहत आधा दर्जन प्रांतीय अध्यक्ष भी बना दिए। जो नए सूबाई अध्यक्ष बनाए गए उनसे पार्टी को काफी उम्मीदें थीं लेकिन उन पर पानी फिरता नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि अध्यक्ष अपने ही मातहत दो प्रांतीय अध्यक्षों के कद के नीचे दबते चले जा रहे हैं। दरअसल वह पहले जिस दल में थे, उसी दल में ये दोनों प्रांतीय अध्यक्ष भी थे। पुराने वाले दल में दोनों का रुतबा अध्यक्ष से ज्यादा तो था ही पार्टी सुप्रीमो से नजदीकियां भी उनसे कहीं अधिक थीं। यही वजह है कि दोनों नई पार्टी में भी अपने को अध्यक्ष से सुपीरियर समझते हैं। अब स्थिति यह है कि पार्टी के निष्ठावान नेता यह कहते सुने जा रहे हैं कि नए वालों से अच्छे तो पुराने अध्यक्ष ही थे। कम से कम कुछ और नहीं तो वह सड़कों पर सरकार के खिलाफ खुलकर धरना प्रदर्शन करते तो नजर आते थे।



## दामाद के बचाव में उतरीं सास

हरा कपड़ा पहन कर लाल हुए नेता जी इस समय दर-दर भटक रहे हैं। आलम यह है कि उनके रहनुमा लाल टोपी वाले मुखिया भी उनका कोई खयाल नहीं रख रहे हैं। एक समय था जब यह हरे कपड़े वाले नेताजी शाम होते ही अपने लाल टोपी वाले मुखिया के साथ बैठकर घंटों एक दूसरे के गम और खुशियां बांटा करते थे। लाल टोपी वाले मुखिया से ज्ञान लेकर ही हरे कपड़े वाली नेताजी बयानबाजी किया करते थे। कुल मिलाकर यह नेता जी बड़बोले बन गए थे लेकिन इन्हें क्या पता था इनका यह बड़बोला पन ही इनके लिए घातक सिद्ध हो जाएगा। बयान ही बयान में इन हरे कपड़े वाले नेता जी ने भगवा सरकार के बड़े महाराज से पंगा ले लिया। अब तो आफत आनी तय थी। स्थितियां ये हो गई हैं कि हरे कपड़े वाली नेताजी खुद को बचाने के लिए दर-दर भागते फिर रहे हैं। हर दिन शाम को साथ बैठने वाले लाल टोपी वाले नेता जी भी इन पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। बड़े महाराज के प्रकोप से नेताजी को बचाने के लिए अब नेता जी की सास ढाल बनकर सामने आ चुकी हैं। देखना है वह कितनी मदद कर पाती हैं। फिलहाल लाल टोपी वाले मुखिया से तो कोई उम्मीद मिलती दिखाई नहीं पड़ रही है क्योंकि ऐसी स्थिति में मदद करना तो उनकी फितरत में नहीं है। इससे पहले भी एक बयान बहादुर नेता अपने पूरे परिवार के साथ जेल की हवा खा चुके हैं लेकिन लाल टोपी वाले मुखिया ने कोई सहयोग नहीं किया था।

## अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** आयोग द्वारा शनिवार 18 दिसम्बर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम लाल बहादुर शास्त्री गन्ना विकास संस्थान डालीबाग में पूर्वान्ह 11 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्तार अब्बास नकवी, पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री भारत सरकार तथा मुख्य वक्ता के रूप में दानिश आजाद अंसारी राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी अल्पसंख्यक आयोग के सचिव शकील अहमद सिद्दीकी ने दी।

## भुट्टो के बयान के खिलाफ राज्यभर में भाजपा का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पाकिस्तानी** विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के शर्मनाक बयान के खिलाफ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन किया और पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। लखनऊ में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पार्टी मुख्यालय से अटल चौक तक विरोध मार्च निकालकर बिलावल भुट्टो का पुतला जलाया। पार्टी कार्यकर्ताओं जिला स्तर पर भी जोरदार प्रदर्शन कर पाकिस्तानी विदेश मंत्री के बयान का विरोध करते हुए पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। पार्टी मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के बयान की भर्त्सना की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री का बयान उनकी कुंठा और मानसिक दिवालियेपन का परिचायक है। आज विश्व पटल पर पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद को पालने-पोसने और बढ़ावा देने वाले देश की बन गई है। पाकिस्तान में आतंकवाद की फैक्ट्री चलती है। पाकिस्तान के आंतरिक हालात और उसकी बदहाली किसी से छुपी नहीं है। पाकिस्तान के लगातार बिगड़ते आर्थिक हालात, सेना का मनमुटाव दुनिया भर के देशों से पाकिस्तान के खराब रिश्ते और आतंक को संरक्षण की पाकिस्तानी नीति से दुनिया का ध्यान हटाने के लिए पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने ऐसा गिरा हुआ और अमर्यादित बयान दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है। भारत की विदेश नीति की सराहना चहुओर हो रही है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मान-सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री पर अमर्यादित बयान देकर पाकिस्तान पर एक कलंक और लगाया है। लखनऊ में पार्टी कार्यकर्ता बिलावल भुट्टो के बयान के विरोध में हजारों की संख्या में पार्टी मुख्यालय पर एकत्र हुए।

## पीएसी स्थापना दिवस समारोह

# शौर्य, पराक्रम व कीर्ति के लिए जाना जाता है पीएसी बल

- प्रतियोगिताओं में विजेता व श्रेष्ठ कार्य करने वाली वाहिनियों, खिलाड़ियों के साथ ही मेधावी छात्रों को सीएम ने पुरस्कृत किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएसी बल अपने शौर्य व पराक्रम के लिए जाना जाता है। न सिर्फ यूपी बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सामना करने के लिए पीएसी ने सदैव तत्पर होकर कार्य किया। यूपी पीएसी बल को जब भी अवसर मिला उसने सर्वोत्तम करने का प्रयास किया। किसी भी बल की पहचान उसके शौर्य, पराक्रम के साथ कीर्ति से जानी जाती है। यह यूपी पीएसी बल के साथ जुड़ चुका है।

मुख्यमंत्री शनिवार को उत्तर प्रदेश पीएसी बल के स्थापना दिवस के मौके पर महानगर स्थित 35वीं वाहिनी पीएसी परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उनके आगमन पर डीजीपी डॉ. डीएस चौहान, एडीजी पीएसी डॉ. केएस प्रताप कुमार ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने गार्ड ऑफ ऑनर का मान-प्रणाम ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में 74 वर्ष की शानदार यात्रा के लिए पीएसी के सभी अधिकारियों व कार्मिकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री के सामने पीएसी के जवानों ने पीटी, मलखंभ, जिम्नास्टिक, बैंड व कमांडो ने दक्षता को लेकर हैरतअंगेज प्रदर्शन भी किया। इस दौरान सीएम ने प्रोन्नत किए गए दस पुलिस/पीएसी कर्मियों को पाइपिंग सेरेमनी के दौरान रैंक बैज कर शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि नागरिक पुलिस में आरक्षियों को मुख्य आरक्षी के पद पर प्रोन्नति और उत्तर प्रदेश पीएसी में मुख्य आरक्षियों को प्लाटून कमांडर के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता व श्रेष्ठ कार्य करने वाली विभिन्न वाहिनियों, खिलाड़ियों के साथ ही मेधावी छात्रों को भी पुरस्कृत किया। सीएम ने कहा कि यूपी पीएसी बल की 74वर्ष की शानदार यात्रा न केवल देश की सबसे बड़ी आबादी के राज्य में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने, बल्कि परंपरागत त्योहारों, जुलूसों, धार्मिक आयोजनों तथा विभिन्न अवसरों पर आम जनमानस की आस्था से जुड़े आयोजनों, राष्ट्रीय पर्वों, सामान्य स्थानीय निकाय निर्वाचन व प्रदेश भ्रमण के दौरान अति विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षित यात्रा की दृष्टि से किया गया योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है।

सीएम ने कहा कि खास तौर पर याद है कि जब 2001 में संसद पर कायराना हमला हुआ था उस समय यूपी पीएसी बल के जवानों ने जिस बुद्धिमत्ता व पराक्रम का परिचय दिया था। वह किसी से छिपा नहीं है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर हुए हमले में भी पीएसी ने तत्परता से कार्रवाई की और आतंकियों के मंसूबों पर पानी फेरा। यह उसके शौर्य, पराक्रम, कीर्ति व तत्परता का भी प्रतीक है। इसलिए यूपी का पीएसी बल सर्वोत्तम बल के रूप में जाना जाता है। सीएम ने बताया कि पिछले साढ़े 5 वर्ष के दौरान यूपी पुलिस में 1.60 लाख भर्तियों की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न करने के साथ अच्छी ट्रेनिंग व ट्रेनिंग की क्षमता को दोगुना किया गया। साथ ही यूपी पुलिस बल से जुड़कर सुरक्षा व कानून व्यवस्था में योगदान देने वाले प्रदेश के युवाओं को अवसर उपलब्ध प्राप्त हुआ। सीएम ने कहा कि यूपी पीएसी कार्मिकों के लिए अवस्थापना सुविधाओं का अभाव था। आज हर पीएसी वाहिनी में आवासीय सुविधा अच्छी हो सके इसके लिए हाईराइज बैरक के निर्माण की कार्रवाई युद्धस्तर पर चल रही है। प्रदेश की हर वाहिनी में इसे बनाने की कार्रवाई बढ़ा रहे हैं। किसी भी दक्ष फोर्स के लिए आवश्यक है कि व्यावसायिक दक्षता के साथ अच्छा प्रशिक्षण व उसे बुनियादी सुविधाओं से युक्त कर सकें और समय-समय पर प्रोन्नति के साथ भी जोड़ा जा सके। भविष्य में प्रोन्नति की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण, चिकित्सीय व्यवस्था को सुदृढ़ व पीएसी को सर्वोत्कृष्ट बनाने के लिए शासन ने पीएसी के सभी मदों में बजट की वृद्धि की है। पीएसी बल को सशक्त बनाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है जिससे आगामी चुनौतियों का सामना किया जा सके।

## राहुल गांधी का बयान शर्मनाक, जवानों व जनता से माफी मांगें: योगी

- जब भी देश के सामने चुनौती आती है, उनका यह चरित्र दिखता है: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बयान को निंदनीय व शर्मनाक करार दिया। सीएम ने कहा कि राहुल गांधी को देश की जनता व बहादुर जवानों से माफ ी मांगनी चाहिए। सीएम ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान अत्यंत ही अमर्यादित, बचकाना और राष्ट्रविरोधी तत्वों को प्रेरित करने वाला है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और भारत की बहादुर सेना को अपमानित करने वाला है। हम उनके बयान की निंदा करते हैं। देश व दुनिया इस बात को कह रही है कि भारत के बहादुर जवानों ने घुसपैठियों के कृत्यों को नाकाम किया। ऐसे में भारत के उन बहादुर जवानों के शौर्य व पराक्रम का सम्मान करने की बजाय कठघरे में खड़ा करना कोई भी भारतीय स्वीकार नहीं करेगा। सीएम योगी ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। डोकलाम में भी जब दोनों देशों के सेनाओं में तनातनी हुई थी उस समय भी भारत के जवानों के शौर्य व पराक्रम का सम्मान करने की बजाय कांग्रेस व राहुल गांधी का चरित्र जगजाहिर हुआ था। वे चीनी दूतावास से मिलकर भारत विरोधी कृत्यों को प्रश्रय दे रहे थे। उनका बयान निंदनीय व शर्मनाक है। जब भी देश के सामने संकट या चुनौती आती है इनका यह चरित्र पूरा देश इसी रूप में देखता है। यह भारत को कटघरे में खड़ा करते हैं। बहादुर जवानों के शौर्य व पराक्रम पर अंगुली उठाते हैं। हम कांग्रेस व राहुल गांधी की इस सोच की निंदा करते हैं। राहुल गांधी देश की जनता व बहादुर जवानों से माफी मांगें। देश को बार-बार कठघरे में खड़ा करने की बचकाना व अमर्यादित आचरण से उन्हें बचना चाहिए।

## प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को सीएम आज देंगे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** सीएम योगी माध्यमिक विद्यालयों में नवनियुक्त प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को रविवार को नियुक्ति पत्र देंगे। मिशन रोजगार के तहत पंचम चरण में 1395 लोगों को लोकभवन सभागार में नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेंद्र देव ने बताया कि इनमें 123 सहायक अध्यापक व 1272 प्रवक्ता शामिल होंगे। सहायक अध्यापकों में 74 महिला व 49 पुरुष तथा प्रवक्ता पद के लिए 870 महिला व 402 पुरुष होंगे।

## सीएम ने उत्तराखंड से आए मेधावी छात्र-छात्राओं के दल से की मुलाकात



- मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक भ्रमण पर आए छात्रों को अपनी यात्रा को लिपिबद्ध करने की दी सलाह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने आवास पर उत्तराखंड से आए मेधावी छात्र छात्राओं के एक दल से मुलाकात की। देव प्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों के 60 छात्र छात्राओं और 16 शिक्षकों का दल इस समय भारत भ्रमण शैक्षणिक दर्शन पर है। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों का ये दल लखनऊ के बाद अयोध्या और कानपुर भी जाएगा।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सभी मेधावी बच्चों और उनके शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया। मुख्यमंत्री को बताया गया कि मेधावी बच्चों का ये दल शनिवार को लखनऊ, रविवार को अयोध्या और सोमवार को कानपुर का शैक्षणिक भ्रमण करेगा। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी अपने शैक्षणिक भ्रमण को महज यात्रा भर ना रहने दें, इसे लिपिबद्ध जरूर करें। आप जहां भी जाएं, उसके बारे में लेख तैयार करें। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को लखनऊ में चिड़ियाघर और विधानसभा भवन देखने तथा मेट्रो रेल सेवा का अनुभव प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लखनऊ के चिड़ियाघर में उन्हें समृद्ध वन्यजीवन के दर्शन होंगे। इसके अलावा लखनऊ मेट्रो आधुनिक परिवहन की एक महत्वपूर्ण सेवा है जिससे आप सभी को परिचित होना चाहिए। सीएम ने बच्चों को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर, हनुमानगढ़ी और सरयू नदी के दर्शन करने को भी कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों के भ्रमण कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इस बात को सुनिश्चित किया जाए। सीएम योगी ने बच्चों से बातचीत के दौरान उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अटूट रिश्तों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत वर्तमान उत्तराखंड के ही रहने वाले थे। इसके अलावा हेमवती नंदन बहुगुणा और नारायण दत्त तिवारी भी उत्तराखंड के निवासी थे जिन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने बताया कि उनका भी जन्म उत्तराखंड में ही हुआ है और हाईस्कूल की शिक्षा उन्होंने टिहरी से प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को यूपी और उत्तराखंड के बीच की भौगोलिक विविधता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पौराणिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बिंदु है। शैक्षणिक यात्रा के दौरान आप सबको इसकी विशिष्ट विविधता के दर्शन होंगे।

मुख्यमंत्री ने दल में शामिल सभी सदस्यों को ओडीओपी के उपहार भी भेंट किया। मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करके विद्यार्थियों का दल भी गदगद दिखाई दिया। बच्चों ने सीएम से कहा कि अब तक उन्होंने सिर्फ टीवी में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखा था। आज पहली बार उन्हें सामने से देखना अकल्पनीय अहसास है।

# मल्टी स्पोर्ट्स सेंटर के निर्माण के लिए 600 करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिनिधिमंडल के साथ नीदरलैंड में किया रोड शो

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य एवं उच्च शिक्षा एवं आईटी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व प्रतिनिधिमंडल के साथ गए उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू सहित अन्य प्रतिनिधियों ने नीदरलैंड में रोड शो किया। इसे साथ ही प्रतिनिधिमण्डल ने उत्तर प्रदेश की विशेषताओं और महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए निवेश के प्रति नीदरलैंड को आमंत्रित किया। हेग नीदरलैंड्स में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने स्पोर्ट्स नेटवर्किंग के साथ मल्टी स्पोर्ट्स सेंटर स्थापित करने के लिए 600 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर कर एक दूसरे को सहयोग करने की सहमति व्यक्त की। एम्स्टर्डम, नीदरलैंड्स में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने मथुरा में वैलनेस सेंटर, इको टूरिज्म रिजॉर्ट तथा आईटी सेंटर स्थापित करने के लिए डच कंपनी नेटवर्किंग के साथ 100 करोड़ के एम ओ यू को साइन कर सहमति व्यक्त की। द हेग, नीदरलैंड्स में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में सड़क निर्माण के लिए नई तकनीकी तथा मशीनों के प्रयोग से उत्तम सड़कें निर्माण करने के लिए सम्बंधित के साथ वार्ता कर एक दूसरे को सहयोग करने की सहमति व्यक्त की। एम्स्टर्डम, नीदरलैंड्स में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने मुजफ्फरनगर एवं गाजियाबाद में अपशिष्टों से ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सहमति व्यक्त की। साथ ही कंपनी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एम्स्टर्डम में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय नीदरलैंड्स की भारतीय राजदूत श्रीमती रीनत संधू तथा उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ डच व्यवसायी समुदाय को उत्तर प्रदेश में आने और निवेश करने और उन सभी क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए आमंत्रित किया। नीदरलैंड अपनी तकनीकी प्रगति के माध्यम से कृषिए बागवानी और खाद्य प्रसंस्करण में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रोड शो के बाद उपमुख्यमंत्री ने भारत और उत्तर प्रदेश की तरफ से नीदरलैंड में अप्रवासी भारतीयों तथा नीदरलैंड मूल के लोगों को आने वाले नए साल की, क्रिसमस डे व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बढ़ते हुए भारत के साथ उत्तर प्रदेश में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने भारत और नीदरलैंड के बारे पूर्व के व्यापारिक रिश्ताए साझेदारी के बारे में भी विस्तार से प्रकाश डाला। और कहा भारत से नीदरलैंड के व्यापार और आयात निर्यात की दृष्टि से चौथा देश है और हमारे संबंधों में प्रगाढ़ता लगातार बढ़ रही है। यहां पर काफ ी संख्या में अप्रवासी भारतीय हैं और उसमें भी सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश और बिहार से हैं। भारत में बड़ी मात्रा में डच कंपनियां काम कर रही हैं। उन्होंने नीदरलैंड सरकार को आश्वस्त किया कि आपका निवेश सुरक्षित रहेगा। भारत में सबसे बड़ा आबादी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश है और उभरता हुआ प्रदेश है उत्तर प्रदेश के प्रति लोगों में आकर्षण बढ़ा है।

## स्टार कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड व यूपीएसआईडी के बीच एमओयू

**लखनऊ।** सिंगापुर में स्टार कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड और यूपीएसआईडी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्य पालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी और स्टार कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षर किए गए। 2000 करोड़ के निवेश से राज्य में लोगों के लिए रोजगार का सृजन होगा। भारत डेटा केंद्रों की मात्रा में बड़े पैमाने पर बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश सबसे बड़े डेटा सेंटर पार्कों में से एक है। उक्त का अनुसरण करते हुए इस औद्योगिक निवेश से राज्य में डाटा सेंटर और लॉजिस्टिक इकाइयां स्थापित होंगी। मयूर माहेश्वरी ने बताया कि आगामी डेटा केंद्र तकनीकी वृद्धि को बढ़ावा देंगे और संचालन को बढ़ाने की क्षमता का निर्माण करेगा और यूपी में उच्च उपलब्धता और आईटी कंपनियों की उपलब्धता और बेहतर उपयोग प्रदान करेगा। इसके अलावा वेयरहाउसिंग ओर लॉजिस्टिक इकाइयों की स्थापना में सभी संस्थाओं और उनके कार्यों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी इससे समयान्तर्गत समानो की उपलब्धता बनी रहेगी। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में भारी औद्योगिक निवेश लाना और राज्य के लोगो के लिए बड़ा रोजगार का आधार तैयार करना है।

## फाल्कनएक्स भी नोएडा में लगाएगा प्लांट

**लखनऊ।** फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए विदेशों से भारी निवेश आना तय हो गया है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में विभिन्न देशों का दौरा करके वहां ट्रेड शो और रोड शो के माध्यम से निवेशकों को आकर्षित कर रही टीम योगी को लगभग सभी देशों से सकारात्मक परिणाम मिले हैं। अमेरिका से लेकर यूरोप तक से निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक नजर आए हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में फाल्कनएक्स के सीईओ मुरली चिराला से मिला। इस अवसर पर 3 एमओयू भी साइन किए गए। इनमें से एक एमओयू विशेष रूप से नोएडा में प्लांट स्थापित करने के लिए है तो बाकी दो 20-20 करोड़ के निवेश से जुड़े एमओयू हैं। प्रतिनिधिमंडल ने ब्लूम एनर्जी के अध्यक्ष केआर श्रीधर से भी मुलाकात की और एनर्जी सेक्टर में इनोवेशन को लेकर उत्तर प्रदेश के साथ भागीदारी पर चर्चा की गई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के नेतृत्व में कनाडा के विभिन्न शहरों में रोड शो के दौरान निवेश के कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 18 दिसंबर, 2022



# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : जिलाधिकारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**माह के तृतीय** शनिवार को तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य रूप से एसपी संजीव सुमन, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ संदीप सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह मौजूद रहे।डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अफसरो को निर्देशित किया। जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस की पंजिका का अवलोकन कर गत संपूर्ण समाधान दिवसो में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर शिकायतकर्ताओ से फोन पर फीडबैक प्राप्त किया। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 65 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 29, पुलिस 17, विकास 08, नगर निकाय 05, आपूर्ति 04 एवं अन्य के दो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। तहसील पलिया में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, पीडी केके पांडेय, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ, सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। पलिया में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 19, पुलिस 14, विकास 07, विद्युत 05, नगर पालिका 04, जल निगम, शिक्षा, सिंचाई के एक-एक, अन्य के 03 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार,** तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मे उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। इसमें कुछ 53 शिकायती पत्र आऐ, 8 शिखयती पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की 42 शिकायती पत्र, विकास की तीन, कृषि और नगरपालिका की दो -दो पुलिस ,गन्ना और राशन की एक -एक शिकायती पत्र आयी,समाधान दिवस में पुलिस उपाध्यक्ष, तहसीलदार, विकास खण्ड अधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## करंट लगने से युवक की मौत

**बरेली** । घर में ही बिजली का तार ठीक कर रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। बिशारतगंज थाने के गांव खजुआई निवासी 32 वर्षीय विजेंद्र पाल पुत्र मनोहर लाल की कल शाम घर में ही करंट लगने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि विजेंद्र कल शाम को घर में बिजली का तार ठीक कर रहा था इसी दौरान शॉर्ट सर्किट के चलते वह करंट की चपेट में आ गया और बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा उसे गिरने के बाद घर के लोग उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए लेकिन वहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।

## भाजपा सांसद के नेतृत्व में पाकिस्तान के विदेश मंत्री का फूंका गया पुतला

**सीतापुर।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सियासी हमले करने में जुटे हैं। गुरुवार को न्यू यॉर्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिलावल ने सारी हदें पार कर दीं। भारत के विदेश मंत्री की ओर से 9ए 11 के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को पनाह देने वाली टिप्पणी पर पाकिस्तान के मंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निजी हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं भारत को बताना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन तो मर चुका हैए लेकिन गुजरात का कसाई अभी जिंदा है और भारत का प्रधानमंत्री है। संयुक्त राष्ट्र की बैठकों में हिस्सा लेने न्यूयॉर्क पहुंचे भुट्टो ने एस जयशंकर पर हमला बोलते हुए कहाए मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले अमेरिका ने उनकी एंट्री पर बैन लगा दिया था। पीएम मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आरोप लगाते हुए भुट्टो ने कहा कि दोनों भारत के नहींए आरएसएस के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री हैं।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001,
Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4127/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक : 17.12.22

**ई-निविदा संशोधन**

इस कार्यालय पत्रांक सं0 3965/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 07.12.2022 एवं ई-निविदा संसोधन पत्रांक सं0 4068/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 09.12.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कालसी ब्यास भूड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निमार्ण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

"जल संचय-जीवन संचय" अधिशासी अभियन्ता



**भौतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, दूसरी मंज़िल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर-बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे, महाराष्ट्र- 400604

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स कॉन्टिनेंटल कॉन्ट्रैक्टर्स एंड समीर सुभाष वली एंड सुभाष गोपीनाथ वली एंड कंचन वली एंड मेसर्स लक्ष्मण टूल्स प्राइवेट लिमिटेड एंड कंचन वली के डायरेक्टर-मेसर्स लक्ष्मण टूल्स प्राइवेट लिमिटेड और साकेत सुभाष वली के डायरेक्टर- मेसर्स लक्ष्मण टूल्स प्राइवेट लिमिटेड और समीर सुभाष वली- मेसर्स लक्ष्मण टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर और सुभाष गोपीनाथ वली के डायरेक्टर- मेसर्स लक्ष्मण टूल्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स राइनो एंड बोल्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और साकेत सुभाष वली के डायरेक्टर- मेसर्स राइनो एंड बोल्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और समीर सुभाष वली- मेसर्स राइनो एंड बोल्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और सुभाष गोपीनाथ वली के डायरेक्टर- मेसर्स कॉन्टिनेंटल कॉन्ट्रैक्टर्स और कंचन वली के पार्टनर- मेसर्स कॉन्टिनेंटल कॉन्ट्रैक्टर्स के पार्टनर/ LBMUM00005108978 | कार्यालय संख्या 201, दूसरी मंज़िल, ए-विंग, अरविंद चेम्बर्स, अरविंद चेम्बर्स परिसर सीएचएसएल, साईं सेवा केंद्र के ऊपर, डब्ल्यू.ई. हाईवे, सिंधिया सोसाइटी, सीटीएस नंबर 348, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई- 400069/ 15 दिसंबर 2022 | मई 30, 2021 ₹ 5,19,73,047.00/- | मुंबई/ ठाणे/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसम्बर 17, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


## सड़क हादसे के बाद नर्व ट्रांसफर से बची युवक की जान

**बरेली।** दिल्ली के पटपड़गंज स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में शाहजहांपुर के एक युवा लड़के को नया जीवन मिला है । इस लड़के का एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें उसकी वो नस डैमेज हो गई थी जो स्पाइनल कॉर्ड से कंधे, हाथ और बांह में सिग्नल भेजती है. इसके कारण लड़के का बायां कंधा और कोहनी ठीक से काम नहीं कर रही थी ।सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल कुलदीप शर्मा के काफी चोटें आईं, उसे सिर और पेट में काफी गहरी चोट आई। इस कारण वो बेसुध हो गया। तुरंत ही कुलदीप को पटपड़गंज के मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल लाया गया. यहां इमरजेंसी केयर यूनिट ने मरीज को तुरंत इलाज दिया और उसे होश में लाने का काम किया ।लेकिन सर्जरी के बाद मरीज को दिक्कत हो रही थी. वो बाईं कोहनी नहीं हिला पा रहे थे, साथ ही उनका बायां कंधा भी काम नहीं कर रहा था. इसके बाद इलाज के लिए प्लास्टिक सर्जरी विभाग में भर्ती किया गया ।मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने मरीज के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मरीज के अपर ब्रांचियल प्लेक्सस यानी स्पाइनल कॉर्ड से से कंधे, हाथ और बांह में सिग्नल भेजने वाली नस डैमेज हो गई थी । जिसके कारण बांया हाथ और उसी हाथ की कोहनी में मूवमेंट नहीं हो पा रहा था। इस स्थिति को ठीक करने के लिए मरीज का ऑपरेशन किया गया. ये सर्जरी सफल रही और बाद में भी मरीज को किसी किस्म की कोई दिक्कत नहीं हुई. अब उनकी फिजियोथेरेपी की जा रही है ।




## सड़कों पर मुस्तैद रहा प्रशासन, एआरटीओ ने की बड़े पैमाने पर कार्रवाई, हड़कंप

**लखीमपुर-खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे एवं उनका पूरा प्रवर्तन दल सड़कों पर मुस्तैद दिखा।

एआरटीओ ने थाना हैदराबाद क्षेत्र में बिना फिटनेस, टैक्स ना जमा होने पर दो बसें एवं दो मैजिक सीज की। वही भीरा थाना क्षेत्र में परमिट शर्तों के उल्लंघन एवं फिटनेस खत्म होने पर दो बस सीज कर थाने में खड़ी करवाई। वही चार बसों का चालान किया। लखीमपुर में परमिट के उल्लंघन एक बस सीज की। यही गैर फिटनेस वाले दो बकाए वाले ट्रकों को भी सीज किया। वही कई बिना फिटनेस दौड़ने वाले वाहनों को वार्निंग देकर छोड़ा।एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने लखीमपुर-बहराइच मार्ग पर पांच मैजिक को क्षमता से अधिक यात्रियों को बिठाने पर सीज कर थाने भिजवाया, वही प्रत्येक मैजिक में बैठी 15 से अधिक सवारियों को रोडवेज बसों के जरिए उनके गंतव्य के लिए रवाना करवाया। उन्होंने मैजिक चालकों से कहा कि यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ नहीं करने देंगे। उनकी इसी प्रकार से कार्यवाही जारी रहेगी। इतने बड़े पैमाने पर कार्यवाही से ट्रांसपोर्ट से जुड़े कारोबारियों में हड़कंप मच गया।



## दुर्घटना की मजिस्ट्रीरियल जांच शुरू

**लखीमपुर खीरी।** उप जिला मजिस्ट्रेट (सदर) श्रद्धा सिंह ने बताया कि 25 फरवरी 2020 को सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर संचालित गोला डिपो की अनुबन्धित वाहन संख्या यूपी-31-टी/8792 समय लगभग 20. 00 बजे रिलाइन्स पेट्रोल पम्प सीतापुर रोड के समीप एक राहगीर श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री रामकुमार निवासी ग्राम पिपरिया राजापुर सीतापुर रोड कोतवाली सदर जिला खीरी की रोड पार करते समय दुर्घटना हो गई, जिसके फलस्वरूप उनकी मृत्यु हो गई। घटना की मजिस्ट्रीरियल जॉच जिला मजिस्ट्रेट ने अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जा रही है। उन्होंने प्रश्नगत प्रकरण में जानकारी रखने वाले समस्त सम्बन्धित से अपेक्षा की कि वह 20 दिसंबर से 23 दिसंबर के मध्य किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य/अभिकथन प्रस्तुत कर सकते हैं।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4128/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक : 17/12/2022

**ई-निविदा संशोधनः**

इस कार्यालय पत्रांक सं0 4011/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 09.12.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चकराता | मलेथा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 353000.00 | ₹4000 + GST | 09 माह |
| 2 | चकराता | रायगी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 355100.00 | ₹4000 + GST | 09 माह |
| 3 | चकराता | जोगियो पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 367500.00 | ₹4000 + GST | 09 माह |
| 4 | चकराता | लोहारी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 343800.00 | ₹4000 + GST | 09 माह |
| 6 | चकराता | चिल्हाड़ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 370530.00 | ₹4000 + GST | 09 माह |
| 7 | विकासनगर | डाकपत्थर पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 368200.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 21.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 22.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग | 24.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 28.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 04.01.2023 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 04.01.2023 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | बिड खोलने की तिथि। | 05.01.2023 at 11:00 Hrs |

**शेष नियम एवं शर्ते निविदा के अनुसार यथावत रहेगें।**

"जल संचय-जीवन संचय" अधिशासी अभियन्ता


# पेज एक का शेष

### जीएसटी काउंसिल...

से अधिक होना, लंबाई 4,000 मिमी से अधिक होना और 170 मिमी या अधिक का ग्राउंड क्लीयरेंस शामिल है। उन्होंने कहा, यह स्पष्टीकरण कोई नया कर नहीं है। इसके जरिए सिर्फ एसयूवी श्रेणी पर लगने वाले कर को परिभाषित किया गया है। सीतारमण ने कहा कि एमयूवी पर चर्चा तब शुरू हुई जब कुछ राज्यों ने पूछा कि क्या सेडान को एसयूवी श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए। राज्यों ने एमयूवी की परिभाषा लाने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य, कर संग्रह को बढ़ाने के लिए हर स्तर पर जीएसटी का आधार बढ़ाने की कोशिश करेंगे। इस समय हर महीने औसतन लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी संग्रह होता है। वर्तमान में 1.40 करोड़ करदाता जीएसटी के तहत पंजीकृत हैं। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि परिषद ने जीएसटी के तहत तीन तरह की गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का फैसला किया है। इसमें किसी भी अधिकारी के काम में बाधा डालना, सबूतों के साथ जानबूझकर छेड़छाड़ और जानकारी देने में विफल रहना शामिल है।

### कांग्रेस चाहे...

प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि वे राहुल के बयान से हैरत में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि डोकलाम के दौरान भी उन्हें चीनी अधिकारियों के साथ सूप पीते हुए देखा गया था।' इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि भारत कब 'चीन पर चर्चा' करेगा, वे प्रधानमंत्री के अभियान 'चाय पे चर्चा' को लेकर तंज कस रहे थे। खड़गे ने कहा कि उन्हें भारत-चीन झड़प पर नहीं बोलने दिया गया, जबकि राज्यसभा के सभापति द्वारा इस मुद्दे पर चर्चा करने की अनुमति दी गई थी। खड़गे ने ट्वीट किया कि चीनी सेना जंफेरी रिज के पास डोकलाम इलाके में निर्माण कर रही है जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कारिडोर के बेहद पास स्थित है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल पर चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया। नड्डा ने गांधी पर फिर से हमारे सशस्त्र बलों के मनोबल को कम करने का आरोप लगाया और उनकी टिप्पणियों को अत्यधिक निंदनीय तथा अक्षम्य बताया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, यह उनकी (राहुल) देशभक्ति पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक पर भी सवाल उठाए थे। यह उनके दिमागी दिवालियापन का प्रतिबिंब है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रिमोट से संचालित नहीं होते हैं और अगर विपक्षी दल देश के साथ खड़ा है तो राहुल को उनकी टिप्पणियों के लिए निष्कासित किया जाना चाहिए, जिसने भारत का अपमान किया है और सशस्त्र बलों का मनोबल तोड़ा है। भाटिया ने गांधी की तुलना कन्नौज के राजा जयचंद से की जिन्हें कुछ ऐतिहासिक वृत्तांत में भारत से गद्दारी करने वाला व्यक्ति बताया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट...

नीति के संदर्भ में समय पूर्व रिहाई के लिए एक दोषी की याचिका पर विचार करने और दो महीने के अंदर फैसला करने के लिए कहा था। यह नीति दोषसिद्धि के समय लागू थी। गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों की सजा माफ करते हुए उन्हें 15 अगस्त को रिहा कर दिया था। प्रक्रिया के अनुसार, शीर्ष न्यायालय के फैसले के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका पर फैसला संबंधित निर्णय सुनाने वाले न्यायाधीश अपने कक्ष में करते हैं। कक्ष में विचार करने के लिए यह याचिका 13 दिसंबर को न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ के समक्ष आई थी। शीर्ष न्यायालय के सहायक पंजीयक द्वारा बानो की वकील शोभा गुप्ता को भेजे गए संदेश में कहा गया है, मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि उच्चतम न्यायालय में दायर उक्त पुनरीक्षण याचिका 13 दिसंबर 2022 को खारिज कर दी गई। इसमें कहा गया है, हमारे विचार से, पुनरीक्षण का कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए, पुनरीक्षण याचिका खारिज की जाती है। शीर्ष न्यायालय ने इसे अदालत में सूचीबद्ध करने की अर्जी भी खारिज कर दी। बानो ने एक दोषी की याचिका पर शीर्ष अदालत द्वारा 13 मई को सुनाए गए आदेश का पुनरीक्षण किए जाने का अनुरोध किया था। इससे पहले, दिन में बानो की वकील शोभा गुप्ता ने कहा कि वह शीर्ष न्यायालय के आदेश को पढ़ने के बाद भविष्य की रणनीति पर फैसला करेंगी।

### पत्नी से...

और उसके साथ झगड़ा करने लगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि झगड़े के बाद उसका पति बच्चे को छत पर ले गया और करीब 21 फुट की ऊंचाई से उसे नीचे फेंक दिया तथा इसके बाद वह खुद भी वहां से कूद गया। पुलिस ने कहा कि घटना के सिलसिले में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। दो दिन पहले ही राजधानी के एक निगम स्कूल की शिक्षिका ने पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा को कैंची मार कर घायल किया और उसे स्कूल की पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया था। उस बच्ची का भी अस्पताल में इलाज चल रहा है और वह बोलने और कुछ भी खाने में असमर्थ है। शनिवार को ही एक युवक ने घर में खुद को आग लगा ली। उसे बचाने के प्रयास में परिवार के पांच अन्य सदस्य झुलस गए।

### फिर बढ़े...

बढ़ गए हैं। इस साल मार्च में राजधानी में सीएनजी की कीमत करीब 58 रुपये थी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमतें 81.17 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 82.12 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी गई हैं। गुरुग्राम में सीएनजी अब 87.89 रुपये प्रति किलोग्राम मिलेगी। सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर किराए और जरूरी सामान की कीमतों पर पड़ेगा, क्योंकि अधिकांश सार्वजनिक परिवहन प्रणाली सीएनजी द्वारा संचालित होती है और परिवहन महंगा होने से खाद्य सामग्री समेत अन्य वस्तुएं की कीमतें बढ़ जाती हैं। भारत कमोडिटी का शुद्ध आयातक है और वैश्विक कीमतों में कोई भी बदलाव घरेलू कीमतों में परिलक्षित होता है। देश की 50 फीसदी मांग आयात से पूरी की जाती है। वर्ष 2020-21 तक भारत में प्राकृतिक गैस की कुल खपत 48 मिलियन मीट्रिक टन थी, जिसमें से 25 मीट्रिक टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया था, जबकि 23 मीट्रिक टन का आयात किया गया था।

### ममता ने...

मवेशियों की तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र में वृद्धि की पृष्ठभूमि में चर्चा के दौरान कथित तौर पर मुख्यमंत्री और अर्धसैनिक बल के अधिकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कमांड बल के लिए अधिक परिचालन क्षेत्र दिए जाने के मुद्दे पर अपनी कड़ी नाराजगी जाहिर की। केंद्र ने पहले ही सीमावर्ती राज्यों में बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किमी से बढ़ाकर 50 किमी कर दिया था। सीमावर्ती राज्यों में बंगाल भी शामिल है। खबरों के मुताबिक मुख्यमंत्री बनर्जी ने गृह मंत्री शाह के साथ आमने-सामने की बैठक में इस मुद्दे को दूसरी बार उठाया है। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की ढाई घंटे चली बैठक के बाद बनर्जी ने अपने कार्यालय में शाह के साथ लगभग 20 मिनट तक मुलाकात की। सूत्रों ने कहा कि इस बैठक में उन्होंने कथित तौर पर एक बार फिर बीएसएफ का मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने पूछा कि बीएसएफ किस आधार पर और अधिक जमीन की मांग कर रहा है। यह संभव नहीं होगा। उनकी सरकार इस प्रकार मांग को पूरा नहीं कर सकती। बाद में बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बीएसएफ को चौकियां बनाने और फेंसिंग कराने के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह सवाल उठ रहे हैं कि बंगाल से लगी लंबी सीमा पर पूरी तरह बाड़ अभी तक क्यों नहीं लगाई जा सकी है। राज्य सरकार आखिर जमीन क्यों नहीं दे रही। हम गृह मंत्री से आग्रह करेंगे कि सीमा पार से होने वाली तस्करी और घुसपैठ को रोकने के लिए बनने वाली बीएसएफ पोस्ट व फेंसिंग निर्माण के लिए जमीन खरीदें। बैठक में मुख्यमंत्री ने पड़ोसी बिहार और अन्य राज्यों से होने वाली हथियारों की तस्करी का मुद्दा उठाया और संबंधित पक्षों से इस अंकुश लगाने की अपील की। एक अधिकारी ने बताया कि 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद (ईजेडसी) की बैठक में राज्यों के बीच परिवहन सुविधाओं और जल-बंटवारे पर भी बातचीत हुई। शाह परिषद के अध्यक्ष हैं। बैठक में उनके साथ गृह मंत्रालय के पांच अधिकारी थे।

### पीएम पर...

विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी की और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना की थी। भाजपा कार्यकर्ताओं के मार्च का नेतृत्व लखनऊमें पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रमुख भूपेंद्र सिंह चौधरी ने और पटना में बिहार इकाई के प्रमुख संजय जायसवाल ने किया। भाजपा की उप्र इकाई के एक नेता ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला भी फूंका। पार्टी प्रवक्ता हीरो बाजपेई ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने उप्र भाजपा कार्यालय से अटल चौक (राज्य की राजधानी के हजरतगंज क्षेत्र में) तक एक जुलूस निकाला, और बिलावल भुट्टो के खिलाफ नारे लगाए। उप्र भाजपा प्रमुख भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला भी फूंका। उन्होंने भुट्टो पर तंज कसते हुए कहा, "वह (बिलावल भुट्टो) विदेश मंत्री नहीं, बल्कि विद्वेष मंत्री हैं। वहीं, पत्रकारों से बात करते हुए चौधरी ने कहा, पाकिस्तान के विदेश मंत्री भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) के बारे में दिया गया बयान बेहद आपत्तिजनक है। वह हमारे प्रधानमंत्री के बारे में कही गई बातें और अपना बयान वापस लें तथा (भारत के) 135 करोड़ लोगों से माफी मांगे। लखनऊ में जारी एक बयान में भाजपा की उप्र इकाई ने कहा कि भुट्टो की टिप्पणी उनकी हताशा और मानसिक दिवालियापन का संकेत देती है। चौधरी ने कहा, आज, विश्व पटल पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में है जो आतंकवाद को बढ़ावा देता है। पाकिस्तान में आतंकवाद की फैक्टरी संचालित हो रही है। उत्तर प्रदेश में अमेठी, उन्नाव, मुजफ्फरनगर, बागपत, भदोही, बलिया, मेरठ, बुलंदशहर, महाराजगंज और बदायूं से भी प्रदर्शन की खबरें हैं। बागपत की जिला पंचायत के भाजपा सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री का सिर कलम करने वाले व्यक्ति को वह दो करोड़ रुपए का ईनाम देंगे। बंसल ने कहा कि मैं ऐलान करता हूं कि बिलावल भुट्टो का सिर धड़ से अलग करने वाले को मैं अपनी ओर से दो करोड़ रुपए का इनाम दूंगा। वहां मौजूद भीड़ ने मनुपाल बंसल जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद, पीटीआई-भाषा से बातचीत करते हुए मनुपाल बंसल ने कहा कि वह अपने बयान पर कायम हैं।

### क्रोएशिया ने...

बार परीक्षा भी ली। पर क्रोएशियाई टीम अपनी बढ़त को और नहीं बढ़ा सकी। क्राएशिया को सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से 0-3 से जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मोरक्को को गत चैम्पियन फ्रांस से 0-2 से हार मिली थी। मोरक्को के लिए हालांकि यह विश्व कप यादगार रहेगा।


**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनजीत कुमार सिंग/ उर्मिला सिंग/ LBNOD00004973390 | शॉप नंबर- ओ-683, छठा फ्लोर, विंग-बी गौर सिटी सेंटर, प्लॉट नंबर- जीएच 01, सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा/14 दिसंबर, 2022 | अक्टूबर 16, 2021 रु. 11,73,237/- | दिल्ली एनसीआर |
| 2. | प्रशांत चंडोला/ अमिता बिस्त/ LBDEL00002179835 | फ्लैट नंबर-748, 7वीं मंजिल टावर एफ, गौर अतुल्यम, प्लॉटनो जीएच-01, ए, सेक्टर- ओमिक्रॉन-1, नोएडा, उत्तर प्रदेश/13 दिसंबर, 2022 | जून 23, 2021 रु. 28,65,002/- | दिल्ली एनसीआर |
| 3. | दीपक कुमार/ परमानंद धुलन/ LBDEL00004958289 | संपत्ति संख्या- 11, छत के साथ तीसरी मंजिल, ब्लॉक-बी, पॉकेट- 3, सेक्टर- 16, रोहिणी, दिल्ली-110085/ 12 दिसंबर, 2022 | अगस्त 30, 2022 रु. 26,27,797/- | दिल्ली एनसीआर |
| 4. | मोहम्मद शहजाद/ रशिदा मलिक/ LBNOD00005106171 | फ्लैट नंबर- ओ- 625, छठी मंजिल, विंग-बी गौर सिटी सेंटर, प्लॉट नंबर जीएच-01, गौर सिटी, सेक्टर-4 ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/14 दिसंबर, 2022 | जुलाई 29, 2022 रु. 7,48,045/- | दिल्ली एनसीआर |
| 5. | मोहम्मद शहजाद/ रशिदा मलिक/ LBNOD00004964064 | शॉप नंबर- ज-977, 9वीं मंजिल, विंग बी गौर सिटी सेंटर प्लॉट नंबर- जीएच-01, गौर सिटी, सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा 201307/14 दिसंबर, 2022 | जुलाई 29, 2022 रु. 5,12,957/- | दिल्ली एनसीआर |
| 6. | नीरजा शर्मा/ विनय कुमार/ LBNOD00002198890 | ई-201, दूसरी मंजिल, टावर-ई, ऑफिसर सिटी, एनएच-58, राज नगर एक्सटेंशन, उत्तर प्रदेश, गाज़ियाबा।/ 13 दिसंबर, 2022 | जुलाई 30, 2022 रु. 29,07,743/- | दिल्ली एनसीआर |
| 7. | किरण अरोरा कपूर/ सुरिंदर कपूर/ LBGUR00004663386 | प्रॉपर्टी, नंबर- सी-12/160, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, ब्लॉक-सी-12, यमुना विहार, रेजिडेंशियल कॉलोनी, शाहदरा, दिल्ली/ 15 दिसंबर, 2022 | जुलाई 29, 2022 रु. 75,51,214/- | दिल्ली एनसीआर |
| 8. | बबिता कुमारी/ उपदेश कुमार रे/ LBGUR00004837466 | प्लॉट नंबर- सी-12/337, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर, रूफ/टेरेस राइट्स के साथ, ब्लॉक सी 12, यमुना विहार, दिल्ली/15 दिसंबर, 2022 | जुलाई 29, 2022 रु. 75,51,622/- | दिल्ली एनसीआर |
| 9. | सुरेंद्र राव मालवे/ दुर्गा मालवे/ LBDEL00005680801/ LBDEL00005680802 | प्रॉपर्टी नंबर- 225 और 226, सेकेंड फ्लोर, विदाउट रूफ राइट्स, ब्लॉक-जी, पॉकेट-26, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली/14 दिसंबर, 2022 | जुलाई 30, 2022 रु. 43,42,018/- | दिल्ली एनसीआर |
| 10. | सुमन चावला/ मनोजकुमार चावला/ LBDEL00004364956 | फ्लैट नंबर 0602, छठी मंजिल, टॉवर सीएस7, केप टाउन, प्लॉट नंबर जीएच 01/ए सेक्टर-74, नोएडा, उत्तर प्रदेश, गौतम बुद्ध नगर/13 दिसंबर, 2022 | जुलाई 30, 2022 रु. 42,87,760/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 17, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# जन शिकायतों के निस्तारण में न बरती जाये लापरवाहीः डीएम

संवाददाता। फतेहपुर



**श्री सोहनलाल** द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कालेज बिंदकी के सभागार में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज राजस्व, विकास, पुलिस, विद्युत आदि विभागों से संबंधित कुल 107 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलंब नहीं होने पाये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना जाए और धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि शिकायतकर्ता को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर न जाना पड़े।

इस अवसर पर काशी तामिल संगम कार्यक्रम में खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कालेज बिंदकी की छात्रा सोनम देवी ने प्रथम स्थान, प्रदेश स्तरीय बधादौड 80 मी0 गोरखपुर में चौथा स्थान पाने वाली छात्रा सोनाक्षी देवी, अंकिता सिंह-राजकीय बालिका इंटर कालेज बिंदकी मंडल गोल्ड मेडलिस्ट मैनेजर एथलीट, लखनऊ में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में सांप-सीढ़ी के माध्यम से बच्चों को अच्छी बुरी खाने वाले खाद्य पदार्थ की प्रदर्शनी में तृतीय स्थान पाने वाली राजकीय बालिका इंटर कालेज बिंदकी की स्वाति को प्रशस्ति देकर जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। साथ ही भूरि-भूरि सराहना किया।

## डीएम ने रैन बसेरा बिंदकी का किया निरीक्षण

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** जिलाधिकारी श्रुति ने तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में भाग लेने के पश्चात रैन बसेरा बिंदकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आने वाले मुसाफिर को रुकने के लिए की गयी व्यवस्थाओं इंट्री रजिस्टर, बेड, कंबल, तकिया, शौचालय, बाथरूम आदि को देखा। कहा कि शौचालय, बाथरूम में साबुन/हैंडवाश को रखा जाये। ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मुसाफिरों को रैन बसेरा में ठहरने में किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। इसके लिए परस्पर निगरानी के लिए नायब तहसीलदार को लगाने के निर्देश उप जिलाधिकारी बिन्दकी को दिये। डीएम ने ठंड से बचाव के लिए गरीब एवं बेसहारा नागरिकों के बीच चार सैकड़ा कंबलों का वितरण किया। कंबल पाकर नागरिकों के चेहरे पर खुशी दिखी।

## भाजपा ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री का फूंका पुतला

● पीएम पर टिप्पणी नहीं होगी बर्दाश्त, पाक मांगे माफीः जिलाध्यक्ष

संवाददाता। फतेहपुर



**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की अभद्र टिप्पणी के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने पुतला दहन किया और पाकिस्तान से मांगी मांगने की आवाज उठाई। बताते चलें कि गुरुवार को न्यूयॉर्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिलावल ने सारी हदें पार कर दीं। भारत के विदेश मंत्री की ओर से 9/11 के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को पनाह देने वाली टिप्पणी पर पाकिस्तान के मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निजी हमला बोलते हुए कहा, मैं भारत को बताना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन तो मर चुका है, लेकिन गुजरात का कसाई अभी जिंदा है और भारत का प्रधानमंत्री है। जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि दुनिया का इकलौता ऐसा प्रधानमंत्री जिनका लोहा समूची दुनिया मानती हो उनके लिए पाकिस्तान जैसा भिखमंगा देश यदि टिप्पणी करेगा तो यह बर्दाश्त से बाहर होगा। जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा मधुराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत विश्व गुरु बनने की कगार पर खड़ा है। ऐसे समय अदने से देश के मंत्री की ऐसी प्रतिक्रिया बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसी अभद्र टिप्पणी पर पाकिस्तान को समूची दुनिया के मंच से माफी मांगनी चाहिए। इस मौके पर जिला महामंत्री पुष्पराज पटेल, उदय सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष अर्चना त्रिपाठी, जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सावन गुप्ता, जिला मंत्री राजवर्धन सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिवम ओमर, नगर अध्यक्ष किशन शुक्ला, अमित परिहार, योगाशु श्रीवास्तव, शिवम तिवारी, मनोज मिश्रा, सचिन विश्वकर्मा, राहुल वर्मा, रोहित अवस्थी, रोहित शर्मा, डा. शिव प्रसाद त्रिपाठी, पुष्पा पासवान, कुलदीप भदौरिया, मंजू शुक्ला, स्वरूप राज सिंह आदि सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### निलंबित होने के दो दिन पहले सचिव बनाये गये थे संगठन के अध्यक्ष

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा ब्लाक के दो दिन पहले निलंबित किये गये ग्राम पंचायत अधिकारी(सचिव)ओमप्रकाश प्रजापति को संगठन का अध्यक्ष बनाया गया था। सचिव अक्सर ब्लाक में जाति विशेष धर्म पर गलत टिप्पणिया किया करते थे। इसकी कई मर्तवा शिकायत भी आ चुकी थी। डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि सचिव को जांच में प्रशासनिक काम मे कोई रुचि न लेने के साथ साथ धार्मिक भावनाओं के भड़काने का काम करते थे। सचिव हमेशा शासन के विरुद्ध काम करता था,उसे कई मर्तवा चेतावनी भी दी जा चुकी थी मगर वह अपनी हरकतों से बाज नही आ रहा था। कई मर्तवा आदेश देने के बाद भी गौवंशों के संरक्षण के भुगतान का उपभोग प्रमाण पत्र जमा नही किया,फेक बुक में हमेशा धार्मिक उन्माद फैलाने वाले कमेंट किया करता था जो जांच में सही पाया गया लिहाजा जिलाधिकारी के आदेश पर उसे निलंबित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि सचिव के कार्यों की जांच करायी जाये तो चौकाने वाले तथ्य सामने आयेगे।

### समाधान दिवस में आयीं 72 शिकायतों में 8 का मौके पर ही निस्तारण

**घाटमपुर।** तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पंहुचे 72 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज करायी जिनमें 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी अमित कुमार ओमर ने फरियादियों की षिकायते सुी और समय सीमा मे आधीनस्तों को निस्तारण का आदेश दिया। तहसीलदार एस0पी0 सिंह ने बताया कि दिवस में कुल 72 शिकायतें आयी जिनमें 30 राजस्व और 15 पुलिस बिभाग से संवन्धित थी इसके अलावा ब्लाक 10, बिजली बिभाग 6 और नगर पालिका व आपूर्ति 2 तथा बाकी अन्य बिभागों की थी। दिवस में एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला और थाना अध्यक्ष सजेती के अलावा ब्लाक और बिद्युत बिभाग सहित कई बिभागों के अधिकारी !कर्मचारी मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस कायमगंज मे 166 शिकायतों में 21 का मौके पर निस्तारण

**कायमगंज फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पर्ण समाधान दिवस मे कुल 166 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 21 का निस्तारण तुरंत किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस आये सभी फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक एवं न्यायोचित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सम्पर्ण समाधान दिवस मे कुल 166 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 21 का निस्तारण तुरंत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत मोनिका यादव , विधायक कायमगंज सुरभि गंगवार, मुख्य चिकित्साधिकारी उप जिलाधिकारी कायमगंज व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम-एसपी ने फरियादियों को सुनकर देखे मतदान केंद्र

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में मानिकपुर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये गये। शनिवार को डीएम-एसपी ने तहसील मानिकपुर सभागार में फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में पुलिस एवं राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर शिकायतों का निस्तारण करायें। इसी क्रम में डीएम-एसपी ने नगर पंचायत मानिकपुर के मतदान केन्द्र आदर्श इंटर कालेज, प्राथमिक विद्यालय भाग एक व दो तथा कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण कर बूथों की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ईओ नगर पंचायत रामआशीष वर्मा को निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों के बूथों में रैम्प नहीं बने हैं, तत्काल बनवायें। विद्यालयों की अच्छे ढंग से सफाई करायें। प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा, विद्युतीकरण, शौचालय, पेयजल आदि को देखा। ईओ ने बताया कि नगर पंचायत में चार मतदान केन्द्रों में 14 बूथ बनाये जाते हैं। कुल मतदाता 14279 हैं। डीएम ने एसडीएम व ईओ से कहा कि नगर निकाय चुनाव को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में व्यवस्थायें चौकस की जायें। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, सीओ शीतला प्रसाद पाण्डेय, बीएसए लवप्रकाश यादव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीडीओ आरके त्रिपाठी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, तहसीलदार मानिकपुर विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

### निर्माणाधीन मकान से गिरकर राजगीर की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बक्सपुर में शनिवार की सुबह नये घर का निर्माण करते समय नीचे गिरने से 45 वर्षीय राजगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया जहॉ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बक्सपुर गांव निवासी राजगीर अशोर कुमार पुत्र रामदास राजगीर था। बताते हैं कि वह पंचू गुप्ता नामक के नये घर का निर्माण हो रहा था जिसमें काम करते समय वह नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल उसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया जहॉ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के कैची मोड़ के समीप एनएच-2 में चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से 28 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया जहॉ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र बरौरा गांव निवासी श्यामलाल का पुत्र अनिल कुमार बाइक द्वारा किसी काम से जा रहा था। जब वह कैची मोड़ के समीप एनएच-2 में पहुंचा उसी समय तेज रफ्तार आ रही चार पहिया ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में पहुंचाया जहॉ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### छत से गिरकर बच्ची घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सैय्यदवाडा मोहल्ले में शनिवार की सुबह खेलते समय छत से गिरकर चार वर्षीय मासूम बच्ची घायल हो गई जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहॉ उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिये रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सैय्यदवाड़ा मोहल्ला निवासी राजेश की पुत्र श्रेया आज सुबह अपने मॉ लालती देवी के साथ छत पर थी। इसी दौरान खेलते खेलते बच्ची छत से नीचे गिर पड़ी और घायल हो गयी। परिजन उसे तत्काल उसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहॉ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिये रेफर कर दिया है।

## वैदिक काल से ही बेशिक साइस का उपयोग कृषि और पशुपालन होता था

**घाटमपुर।** श्री शक्ति डिग्री कालेज शाखाहारी में चल रहे 15 दिवशीय कार्यक्रम में शनिवार को कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पधारे वारिष्ठ कृषि बैज्ञानिक एंव विभागाध्यक्ष पशुपालन बिभाग चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्व विद्यालय कानपुर के प्रोफेसर वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे देश बैदिक काल से बेशिक सांइस का उपयोग कृषि और पशुपालन में किया जाता था, परन्तु बिदेश ज्ञान के अंधा-धुन्ध अनुकरण के कारण हमने अल्प काल के लिये कृषि उपज एंव दूध की पैदावार बढा ली परन्तु अब इसके कुप्रभाव सामने आने लगे है, खेती बंजर होने का खतरा मड़राने लगा है और गलत क्रास बीडिंग से गायो के दूध में हानि कारक तत्व बनने लगे हैं। प्रो0 श्रीवास्तव ने बताया कि देशी गाय के दूध में ए-2 केजी प्रोटीन होती है जो मानव शरीर के पोषण के



लिये स्वर्ण अमृत के समान होता है। परन्तु जब देशी गाय की क्रास ब्रीडिंग बिदेषी बैल से करायी जाती है तो ए-1 कोंजिन प्रोटीन दूध में आ जाती है और ये दूध पीने से हानि कारक तत्व शरीर में आ जाते हैं और कई प्रकार की बीमारियों का जन्म देती हैं। कृषि बैज्ञानिक डा0 पी0एन0 अवस्थी ने भी अपने संबोधन में कृषि उपज बढ़ाने और दूध डेरी के लिये बिकास को लेकर बिस्तार से बताया और कहा इससे आर्थिक बिकास होगा, उन्होने कम्पोस्ट खाद बनाने की विधि भी बतायी। महाविद्यालय के प्रबन्धक विनय त्रिवेदी ने अतिथियों का स्वागत एंव स्मृति चिन्ह देकर संम्मानित किया।

## भाजपा ने भुट्टो का पुतला फूंककर जताया विरोध

**बाँदा।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री विलावल भुटटो जरदारी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमर्यादित टिप्पणी करने पर भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा द्वारा अशोक लाट कचहरी तिराहे पर भुटटो का पुतला फूँककर विरोध प्रदर्शित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व व जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद व सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का पैदल मार्च जी आई सी मैदान से निकालकर अशोक लाट तिराहे पर पहुंचकर विलावल भुटटो का पुतला फूँकाऔर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये। इस अवसर पर राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि आतंकवाद की फैक्ट्री पाकिस्तान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डर लगता है तथा चीन की कुटाई के बाद विलावल भुटटो जरदार बौखलाया हुआ है पाकिस्तान के अपने विदेश मंत्री के इस बचकाना बयान पर सार्वजनिक माफी मांगने चाहिए। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी



ने कहा कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ साजिश करता रहता है लेकिन भारत की क्षमता के आगे घुटने टेक देता है यह बयान इसी साजिस का एक हिस्सा है। भारत को इसके लिए भारत से माफी मांगनी चाहिए । जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री के लिए जरदारी द्वारा दिये गए बयान बहुत ही निंदनीय व शर्मनाक हैं हैम इसका बिरोध करते है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, विधायक नरैनी ओम मणि वर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल पटेल, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार राज, जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, जिला सह संयोजक नगर निकाय चुनाव उत्तम सक्सेना , धर्मेंद्र त्रिपाठी, कल्लू राजपूत, ममता त्रिपाठी, अमित सेठ भोलू, पुष्कर द्विवेदी, वंदना गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु की, दहेज उत्पीडन का मामला

**मौदहा ( हमीरपुर )।** ग्राम टिकरी की एक महिला ने अपने पति समेत सास के खिलाफदहेज को लेकर मारपीट व जान से मारने का प्रयास करने का मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज होते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जनपद उन्नाव के थाना अचलगंज आजाद मार्ग चौराहा बाईपास निवासी दिशा शुक्ला पत्नी विकास शुक्ला ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि 16 दिसंबर की रात वह अपने मायके ग्राम टिकरी में अपने माता-पिता के घर में थी तभी उसका पति विकास शुक्ला चार पहिया वाहन में सवार होकर आया और दिशा से दहेज के रूप में पांच लाख रुपया मायके से दिलाने का दबाव बनाने लगा जिस पर दिशा द्वारा मना करने पर विकास ने गाली गलौज करते हुए दिशा को मारना पीटना शुरू कर दिया। शोर-शराबा सुनकर पड़ोसी भी एकत्रित हो गए तभी किसी ने 112 पुलिस को सूचना कर दी जिसने मौके पर पहुंच पीड़िता की बात सुन आरोपी पति को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया।

## भाजपा सरकार में किसानों को नहरों से मिल रहा सिंचाई के लिए भरपूर पानी : संसद

● पयश्वनी मुख्य नहर की सर्विस रोड का सांसद ने किया शिलान्यास

संवाददाता। चित्रकूट

**बांदा-चित्रकूट** सांसद आर के सिंह पटेल ने शनिवार को गढ्ढा मुक्ति योजना के तहत सिंचाई प्रखंड कर्वी की पयश्वनी मुख्य नहर की सर्विस रोड के नवीनीकरण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

शनिवार को सांसद आर के सिंह पटेल ने जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे , ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील कुमार द्विवेदी तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर पयश्वनी मुख्य नहर की सर्विस रोड का शिलान्यास किया। सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार ने बताया कि गढढा मुक्ति



शिलान्यास करते सांसद आर के सिंह पटेल पायनियर

योजना के तहत पयश्वनी नहर के किमी. 0.650 से 4.020 किमी., 8.300 से 9.600 तथा किमी. 10.500 से 17.150 तक गढढा मुक्ति का कार्य किया जायेगा। इस मौके पर सांसद आर के सिंह पटेल ने जनता से समक्ष केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां एवम योजनाओं की जानकारी दी। जनता की समस्याओं को सुनी पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने किसानों को पानी देने के साथ-साथ सड़कों को बेहतर बनाने की दिशा में बहुत कार्य किये है।कहा कि जहां आप लोगो को 20 साल से पानी नहीं मिल रहा था आज सिंचाई विभाग द्वारा अच्छा कार्य कर नहर की अच्छी सफाई कर किसानों के टेल तक भरपूर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पयश्वनी नहर की पटरी पक्की हो जाने से बनकट से लेकर कुचाराम तक आमजनमानस को बहुत लाभ होगा। भाजपा सरकार में हर खेत को पानी देने के लिए कई परियोजनाएं बनाकर सिंचाई विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि जनता की हर समस्याओं को पूरा करने का आश्वाशन दिया गया है। कहा कि कोई भी हो मेरा मोबाइल 24 वो घंटा खुला रहता है आप कभी फोन कर अपनी समस्या बता सकते है आपका हर कार्य पूर्ण किया जाएगा। ग्राम सभा कुचारम की प्रधान श्रीमती प्रतिभा देवी ने चौरा और देवल ग्राम को जाने वाली नहर पटरी को पक्का करने की मांग की।जिसे संसद द्वारा अगले वित्तीय वर्ष सिंचाई विभाग द्वारा कराए जाने को आश्वस्त किया। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता आशुतोष कुमार ने विभागीय कार्य योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक अभियंता गुरु प्रसाद, जूनियर इंजीनियर जय प्रकाश , देवेंद्र शुक्ला , अजय कुमार , नरेंद्र कुमार तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष, ग्राम प्रधान देवल, ग्राम प्रधान पथरामानी, ग्राम प्रधान वरवरा,चिल्ला, कलवारा, कुचरम, परसौजा सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस, 104 शिकायतों में तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस रसूलाबाद तहसील में कार्यवाही संपन्न हुई। इस दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं। रसूलाबाद तहसील सभागार में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान 104 शिकायतें आईं, जिसमें 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण हो गया। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस की कार्रवाई संपन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने भी आये फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान जनपद की जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय रहते संबंधित अधिकारी निस्तारित कर लिया करें। प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की पुनरावृत्ति होती है तो यह समझ में आता है कि शिकायतों के निस्तारण में अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। शनिवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में गोपालपुर सरैया की रहने वाली सुष्मिता देवी ने बताया कि पूर्व प्रधान दबंगई के बल पर पंचायत घर में कब्जा किए हुए है। इसी प्रकार के अन्य लोगों ने भी अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। राजस्व विभाग के 46, विकास विभाग 19, पुलिस 13,ग्राम विकास 5, विद्युत विभाग 4 व शेष अन्य शिकायतें रहीं। इस मौके पर उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, डीपीआरओ अभिलाष बाबू, तहसीलदार राजकुमार चौधरी, तहसीलदार मनोज रावत, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद द्विवेदी, खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार आदि रहे।

## चारे का भुगतान न करने से प्रधान परेशान

**कुरारा ( हमीरपुर )।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में संचालित अन्ना पशु आश्रय स्थल में सरंक्षित गौबंश को चारा की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा करने के बावजूद चारे का भुगतान न होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान संघ ने बैठक कर इस समस्या का समाधान कराये जाने के लिए खंड विकास अधिकारी से मांग की है। क्षेत्र में 38 ग्राम पंचायत में अन्ना पशु आश्रय स्थल ग्राम पंचायत द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। इनमें सरंक्षित गौबंश को चारा पानी की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा की जा रही है। जुलाई माह से अभी तक चारा के लिए भुगतान नहीं किया गया है। इससे संचालन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसी तरह चारा की व्यवस्था की गई है। जिसके भुगतान के लिए चारा वाले परेशान कर रहे हैं। डिमांड मांग लगाने के बाद भी ग्राम पंचायतों में अन्ना गौबंश के चारे के भुगतान नहीं हो पा रहा है। ग्राम प्रधान संघ ने बैठक कर खंड विकास अधिकारी से चारा व्यवस्था के लिए भुगतान कराये जाने की मांग की है।

## एपीएल के खिलाड़ियों को अतिथियों ने ट्राफी सील्ड देकर किया पुरस्कृत

● नेशनल स्तर की क्रिकेट टीम में शामिल होकर करेंगे बुंदेलखंड का नाम रोशनः अनुरागी

संवाददाता। उरई (जालौन)

**शनिवार** को बृज कुंवर देवी पब्लिक स्कूल झांसी रोड में एल्ड्रिच प्रीमियर लीग मैच एपीएल के अंतिम मैंच का शुभारम मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने किया एवं मैंच का समापन, पुरस्कार वितरण सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने विनर टीम को ट्रापी सील्ड देकर पुरस्कृत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.घनश्याम अनुरागी ने कहा कि बृज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के बच्चे नेशनल स्तर के क्रिकेट टीम में सम्मिलित होकर बुंदेलखंड का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के बच्चे हर क्षेत्र में आगे आकर काम करें ऐसी उन्होंने अपील की और बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी बच्चों से



विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि व विद्यालय प्रबंधक पायनियर

हाथ मिलाया और उनकी हौसला अफजाई करते हुये कहा कि विद्यालय के प्रबंधक इं अजय इटोरिया कुशल प्रबंधक हैं समाजसेवी हैं। श्रीमती सुविधा इटौरिया, सीमा श्रीखंड कुशल प्रशासक है आप सभी के निर्देशन में इनका पूरा स्टाफ कार्य कर विद्यालय का कुशल अनुशासित विद्यालय चला रहे है। स्कूल के लिए एपीएल में हमेशा बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर ते हैं सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को प्रदेश स्तरीय अण्डर 19 की क्रिकेट टीम में चयन होने की शुभकामना की और कहा कि बच्चे खेलो के माध्यम से अनुशासन और संगठित होना सीखेगे और आगे चलकर उच्च पदो पर आसीन होगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अजय इटौरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि बड़े सौभाग्य का विषय है कि आज एपीएल प्रीमियम लीग मैच के समापन समारोह में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं डा. घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। एपीएल के फाइनल मैंच में 12 कक्षा के छात्रों ने कक्षा 9 के छात्रों को हराकर प्रतियोगिता को जीता। जिसमें आदित्य कुमार को मैंन ऑफ द मैंच दिया गया। एपीएल टूर्नामेंट में रूद्ध आशीष यादव, अपूर्व यादव, पवन शाक्य, हर्ष पाल, राघवेन्द्र, भूपेन्द्र कुशवाहा एवं विशाल वर्मा को मैंन ऑफ द मैंच दिये गए। एवं मैंन ऑफ द सीरिज आदित्य प्रताप को दी गई। प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं में चल रही प्रतियोगिताओं के विजयी छात्रध्छात्राओं को पुरस्कार वितरण किऐ गए। प्रतियोगिताओं में वॉलीवाल, खो-खो, कबड्डी, दौड़ प्रतियोगिता रस्सा-कसी आदि खेलों को आयोजन किया गया। अंत में विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती सुविधाएं इटोरिया प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा श्रीखंडे ने स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद सेराजेश निगोतिया, गहोई सेवा मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार कंथरिया, आदि उपस्थित रहे। इ. अजय इटौरिया एवं उप प्रधानाचार्य आशीष तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन विद्यालय के अध्यापक देवेश कुमार पाठक ने किया इसके अलावा कार्यक्रम में पुरूषोत्तम पुरवार, गोविन्द सिंह बनाफर, नीतू सिंह के.के. चर्तुवेदी, डॉ. स्वेता अग्रवाल, नीरज त्रिपाठी, स्वेता तिवारी, दीक्षा दूरवार, महेश कुशवाहा, अभय सिंह, मनीष गुप्ता राहुल गुप्ता, कादिर सर आकर्ष मिश्रा, दिग्विजयसिंह रणवीर सिंह, विनय पाठक, उत्तम, जितेन्द्र, संदीप, अनिमेष मोहन, आशीष गुप्ता, शिवम शुक्ला आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# तालिबान शासकों के लिए अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर सकता है पाकिस्तान : बिलावल

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को सीमा पार से उनके देश में हमले करने से रोकने में नाकाम रहने पर निराशा जताई और कहा कि उनका मुल्क अफगानिस्तान के तालिबान शासकों से निपटने के लिए अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर सकता है।

न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में बिलावल ने कहा, पाकिस्तान सीमा पार से टीटीपी या बीएलए (बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी) जैसे अन्य आतंकवादी समूहों के आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। डॉन अखबार में प्रकाशित खबर में बिलावल के हवाले से कहा गया है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के तालिबान शासकों से



निपटने के लिए अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर सकता है, लेकिन वह काबुल से नाता तोड़ने का जोखिम नहीं उठा सकता। पेशावर में आर्मी पब्लिक स्कूल (एपीएस) पर 16 दिसंबर 2014 को हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के सम्मान में आयोजित एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बिलावल ने कहा कि काबुल के तालिबान शासक टीटीपी को सीमा पार आतंकवादी हमले करने से रोकने की पाकिस्तान की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। अफगानिस्तान से आए टीटीपी आतंकवादियों ने 149 लोगों की हत्या कर दी थी, जिसमें 132 स्कूली बच्चे शामिल थे। यह पाकिस्तान में सबसे वीभत्स आतंकवादी घटनाओं में से एक है।बिलावल ने याद किया कि अफगान तालिबान ने दोहा में ऐसा करने का संकल्प लिया था, जहां उन्होंने अमेरिका के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा, लेकिन इस ओर प्रयास नाकाम दिखाई देते हैं। ऐसा लगता है कि टीटीपी ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी है। उसके हमले तेज हो गए हैं। यह पूछने पर कि क्या इस्लामाबाद अफगानिस्तान में तालिबान शासकों से संबंध खत्म करने पर विचार करेगा, बिलावल ने कहा, मैं तालिबान या अफगानिस्तान से कटने के बारे में नहीं सोच सकता। वे वास्तविकता हैं और वे मेरी सीमा पर हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने उसके खिलाफ काम कर रहे टीटीपी और अन्य आतंकवादी समूहों को बाहरी समर्थन के ठोस सबूत वाला व्यापक डोजियर संयुक्त राष्ट्र महासचिव तथा सुरक्षा परिषद से साझा किया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा, हमें इन आतंकवादियों की पनाहगाह खत्म करने, उनके वित्त पोषण के स्रोत को समाप्त करने और ऐसे हमलों या इनके वित्त पोषण के लिए जिम्मेदार लोगों तथा संस्थाओं को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता है। उनकी यह टिप्पणियां तब आई है, जब प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने जून में सरकार के साथ हुए अनिश्चितकालीन संघर्ष-विराम को रद्द कर दिया था और अपने आतंकवादियों को पाकिस्तान में हमले करने का आदेश दिया था।

## पाक ने विदेश मंत्री बिलावल की टिप्पणी पर भारत की आलोचना को खारिज किया

**इस्लामाबाद, भाषा।** पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी की अभद्र टिप्पणी को लेकर भारत द्वारा की गई तीखी आलोचना को शनिवार को खारिज करते हुए आरोप लगाया कि यह नई दिल्ली की बढ़ती हताशा को दर्शाती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निजी टिप्पणी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में टिप्पणी भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में आतंकवाद को समर्थन देने को लेकर पाकिस्तान पर तीखा हमला करने के बाद की। शुक्रवार को, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री की टिप्पणी को अभद्र बताते हुए तीखी आलोचना की थी।



यूक्रेन में रूस द्वारा किए जा रहे हमलों को लेकर रुसी जनरल स्टाफ वेलीरी से गुप्त स्थान पर वार्ता करते रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन

## 1971 में भारत-पाक के बीच तीन दिन की भीषण लड़ाई ने दिलाई अंतिम जीतः सैन्य रिकॉर्ड

**ढाका ।** वर्ष 1971 के युद्ध में अंतिम जीत से पहले एक दलदली इलाके में एक गांव में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच तीन दिन तक भीषण लड़ाई हुई, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का गठन हुआ। यह जानकारी बांग्लोदश की सेना के रिकॉर्ड में अंकित है।भारत और पाकिस्तान के बीच तीन दिसंबर को युद्ध छिड़ने के बाद 16 दिसंबर, 1971 को ढाका स्वतंत्र बांग्लादेश की राजधानी के रूप में सामने आया। इस युद्ध में भारतीय सेना खुलकर मुक्ति वाहिनी के सैनिकों के साथ खड़ी थी। बांग्लादेश के युद्ध रिकॉर्ड के अनुसार, बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के शुरू होने से पहले ही, तीन दिन तक एक भीषण लड़ाई हुई जिसे गरीबपुर की लड़ाई के रूप में जाना जाता है। यह लड़ाई उस समय की पश्चिमी सीमाओं पर लड़ी गई थी जिसे उस समय पूर्वी पाकिस्तान कहा जाता था। इस लड़ाई के बारे में अब तक बहुत कम चर्चा हुई है। दोनों सेनाओं के बीच तीन दिन तक चली यह लड़ाई 20 नवंबर से 23 नवंबर हुई थी और दोनों पक्षों ने इसमें अपनी टैंक और वायु शक्ति का इस्तेमाल किया था।

## संरा ने म्यांमा जुंटा, तालिबान, लीबिया की विरोधी सरकार को सीट देने से इनकार किया

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** महासभा ने म्यांमा की सैन्य सरकार जुंटा, अफगानिस्तान के तालिबान शासकों और लीबिया की विरोधी सरकार का विश्व निकाय में अपने-अपने देश की सीट संभालने का अनुरोध शुक्रवार को खारिज कर दिया। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों ने क्रेडेंशियल्स कमेटी की उस सिफारिश को मंजूरी देने के लिए सर्वसम्मति से वीटो किया कि संयुक्त राष्ट्र में अपने-अपने राजदूत भेजने के इन तीनों देशों के अनुरोध को खारिज किया



जाए।इस फैसले का मतलब है कि संयुक्त राष्ट्र में म्यांमा का प्रतिनिधित्व क्याव मो तुन करते रहेंगे, जो आंग सान सू ची के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार को एक फरवरी 2021 को सत्ता से बेदखल किए जाने के वक्त म्यांमा के राजदूत थे।वहीं, अफगानिस्तान की सीट राष्ट्रपति अशरफ गनी की अगुवाई वाली देश की पूर्व सरकार के पास रहेगी, जिन्हें तालिबान ने अगस्त 2021 में सत्ता से बेदखल कर दिया था। इसी तरह, पश्चिमी लीबिया में राजधानी त्रिपोली स्थित सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले राजदूत ताहिर एलसोनी देश के राजदूत बने रहेंगे। क्रेडेंशियल्स कमेटी की अध्यक्ष एवं संयुक्त राष्ट्र में गुयाना की राजदूत कैरोलिन रोड्रिगेज बिर्केत ने कहा, महासभा के 77वें सत्र में समिति ने म्यांमा, अफगानिस्तान और लीबिया के प्रतिनिधियों से जुड़े परिचय पत्रों पर विचार-विमर्श को भविष्य के लिए टालने का फैसला किया है। महासभा का यह सत्र अगले साल सितंबर में खत्म होगा।

## सीबीआई, दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय घोटाले का पर्दाफाश करने में एफबीआई की मदद की

भाषा। वाशिंगटन

**दिल्ली पुलिस** और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तकनीकी सहयोग मुहैया कराने के बहाने करीब 10 साल में हजारों अमेरिकियों, विशेषकर बुजुर्गों को ठगने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ करने में अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की मदद की है। सीबीआई और दिल्ली पुलिस ने इस सप्ताह नई दिल्ली के हर्षद मदान (34) और फरीदाबाद निवासी विकास गुप्ता (33) को गिरफ्तार किया। नई दिल्ली निवासी तीसरा आरोपी गगन लांबा (41) अभी फरार है।जगन का भाई जतिन लांबा भी पुलिस की हिरासत में है। इन सभी पर दूरसंचार या इंटरनेट सेवा (वायर) और कंप्यूटर का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी करने का आरोप है। अमेरिका के अटॉर्नी फिलप आर सेलिंगर ने एक बयान जारी कर इस घोटाले का भंडाफोड़ करने में उनकी सहायता करने के लिए सीबीआई और दिल्ली पुलिस को धन्यवाद दिया। भारतीय-अमेरिकी मेघना कुमार (50) ने इस मामले में इस सप्ताह अपने आरोप स्वीकार किए थे। ओंटारियो निवासी 33 वर्षीय जयंत भाटिया को कनाडा के प्राधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। न्यूयॉर्क में रिचमंड हिल के निवासी 34 वर्षीय कुलविंदर सिंह पर धनधोशन और निर्दिष्ट गैरकानूनी गतिविधि से प्राप्त संपत्ति से जुड़े मौद्रिक लेन-देन में शामिल होने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। इन सभी भारतीय और भारतीय मूल के लोगों पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने वैश्विक स्तर पर एक हाई-टेक जबरन वसूली योजना चलाने के लिए लोगों के निजी कंप्यूटर तक पहुंच का इस्तेमाल किया। सेलिंगर ने कहा कि वे अक्सर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाते थे।संघीय अभियोजकों ने कहा कि वे पहले पीड़ितों को यह विश्वास दिलाते थे कि उनके निजी कंप्यूटर में मालवेयर या किसी वायरस का हमला हुआ है। इसके बाद, वे उन्हें फर्जी कंप्यूटर मरम्मत सेवाओं के लिए उन्हें सैकड़ों या हजारों डॉलर का भुगतान करने के लिए राजी करते थे।संघीय अभियोजकों ने कहा कि इस तरह आरोपियों ने कम से कम 20,000 पीड़ितों से एक करोड़ डॉलर से अधिक वसूले।

## ब्रिटेन में भारतीय नर्स, उसके दो बच्चों की हत्या के मामले में संदिग्ध से पूछताछ

भाषा। लंदन

**पूर्वी इंग्लैंड** के नॉर्थम्प्टन में एक भारतीय नर्स और उसके दो बच्चों की हत्या के मामले में गिरफ्तार 52 वर्षीय एक व्यक्ति से पूछताछ जारी है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नॉर्थम्पटनशायर पुलिस ने शुक्रवार को मृतकों की पहचान अंजू अशोक (35) और उनके दो बच्चों जीवा साजू (छह) और जानवी साजू (चार) के रूप में की। केरल का यह परिवार कुछ महीनों से केटरिंग शहर में रह रहा था।अशोक स्थानीय केटरिंग जनरल हॉस्पिटल के आर्थोपेडिक विभाग में पिछले साल से नर्स के रूप में काम करती थीं। नॉर्थम्पटनशायर पुलिस ने कहा, महिला और उसके दो बच्चों की मौत से जुड़े मामले में 52 वर्षीय एक शख्स से पूछताछ की जा रही है। रिपोर्टिंग नियमों के तहत, संदिग्ध की पहचान तब तक उजागर नहीं की जा सकती जब तक कि उसे आरोपी नहीं बनाया जाता है और ब्रिटेन में अदालत में पेश नहीं किया जाता है। मामले में वरिष्ठ जांच अधिकारी, डिटेक्टिव इंस्पेक्टर साइमन बर्न्स ने कहा, हम इस जांच को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। हम अंजू, जीवा और जानवी को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अधिकारी ने बताया कि मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। अंजू के दोस्तों और सहयोगियों द्वारा बृहस्पतिवार को सूचना दिए जाने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दोनों बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उनकी मौत हो गई। केटरिंग जनरल हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेबोराह नीधम ने कहा, अंजू अशोक प्रतिबद्ध और दयालु नर्स थीं, जिन्हें उनके मित्र और सहकर्मी बहुत प्यार करते थे। दुख की इस घड़ी में हम सब उनके परिवार के साथ हैं।

## पेशेवर सुरक्षा मुहैया कराने में निजी सुरक्षा उद्योग के लिए अवसरः वी के सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री वी के सिंह ने शनिवार को कहा कि सुरक्षा मुहैया कराने वाले प्रशिक्षित पेशेवरों की देश मे बेहद कमी है जिसे पूरा करने में निजी सुरक्षा क्षेत्र अहम भूमिका निभा सकता है।सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और नागर विमानन राज्य मंत्री सिंह ने केंद्रीय निजी सुरक्षा उद्योग संघ (सीएपीएसआई) के वार्षिक सम्मेलन मे कहा कि देश में प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियो की कमी है ।

PUBLIC NOTICE

NATIONAL CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION
Under the Consumer Protection Act, 2019

Telephone No. :011-24608801-04
Fax No.: 011 -24651505

Upbhokta Nyay Bhawan
'F- Block,
General Pool Office Complex, INA, NEW DELHI- 110023

Consumer Complaint No. 990 of 2018

Brahmputra LIG Attottee Group, through Sanjay Kumar ....Complainants

Versus

U.P. Housing and Development Board. ....Opposite Party

To,

THE PURCHASERS/ALLOTTEES OF THE RESIDENTIAL SFS FLATS IN 1 BRAHMPUTRA ENCLAVE", SITUATED AT SIDDHARTH VIHAR SCHEME, SECTOR - 7, GHAZIABAD (UTTAR PRADESH), DEVELOPED BY M/S. UP HOUSING AND DEVELOPMENT BOARD, LUCKNOW.

Whereas the above Complainants have, through Mr. Dinesh Kumar, Advocate, Chamber No. D - 216, Karkardooma Courts, Delhi, Mobile: 9871649107, filed the captioned Consumer Complaint before the Hon'ble National Consumer Disputes Redressal Commission, New Delhi on behalf and/or for the benefit of all the consumers who have either booked or have been allotted a flat, in the project namely "BRAHMPUTRA ENCLAVE", SITUATED AT SIDDHARTH VIHAR SCHEME, SECTOR - 7, GHAZIABAD (UTTAR PRADESH), being developed by the Opposite Party named above for redressal of their common grievances, and seeking the following reliefs:-

(i) Handover physical possession to the complainant allottees, immediately, which could not be delivered by Opposite Party on or before 31.12.2015- the last date of delivery of possession) as was proposed and promised by OP itself.
(ii) Pay interest, rental claims to the complainant allottees in terms of para
(iii) Stop abuse of dominant position in the housing sector by redressing the grievances raised at paras 8-A to 8-E mentioned hereinabove.
(iv) And be pleased to Set aside illegal demands of additional Cost, GST, Additional Service Tax, Restoration Charges and additional interest raised by OP as discussed and prayed at paras 8-A, B, C, D, E above.
(v) Pass any other order/s as is considered necessary in the interest of justice.

And whereas the Hon'ble Commission vide its orders dated 01.12.2022 (Copy enclosed) is pleased to direct issue of notice of the institution of the above captioned complaint to all the consumers having same interest in the matter. Accordingly all allottees of the above referred Project having the same grievance against the Opposite Party, may appear before the Commission in-person or through an Advocate / Authorized Representative on 28.04.2023 at 10:30 a.m. They can inspect the file of the aforementioned complaint in the office of the Counsel for the Complainant (s) and apply for being impleaded as a party to the complaint.

They may also note that the decision of the Commission in the captioned complaint will be binding on all the consumers on whose behalf and/or for whose benefit the complaint is instituted.

Given under my hand and the seal of this Commission on this 07 day of December, 2022.

Sd/-
(Rajesh Nath)
Assistant Regisrtrar

## बीजिंग में वायरस संबंधी पाबंदियों में छूट के बीच कोविड से मौत के मामले बढ़े

एपी। बीजिंग

**चीन में** कोरोना वायरस से हुई मौत के मामले एक बार फिर बढ़ रहे हैं लेकिन सरकार इन पर पर्दा डालने की पुरजोर कोशिश कर रही तथा मृत्यु प्रमाणपत्र में मौत की वजह कोरोना वायरस के बजाय अन्य बीमारियों को बता रही है। पूर्वी बीजिंग में एक शवदाहगृह के बाहर शुक्रवार शाम को कई लोग कड़ाके की ठंड में खड़े रहे और जब सुरक्षात्मक उपकरण पहने हुए कर्मी मृतक का नाम पुकारते तो एक रिश्तेदार ताबूत के पास आकर शव की शिनाख्त करता। इनमें से एक रिश्तेदार ने बताया कि उनका प्रियजन कोविड-19 से संक्रमित था। चीन में कोरोना वायरस से कोई मौत न होने की खबर आने के हफ्तों बाद फिर से संक्रमण से मौत होने के मामले बढ़ रहे हैं। ये मामले ऐसे वक्त में बढ़ रहे हैं जब सरकार ने व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच पिछले महीने कोविड-19 से जुड़ी सख्त पाबंदियों में ढील देना शुरू कर दिया। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोगों की संक्रमण से मौत हो रही है। एक महिला ने बताया कि उनकी बुजुर्ग

### ● कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के बावजूद मृत्यु प्रमाणपत्र में मौत की वजह निमोनिया बताई गई है

रिश्तेदार दिसंबर के शुरुआत में बीमार पड़ी थी तथा कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई थी तथा शुक्रवार सुबह एक आपातकालीन वार्ड में उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आपातकालीन वार्ड में कई संक्रमित मरीज भर्ती थे लेकिन उनकी देखभाल के लिए पर्याप्त नर्स नहीं थीं। महिला ने कार्वाई के डर से अपना नाम न उजागर करने का अनुरोध किया। कुछ लोगों ने बताया कि कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के बावजूद मृत्यु प्रमाणपत्र में मौत की वजह निमोनिया बताई गई है। अंत्यष्टि स्थल के परिसर में दुकानों के तीन कर्मचारियों में से एक ने अनुमान जताया कि रोज करीब 150 लोगों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है।

## यस बैंक ने 48,000 करोड़ रुपए का फंसा कर्ज जेसी फ्लॉवर्स को सौंपा

भाषा। नई दिल्ली

**निजी** क्षेत्र के यस बैंक ने 48,000 करोड़ रुपए के अपने फंसे हुए कर्ज को कर्ज पुनर्गठन कंपनी जेसी फ्लॉवर्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन के सुपुर्द कर दिया है।

बैंक ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि तनावग्रस्त कर्ज के रूप में चिह्नित 48,000 करोड़ रुपए के ऋण पोर्टफोलियो को जेसी फ्लॉवर्स के सुपुर्द करने का काम पूरा कर लिया गया है। इस दौरान एक अप्रैल से 30 नवंबर तक हुई कर्ज वसूली का समायोजन भी कर दिया गया है। यस बैंक ने अपने चिह्नित तनावग्रस्त कर्ज को जेसी फ्लॉवर्स एआरसी को सौंपने की घोषणा पहले ही कर दी थी। इस तरह बैंक अपने पोर्टफोलियो में फंसे हुए कर्ज का आकार कम कर अपनी वित्तीय स्थिति सुधारना चाहता है। कुछ साल पहले फंसे हुए कर्ज का आकार बढ़ने से यस बैंक की वित्तीय स्थिति बिगड़ गई थी। लेकिन हाल में उसने अपने कर्ज पोर्टफोलियो को दुरूस्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

### वास्तु हाउसिंग फाइनेंस 300 मिलियन तक जुटाएगा

**मुंबई।** लोगों के सपने को आकार व साकार करने के लिए वास्तु हाउसिंग फाइनेंस पूंजी जुटाएगी। मल्टीपल्स अल्टरनेट एसेट मैनेजमेंट,समर्थित किफ ायती आवास कंपनी वास्तु हाउसिंग फाइनेंस को इस वित्तीय वर्ष के अंत से पहले प्राथमिक और द्वितीयक शेयर बिक्री के संयोजन के माध्यम से 250-300 मिलियन 2050 करोड़ रुपये से 2460 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है। इसके प्रमुख कार्यकारी संदीप मेनन ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कम से कम 7.5 करोड़ डॉलर 615 करोड़ रुपये नए निवेशकों के साथ नई पूंजी के रूप में कंपनी में वापस लगाए जाएंगे जिससे कंपनी को अपने विकास को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### असम के चाय बागान में अचानक तालाबंदी 500 कर्मचारी आंदोलनरत

**हाइलाकांडी (असम)।** असम के हाइलाकांडी जिले मे एक चाय बागान के लगभग 500 मजदूरों ने परिचालन अचानक रोके जाने की घोषणा के बाद विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हाइलाकांडी शहर से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गगलाचेरा चाय बागान के कर्मचारी बृहस्पतिवार से ही बागान अधिकारियों के फैसले का विरोध कर रहे है। अधिकारियों ने एक दिन पहले बागान का परिचालन बंद करने की घोषणा कर दी थी।विवाद को खत्म करने के लिए स्थानीय प्रशासन के अधिकारियो के साथ-साथ एक चाय संघ ने पहल की है। मजिस्ट्रेट इट्टू बोरा और श्रम अधिकारी पीके मालाकार सहित अधिकारियों की एक टीम ने शुक्रवार को बागान का दौरा किया ।

PUBLIC NOTICE

This is to inform the Public at large that Smt. Jasvinder Kaur Takkar W/o. Sh. Jaswinder Pal Singh is the 'Title Holder' in possession of 'Entire Residential Property Bearing Plot No. 344-D, Block-B, Sushant Lok, Phase-I, Wazirabad, Gurugram, Haryana admeasuring 250 sq. mtrs.', hereinafter referred to as 'Schedule Property' vide Sale Deed dated 24.05.2019, registered as Pralekh Kramank-3280, Bahi-1, Zild-41, p. 34 posted on Addl. Bahi No. 1, Zild-1083, PP. 72-75 on 24.05.19 in the Office of Sub Registrar-Wazirabad, Gurgaon, Haryana. That the Original Documents w.r.t. the Schedule Property, i.e. Allotment Letter dated 07.10.1994, Construction Agreement dated 07.10.1994 and Handing Over Possession Letter dated 02.08.1997, have been lost/misplaced and are untraceable, in lieu of which Information Report dated 08.12.2022 bearing LR No. 1059789/2022 is filled with Delhi Police. This notice is issued to Public at Large, i.e. any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc., having any knowledge, custody or possession of the lost/misplaced original documents as mentioned herein above or otherwise having any claim, right, title, interest, possession in the Schedule Property, by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc., or objection to the sale of the Schedule Property, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 15 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and as waived, and the Title Holders shall proceed to sell the Schedule Property as presently intended.

Lalit M. Gandharva (Advocate)
Mob.No.9310012190

SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| FIR No 378/2022 | Vehicle No- UP14DX2222, TOYOTA FORTUNER, Manu Year-2018 |

**Auction Date: December 23, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
Auction Portal Name & URL Link: Car Dekho https://auctions.cardekho.com
Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS NIRDESH KUMAR, CS SCJ 2490/17 | Vehicle No. DL1LV1048, Make and Model- TATA ACE, Manu Year- 2014 reserve price Rs 35,000. DD/PO of EMD of Rs 5,000 to be made in favour of ICICI Bank limited payable at Delhi. |

**Auction Date: January 03, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
Auction Portal Name & URL Link: Car Dekho https://auctions.cardekho.com
Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS PREETI KUMARI, CS (COMM) NO. 1727/21 | Vehicle No. DL11CB5224, Make and Model- MARUTI SUZUKI INDIA LTD Baleno, Manu Year -2018 |
| ICICI BANK LTD VS NAVEEN ., CS (COMM) 1467/21 | Vehicle No. DL4CAX2396, Make and Model- HONDA SIEL CARS INDIA LTD AMAZE, Manu Year - 2017 |

**Auction Date: December 26, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram - 122022
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.

The online auction will be conducted on website (URL Link- https://auctions.cardekho.com) of our auction agency Car Dekho. The Prospective Bidder(s) must submit the DD/PO of EMD Amount (wherein applicable), self attested PAN card and self attested copy of address proof alongwith mobile no and email id at ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi – 110005 on or before 31-Dec-22. Earnest Money Deposit DD/PO should be from a Nationalised/Scheduled Bank in favour of "ICICI Bank Limited" payable at Delhi.

Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.

The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# कल्याणकारी योजनाओं की जरूरतें पूरी करने के लिए पर्याप्त खाद्यान्न भंडार मौजूदः सरकार

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र ने** शनिवार को कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए उसके पास पर्याप्त खाद्यान्न भंडार है। इसके साथ ही सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की नियमित निगरानी भी कर रही है।

एक सरकारी बयान के मुताबिक, भारत सरकार के पास खाद्य सुरक्षा अधिनियम और अपनी अन्य कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के लिए अतिरिक्त आवंटन की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय पूल में पर्याप्त खाद्यान्न भंडार मौजूद है।

इस बयान के मुताबिक, एक जनवरी, 2023 तक लगभग 159 लाख टन गेहूं और 104 लाख टन चावल उपलब्ध रहेगा जो बफर मानकों से कहीं ज्यादा है। बफर मानकों के तहत एक जनवरी को 138 लाख टन गेहूं और 76 लाख टन चावल रखने की ही जरूरत थी।

### ● मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय पूल के तहत गेहूं और चावल के भंडार की स्थिति हमेशा बफर मानदंडों से काफी ऊपर रही है

केंद्रीय खाद्यान्न पूल में 15 दिसंबर तक करीब 180 लाख टन गेहूं और 111 लाख टन चावल उपलब्ध था। एक अप्रैल, एक जुलाई, एक अक्टूबर और एक जनवरी को वर्ष की विशेष तिथियों के लिए बफर मानदंडों की आवश्यकता की परिकल्पना की गई है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय पूल के तहत गेहूं और चावल के भंडार की स्थिति हमेशा बफर मानदंडों से काफी ऊपर रही है। केंद्रीय पूल में एक अक्टूबर, 2022 को लगभग 227 लाख टन गेहूं और 205 लाख टन चावल उपलब्ध थे, जबकि एक अक्टूबर को 205 लाख टन गेहूं और 103 लाख टन चावल ही बफर मानदंड के तहत होने की आवश्यकता थी। मंत्रालय ने कहा, हालांकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक कीमतों पर किसानों द्वारा खुले बाजार में गेहूं की बिक्री करने के अलावा कम उत्पादन होने से भी पिछले सत्र में गेहूं की खरीद कम हुई थी। इसके बावजूद गेहूं की अगली फसल आने तक देश की जरूरत को पूरा करने के लिए केंद्रीय पूल में गेहूं का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होगा।

इसके अलावा, केंद्रीय पूल में पर्याप्त गेहूं का स्टॉक सुनिश्चित करने के लिए एनएफएसए के साथ पीएमजीकेएवाई के तहत किए गए आवंटन को भी चावल के पक्ष में संशोधित किया गया है। पीएमजीकेएवाई के तहत केंद्र सरकार एनएफएसए के दायरे में आने वाले लगभग 80 करोड़ लोगों को प्रति माह पांच किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त देती है। केंद्र सरकार ने इस साल गेहूं की फसल का एमएसपी बढ़ाकर 2,125 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है जो पिछले साल रबी विपणन सत्र में 2,015 रुपए प्रति क्विंटल था। गेहूं की खरीद अप्रैल से शुरू होगी और प्रारंभिक अनुमानों के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में गेहूं की बुवाई में काफी वृद्धि हुई है।

## ट्रंप पर तीन आरोप लगाने की सिफारिश कर सकती है जांच समिति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कैपिटल (संसद भवन परिसर) में छह जनवरी 2021 को हुई हिंसा की जांच कर रही संसदीय समिति न्याय विभाग से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर विद्रोह समेत तीन आपराधिक आरोप लगाने की सिफारिश करने पर विचार कर रही है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि समिति ट्रंप पर आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने और अमेरिका से धोखाधड़ी करने की साजिश रचने के आरोप लगाने की सिफारिश करने पर भी विचार कर रही है।समिति की चर्चा शुक्रवार देर रात तक जारी रही और अभी इस पर फैसला नहीं लिया गया है कि वह न्याय विभाग से कौन-से आरोप लगाने के लिए सिफारिश करेगी।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('प्रतिभूत लेनदार', जिसमें इसके उत्तराधिकारी और वारिस शामिल होंगे) और निम्नलिखित कर्ज़दार और सह-कर्ज़दार ['कर्ज़दार/रों', जिसमें उसकी/ उसके/ उनके सबंधित (उत्तराधिकारी, उत्तरापेक्षी, वारिस) शामिल होंगे)], के बीच एक ऋण समझौते के अनुसार आवास ऋण सुविधा दी गई थी। अधोहस्ताक्षरी ('प्राधिकृत अधिकारी') ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के अंतर्गत सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ('नियमावली') के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत नीचे वर्णित कर्ज़दारों/ सह-कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें ऋण समझौते के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए और जैसा कि विशेष रूप से उक्त संबधित माँग सूचनाओं में उल्लिखित है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा उक्त अधिनियम धारा 13(4) के साथ पठित नियमावली के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग करते हुए संपत्ति का सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है। सपंत्ति के सांकेतिक कब्ज़े की तारीख सहित विवरण नीचे वर्णित है :

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कन्हैया लाल/ आलेख कुमार गुप्ता/ LBDEL00001331569 | प्लॉट नंबर- एई-202, अवंतिका चिरंजीव विहार, गाज़ियाबाद- 201001/ 15 दिसंबर, 2022 | मार्च 25, 2022 रु. 14,88,896/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/ ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: सुरक्षित ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 17, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
प्रतिभूत लेनदार

# प. बंगाल में जमीनी स्तर पर भाजपा को मजबूत करें, शाह ने पार्टी नेताओं से कहा

भाषा। कोलकाता



प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं से पंचायत चुनाव से पूर्व तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित राज्य में पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को कहा है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को यह जानकारी दी। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शाह ने यहां आने के बाद राज्य के पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की और कहा कि भाजपा को टीएमसी के खिलाफ जनता के असंतोष का फायदा उठाना चाहिए। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शाह की बैठक पर, टीएमसी की पश्चिम बंगाल इकाई के प्रवक्ता जॉय प्रकाश मजूमदार ने दावा किया कि यह भाजपा की राज्य इकाई को बिखरने से बचाने का एक निरर्थक प्रयास था।

घोष ने कहा, अमित शाह जी पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति के बारे में चिंतित हैं कि कैसे टीएमसी नेताओं ने सार्वजनिक धन और केंद्रीय कोष का गबन किया है, स्कूलों में अयोग्य उम्मीदवारों को नौकरी देने के लिए रिश्वत ली है, हमारे कार्यकर्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। वह इस हालात का अंत देखना चाहते हैं। प्रदेश इकाई के पूर्व प्रमुख घोष ने कहा, शाह जानते हैं कि लोग पश्चिम बंगाल में बदलाव चाहते हैं, लेकिन टीएमसी के हमलों और धमकियों का मुकाबला करने के लिए, भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से उनका मुकाबला करेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार रात घोष, प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, राज्य में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और अन्य नेताओं के साथ आधे घंटे की बैठक की। क्या शाह ने नेताओं से अपने मतभेदों को दूर करने के लिए कहा, इस सवाल पर घोष ने कहा, अमित-जी जानते हैं कि हम एकजुट हैं। कई बार लोगों के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन यह एक परिवार में होता है। इस तरह के किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई।

## अमित शाह ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की, ममता, सोरेन, तेजस्वी हुए शामिल

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शनिवार सुबह करीब 11 बजे कोलकाता में पश्चिम बंगाल सचिवालय में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक शुरू हुई। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के उनके समकक्ष हेमंत सोरेन, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और ओडिशा के कैबिनेट मंत्री प्रदीप अमात बैठक में शामिल हुए। यह बैठक करीब दो घंटे तक चलने की संभावना है। बैठक में सुरक्षा मामलों के अलावा अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े मुद्दे पर भी चर्चा की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री का बैठक के बाद सिलीगुड़ी रवाना होने का कार्यक्रम है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने शुक्रवार शाम कोलकाता में पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के सदस्यों के साथ बंद कमरे में बैठक की थी, जिसमें राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई थी। भाजपा नेताओं ने बताया कि शाह ने पश्चिम बंगाल में आगामी पंचायत चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों का जायजा भी लिया था। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने पत्रकारों से कहा, हमने गृह मंत्री को पश्चिम बंगाल में कानून एवं व्यवस्था की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया गया है। उन्हें पंचायत चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों की जानकारी भी दी गई है। शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंच बनाने का आग्रह किया है। करीब 30 मिनट तक चली इस बैठक में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद रहे थे।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य की भी: गृह मंत्री

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक में मुख्यमंत्रियों को संकेत दिया कि भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की जिम्मेदारी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ ही राज्यों की भी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शाह की अध्यक्षता में यहां पश्चिम बंगाल सचिवालय में शनिवार को हुई 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद (ईजेडसी) की बैठक में अवैध घुसपैठ, सीमा पार से तस्करी और संवेदनशील भारत-बांग्लादेश सीमा से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारी ने बताया कि 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राज्यों के बीच परिवहन सुविधाओं और जल-बंटवारे पर भी बातचीत हुई। इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के उनके समकक्ष हेमंत सोरेन, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और ओडिशा के कैबिनेट मंत्री प्रदीप अमात शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, इस वर्ष की शुरुआत में बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र में बढ़ोतरी के मद्देनजर उसकी भूमिका पर चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक, माना जा रहा है कि जवाब में गृह मंत्री ने संकेत दिया है कि सीमा सुरक्षा में राज्य सरकारों की भी भूमिका है। बैठक में झारखंड-ओडिशा और बंगाल में माओवादी गतिविधियों के फिर से होने पर भी चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया कि नक्सल गतिविधियों को बेअसर करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के समन्वय के लिए राज्य और केंद्र सरकार रेड जोन में माओवादी गतिविधियों पर वास्तविक समय की जानकारी एकत्र करेंगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि पड़ोसी राज्यों से बंगाल में हथियारों की तस्करी की जा रही है।

# एमवीए मोर्चा का उद्देश्य राजनीतिक फायदा उठाना था: फडणवीस

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र के** उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को मुंबई में विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के विरोध मार्च को लेकर तंज करते हुए इसे राजनीतिक लाभ उठाने के लिए एक नैनो मोर्चा बताया। महाराष्ट्र में एमवीए के घटक दलों ने शक्ति प्रदर्शन के तहत राज्य में एकनाथ शिंदे-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के खिलाफ शनिवार को यहां हल्ला बोल विरोध मार्च निकाला और छत्रपति शिवाजी महाराज समेत प्रतिष्ठित हस्तियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को हटाने की मांग की। फडणवीस ने कहा कि वह बार-बार कहते रहे हैं कि किसी को भी राष्ट्रीय हस्तियों के खिलाफ नहीं बोलना चाहिए और जो लोग ऐसा करते हैं वे गलत हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा, अपना रुख स्पष्ट करने के बावजूद, राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए एक मोर्चा का आयोजन किया गया। जब आपके पास मुद्दे खत्म हो जाते हैं, तो ऐसे मोर्चे आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज और बी आर आंबेडकर हमारे आदर्श हैं। पिछले महीने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल कोश्यारी ने शिवाजी महाराज को पुराने जमाने के प्रतीक के रूप में बताया था। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद का जिक्र करते हुए फडणवीस ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है जो शिंदे-भाजपा सरकार के गठन (इस साल जुलाई में) के बाद सामने आई हो। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस और राकांपा (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) इस समस्या के लिए जिम्मेदार हैं। यह मुद्दा कांग्रेस पार्टी का बनाया हुआ है। फडणवीस ने कहा कहा, (शिवसेना प्रमुख) उद्धव ठाकरे को राजनीति करने के लिए नए मुद्दों की तलाश करनी चाहिए। एमवीए के विरोध मार्च के बारे में फडणवीस, जिनके पास गृह विभाग भी है, ने कहा कि पुलिस ने एमवीए को रैली के लिए दक्षिण मुंबई में आजाद मैदान का इस्तेमाल करने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने यह जानते हुए इस निर्देश का पालन नहीं किया कि मैदान पर बड़ी संख्या में लोगों को नहीं जुटाया जा सकता है।

# गलवान, तवांग में भारतीय सेना ने जो बहादुरी दिखाई उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है : राजनाथ

भाषा। नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि गलवान घाटी संघर्ष और अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में हालिया गतिरोध के दौरान भारतीय सैनिकों ने जिस बहादुरी और साहस का प्रदर्शन किया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) में एक कार्यक्रम के दौरान संबोधन में सिंह ने यह बयान दिया। सिंह ने कहा कि भारत विश्व के कल्याण और समृद्धि के लिए एक महाशक्ति बनने की इच्छा रखता है और इसका किसी भी देश की एक इंच भूमि पर कब्जा करने का कोई इरादा नहीं है। इस टिप्पणी को सीमाओं पर चीन के आक्रामक व्यवहार के संदर्भ में देखा जा रहा है।


सिंह ने सीमा विवाद को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर भी परोक्ष रूप से उन पर निशाना साधा। एक दिन पहले कांग्रेस नेता ने सरकार पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन द्वारा उत्पन्न खतरे को कम करके आंकने का आरोप लगाया था। सिंह ने कहा, चाहे वह गलवान हो या तवांग, सशस्त्र बलों ने जिस तरह से बहादुरी और वीरता का प्रदर्शन किया, उसके लिए उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है। उन्होंने कहा, हमने विपक्ष के किसी भी नेता की मंशा पर कभी सवाल नहीं उठाया, हमने केवल नीतियों के आधार पर बहस की है। राजनीति सच्चाई पर आधारित होनी चाहिए। लंबे समय तक झूठ के आधार पर राजनीति नहीं की जा सकती है। रक्षामंत्री ने कहा, समाज को सही दिशा में ले जाने की प्रक्रिया को राजनीति कहा जाता है। हमेशा किसी की मंशा पर संदेह करने का कारण मेरी समझ में नहीं आता। जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर), उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) और कृषि सुधारों को लागू करने में सरकार के खिलाफ कड़े विरोध का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि विरोध के लिए किसी भी निर्णय या योजना क विरोध करने की प्रवृत्ति को बंद होने चाहिए क्योंकि यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है।भारतीय और चीनी सैनिक के बीच नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में ताजा संघर्ष हुआ, जो जून 2020 में गलवान घाटी में घातक झड़प के बाद इस तरह की पहली बड़ी घटना थी जो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष रहे हैं।सिंह ने कहा जब मैं कह रहा हूं कि हम महाशक्ति बनने की आकांक्षा रखते हैं तो यह कभी नहीं समझा जाना चाहिए कि हम देशों पर प्रभुत्व जमाना चाहते हैं। हमारा इरादा किसी देश की की एक इंच भूमि पर कब्जा करने भी नहीं है। रक्षामंत्री ने कहा, अगर हम एक महाशक्ति बनना चाहते हैं, तो हम विश्व कल्याण और समृद्धि के लिए एक महाशक्ति बनना चाहते हैं।

## जहरीली शराब त्रासदी: बिहार के दो अन्य जिलों में आठ और लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के सारण जिले में जहरीली शराब त्रासदी (जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी) के बाद अब प्रदेश के दो अन्य जिलों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से आठ और लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से सारण से सटे सिवान जिले में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि बेगूसराय में दो अन्य लोगों की मौत हो गई। अपुष्ट खबरों में दावा किया गया है कि सारण जिले में अवैध रूप से बनी देशी शराब पीने से 60 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 के मौत की अभी तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि हो सकी है।सिवान जिले के भगवानपुर संभाग में बृहस्पतिवार से हुई छह मौतों के बारे में अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।संजय ने कहा कि हम शराब की बिक्री और खरीद में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए इलाके में तलाशी भी ले रहे हैं।बेगूसराय के पुलिस उपाधीक्षक चंद्रमोहन प्रसाद ने संवाददाताओं को बताया कि तेघड़ा प्रमंडल में शुक्रवार को किसी जहरीले रसायन के सेवन से दो युवकों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है। बिहार में अप्रैल 2016 में नीतीश कुमार सरकार द्वारा शराब की बिक्री और इसके इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# सीबीआई ने देशमुख को जमानत देने संबंधी आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी

भाषा। नई दिल्ली



**केन्द्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के एक मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को जमानत देने संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। बंबई उच्च न्यायालय ने 12 दिसंबर को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अनिल देशमुख (73) को भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत दे दी थी। हालांकि यह आदेश 10 दिनों के बाद प्रभावी होगा क्योंकि सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय में इसे चुनौती देने के लिए समय मांगा था। उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में, जांच एजेंसी ने दावा किया है कि देशमुख को जमानत देते समय उच्च न्यायालय ने गंभीर त्रुटि की है। इसमें कहा गया है, उच्च न्यायालय इस बात पर गौर करने में विफल रहा कि आर्थिक अपराधों को अलग श्रेणी के अपराधों के रूप में माना जाना आवश्यक है और ऐसे अपराधों में एक नियमित मामले के रूप में जमानत प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है।

सीबीआई ने दावा किया कि उच्च न्यायालय इस बात को समझने में विफल रहा कि एजेंसी द्वारा दायर आरोप पत्र केवल आरोपी से सरकारी गवाह बने सचिन वाजे के बयान पर निर्भर नहीं है, बल्कि अन्य भौतिक साक्ष्यों पर भी आधारित है। याचिका में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने यह समझने में त्रुटि की है कि वाजे की गवाही के रूप में सबूत देशमुख की हिरासत को बढ़ाने के लिए आधार नहीं हो सकते। सीबीआई ने अपनी याचिका में कहा कि उच्च न्यायालय यह समझने में भी विफल रहा कि महाराष्ट्र के गृह मंत्री का पद छोड़ने के बावजूद देशमुख का राज्य में काफी दबदबा है।सीबीआई की एक विशेष अदालत द्वारा पिछले महीने उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद देशमुख ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने चिकित्सा आधार पर जमानत मांगी। धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद राकांपा के नेता पिछले साल नवंबर से जेल में हैं। इस साल अप्रैल में उन्हें सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। उच्च न्यायालय ने उन्हें पिछले महीने ईडी मामले में जमानत दी थी।

# हमारे नागरिकों की स्वतंत्रता के संरक्षक के तौर पर हम पर विश्वास करें: प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़

भाषा। मुंबई

**प्रधान न्यायाधीश** डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि कानून की उचित प्रक्रिया में नागरिकों का विश्वास और स्वतंत्रता की रक्षा न्यायपालिका में निहित है, जो स्वतंत्रताओं की संरक्षक है।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने यहां एक व्याख्यान देते हुए इस बात पर बल दिया कि उन उद्देश्यों को निर्भयता से आगे बढ़ाने वाले बार के सदस्यों के जीवन के जरिए स्वतंत्रता की ज्योति आज भी प्रकाशमान है। यहां वाई बी चव्हाण केंद्र में अशोक एच देसाई स्मारक व्याख्यान देते हुए उन्होंने चोरी के एक मामले का हवाला दिया, जिसमें यदि उच्चतम न्यायालय ने हस्तक्षेप नहीं किया होता तो एक व्यक्ति को 18 साल कैद की सजा काटनी पड़ती। उन्होंने कहा कि हमारे नागरिकों की स्वतंत्रता के संरक्षक के तौर पर हम पर विश्वास करें। कार्यक्रम का आएाजन बंबई बार एसोसिएशन ने किया था। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, कल एक मामले में, जिसमें बिजली चोरी को लेकर एक आरोपी को सत्र अदालत ने दो साल कैद की सजा सुनाई थी, लेकिन निचली अदालत के न्यायाधीश यह कहना भूल गए थे कि सजाएं एक साथ चलेंगी। उन्होंने कहा, इसलिए, इसका परिणाम यह हुआ कि बिजली के उपकरण चुराने वाले इस व्यक्ति को 18 साल जेल में रहना पड़ता, सिर्फ इसलिए कि निचली अदालत यह निर्देश नहीं दे सकी कि सजाएं एक साथ चलेंगी। सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के रहने वाले इकराम नाम के एक व्यक्ति की याचिका का निस्तारण किया था। इकराम को विद्युत अधिनियम से जुड़े नौ आपराधिक मामलों में उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले की एक अदालत ने दोषी करार दिया था। अदालत ने इकराम को प्रत्एक मामले में दो साल के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई थी। मामले का हवाला देते हुए सीजेआई ने शनिवार को कहा कि उच्च न्यायालय ने कहा था, माफ कीजिएगा हम कुछ नहीं कर सकते क्योंकि निचली अदालत ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 427 के संदर्भ में ऐसा नहीं किया।

## क्विक न्यूज

### मंत्रिमंडल ने भू-स्थानिक नीति को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति को मंजूरी दे दी जो देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देना चाहती है। घटनाक्रम से वाकिफ एक सूत्र ने कहा, मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। यह नीति भू-स्थानिक उत्पादों और सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने से भी संबंधित है।

### जबलपुर में शाहरुख की फिल्म डंकी के शूटिंग स्थल पर दक्षिणपंथी संगठनों ने विरोध किया

**जबलपुर।** जबलपुर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल धुआंधार व भेड़ाघाट जलप्रपात पर शाहरुख खान को लेकर बनाई जा रही फिल्म डंकी की शूटिंग की खबर मिलने पर कुछ दक्षिणपंथी हिंदू संगठनों ने विरोध करने की कोशिश की। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग शुक्रवार को ही खत्म हो गई थी और यहां तीन दिवसीय शूटिंग के दौरान सुपर स्टार खान सहित कोई भी मुख्य कलाकार मौजूद नही था। खान की आगामी फिल्म पठान के एक गीत में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की वेशभूषा के रंग को लेकर हिंदू भावनाओं को आहत करने का दावा करते हुए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों ने शुक्रवार को विरोध करने का कार्यक्रम बनाया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नारेबाजी कर रहे प्रदर्शनकारियों ने शूटिंग स्थल पर पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को पार करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा करने में असफल रहे। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि उनमें से कुछ ने शूटिंग की अनुमति देने के लिए जबलपुर कलेक्टर के खिलाफ नारेबाजी की और बैरिकेड्स के साथ खड़े पुलिसकर्मियों को धक्का देने की कोशिश की।

### पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल का सिर कलम करने वाले को दो करोड़ रुपए इनाम दूंगा: भाजपा नेता मनुपाल

**बागपत।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ राज्य में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के विरोध के बीच यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता ने कहा है कि जो व्यक्ति पाकिस्तानी विदेश मंत्री का सिर काटकर लाएगा उसको दो करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा। यहां कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा, मैं ऐलान करता हूं कि बिलावल भुट्टो का सिर धड़ से अलग करने वाले को मै अपनी ओर से दो करोड़ रुपए का इनाम दूंगा। इसके बाद इस मौके पर उमड़ी भीड़ ने मनुपाल बंसल जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद पीटीआई-भाषा से बातचीत करते हुए मनुपाल बंसल ने कहा कि वह अभी भी अपने बयान पर कायम है।

### कुतुब मीनार विवाद: अदालत ने हस्तक्षेप याचिका पर पुनर्विचार आदेश 24 दिसंबर तक के लिए स्थगित रखा

**नई दिल्ली।** यहां की एक अदालत ने कुतुब मीनार परिसर के अंदर एक कथित मंदिर परिसर में हिंदू और जैन देवी-देवताओं की मूर्तियों को पुनर्स्थापित करने के अनुरोध संबंधी हस्तक्षेप याचिका को खारिज करने के अपने पहले के निर्देश पर पुनर्विचार करने को लेकर आदेश शनिवार को स्थगित कर दिया। कुतुब मीनार परिसर के अंदर स्थित कथित मंदिर परिसर में हिंदू और जैन देवी-देवताओं की मूर्तियों को पुनर्स्थापित के अनुरोध संबंधी अपील में दायर हस्तक्षेप आवेदन को अदालत ने 20 सितंबर को खारिज कर दिया था। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार ने कहा, 24 दिसंबर को मामला आदेश या स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए सूचीबद्ध रहें। इस बीच अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

### न्यायालय ने वायनाड से राहुल गांधी के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2019 में केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने सरिता एस नायर की याचिका को ठुकरा दिया, जिन्होंने केरल उच्च न्यायालय के 31 अक्टूबर 2019 के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। केरल उच्च न्यायालय ने भी वायनाड और एर्नाकुलम में लोकसभा चुनावों को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं को खारिज कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने दो नवंबर 2020 को अभियोजक की अनुपस्थिति के आधार पर राहुल के चुनाव को चुनौती देने वाली नायर की याचिका खारिज कर दी थी। बाद में उच्चतम न्यायालय में याचिका पर पुनः सुनवाई का अनुरोध करते हुए एक अर्जी दायर की गई थी। जब शुक्रवार को मामला पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया तो उसने अर्जी पर पुनः सुनवाई की अनुमति दे दी।

### राहुल देश की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं: रीजीजू

**नई दिल्ली।** कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने चीन और सेना पर टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि वह न केवल भारतीय सेना का अपमान कर रहे है, बल्कि देश की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। रीजीजू ने ट्वीट कर कहा कि अरुणाचल प्रदेश के तवांग में यांग्त्से क्षेत्र भारतीय सेना के बहादुर जवानों की पर्याप्त तैनाती के कारण अब पूरी तरह से सुरक्षित है। केंद्रीय मंत्री ने अपने गृह राज्य अरुणाचल प्रदेश में सैन्यकर्मियो के साथ की एक तस्वीर भी साझा की। हालांकि, ट्विटर उपयोगकर्ताओं ने कहा कि यह कोई नई नही बल्कि 2019 की तस्वीर है, जिसके बाद कांग्रेस नेताओं ने रीजीजू पर पुरानी तस्वीर पोस्ट करने के लिए सवाल उठाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है, जबकि भारत सरकार सोई हुई है और खतरे को नजरअंदाज करने की कोशिश कर रही है।

### भूमि अधिग्रहण रद्द करने का तमिलनाडु सरकार का आदेश किसानों और अन्नाद्रमुक की जीत: पलानीस्वामी

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक के अंतरिम प्रमुख ई के. पलानीस्वामी (ईपीएस) ने शनिवार को कहा कि राज्य में किसानों की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण के आदेश को तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार द्वारा वापस लिया जाना किसानों तथा उनकी पार्टी की जीत है, जो कृषकों के साथ खड़ी थी। पलानीस्वामी ने कहा कि जब कोयंबटूर क्षेत्र में अविनाशी सहित अन्य तालुकाओं से 3,800 एकड़ कृषि भूमि के अधिग्रहण के लिए सरकारी आदेश (16 अगस्त, 2021) जारी किया गया था, तब किसान दंग रह गए थे और उनकी पार्टी ने तब से इस कदम का विरोध किया था। ईपीएस ने एक बयान में कहा कि संपत्ति कर, बिजली शुल्क में बढ़ोतरी और इसी तरह के अन्य जनविरोधी कदमों के खिलाफ कोयंबटूर में दो दिसंबर को भूख हड़ताल का नेतृत्व करते हुए उन्होंने भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर सरकार की निंदा की थी।

# भीख मांगकर गुजारा कर रहा लावारिस बना 50 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति का मालिक

भाषा। पिरान कलियर (उत्तराखंड)

**किस्मत पल** भर में राजा को रंक और रंक को राजा बना देती है। यह कहावत हरिद्वार जिले में स्थित विख्यात मुस्लिम तीर्थ पिरान कलियर में अक्षरश: चरितार्थ हो गई जहां भीख मांग कर गुजारा करने को मजबूर एक लावारिस बच्चा पल भर में 50 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति का मालिक बन गया।

करीब 11 वर्षीय शाहजेब नाम के बच्चे की कहानी फिल्म सरीखी लगती है। तीन साल पहले उसकी मां उसे लेकर कलियर क्षेत्र में आकर रहने लगी थी, लेकिन मां की मौत के बाद से वह लावारिस हो गया और भीख मांगकर या किसी चाय की दुकान पर काम कर अपना पेट भर रहा था। दो दिन पहले उसके एक रिश्तेदार मोबिन अली कलियर यहां आए और उन्होंने उसे पहचान लिया और उसके घर पहुंचाया। शाहजेब को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के नांगल कस्बे के पंडोली गांव में उसके घर पहुंचाने वाले उसके फूफा अली ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शाहजेब और उसकी मां की तलाश में विफल रहने के बाद उसके दादा मोहम्मद याकूब ने मरने से पहले अपनी वसीयत में उसके नाम आधी जायदाद कर दी थी। याकूब ने अपनी वसीयत में लिखा था कि जब भी शाहजेब मिले तो आधी संपत्ति उसे सौंप दी जाए। शाहजेब के नाम गांव में करीब पांच बीघा जमीन और एक पुश्तैनी मकान है जिसकी कीमत 50 लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। मोबिन अली ने बताया कि पांच साल पहले तक शाहजेब हंसी खुशी अपने मां-बाप के साथ रहता था, लेकिन मां इमराना का पिता नावेद से किसी बात पर झगड़ा होने पर उसकी मां उसे लेकर अपने मायके हरियाणा के यमुनानगर चली गई, जहां से कुछ समय बाद वह किसी को कुछ बताए बिना रुड़की के पास पिरान कलियर आ गई। इसी बीच, नावेद अपनी पत्नी और बच्चे को लेकर यमुनानगर पहुंचा, लेकिन वहां वे दोनों नहीं मिले और न ही उनका कोई अता-पिता मिला। पत्नी और बच्चे की तलाश करते-करते एक दिन नावेद की मौत हो गई। बेटे की मौत के बाद हिमाचल प्रदेश के एक इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त नावेद के पिता मोहम्मद याकूब ने बहू और पोते की खोज जारी रखी और उनकी तलाश में दीवारों पर पोस्टर लगवाने से लेकर सोशल मीडिया तक का सहारा लिया। हालांकि, पोते शाहजेब से मिलने की उनकी आस पूरी होने से पहले ही उनकी आंखें भी सदा के लिए बंद हो गईं। शाहजेब इस समय उसके दादा याकूब के छोटे भाई शाह आलम और उनके परिवार के साथ हैं, जहां शाह आलम उसे अच्छे स्कूल में दाखिल कराने के बारे में सोच रहे हैं। शाह आलम ने बताया कि शाहजेब भी अपने परिजनों के बीच पंहुचकर खुश है मगर उसकी आंखों में मां-बाप के न होने को लेकर सूनापन भी है।

# श्रद्धा हत्याकांड: पूनावाला वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश हुआ

भाषा। नई दिल्ली

**अपनी लिव-इन** पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या कर उसके शव के टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दिल्ली की अदालत में पेश होने के दौरान शनिवार को कहा कि उसे नहीं पता था कि उसकी तरफ से जमानत याचिका दायर की गई है।

पूनावाला ने अदालत से कहा कि उसने वकालतनामे पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन उसे जानकारी नहीं थी कि उसकी ओर से जमानत याचिका दायर की जाएगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वृंदा कुमारी ने कहा कि जमानत याचिका लंबित रहेगी और जब आरोपी वकील से मिल लेगा, तभी यह फैसला होगा कि जमानत याचिका पेश की जाएगी या नहीं। पूनावाला के हाल में नियुक्त निजी अधिवक्ता एम एस खान ने अपने मुवक्किल से मिलने के लिए समय मांगा है। अदालत ने यह देखते हुए मामले को 22 दिसंबर को आगे की कार्यवाही के लिए सूचीबद्ध कर दिया। न्यायाधीश ने कहा कि पूनावाला ने एक ईमेल के माध्यम से अदालत को सूचित किया था कि जमानत अर्जी गलती से दायर कर दी गई है। उन्होंने कहा कि खान को जमानत अर्जी दाखिल करने के लिए प्रदान की गई अनुमति रद्द कर दी गई है। जब पूनावाला न्यायाधीश के सामने पेश हुआ, तो उन्होंने उससे पूछा कि क्या वह याचिका वापस लेना चाहता है, जिसके बाद आरोपी ने कहा, मैं चाहूंगा कि वकील मुझसे बात करें और फिर जमानत याचिका वापस ले लें। अदालत ने हाल में नियुक्त विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद से भी पूछा कि क्या पूनावाला को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत में पेश होने की जरूरत है तो उन्होंने हां में जवाब दिया। पूनावाला की जमानत याचिका बृहस्पतिवार को अदालत में दायर की गई थी।

## शाहरुख ने ट्विटर पर पठान फिल्म के बारे में सवालों के जवाब दिए, बेशरम रंग विवाद पर कुछ नही कहा

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान ने अपनी विवादित फिल्म पठान की सफलता के बारे में सवालों का जवाब देते हुए शनिवार को कहा कि उनका काम अनुमान लगाना नहीं, बल्कि मनोरंजन करना है। उन्होंने दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा अपनी फिल्म का बहिष्कार किए जाने के आह्वान के मद्देनजर यह कहा है। शाहरुख ने एक ट्विटर सत्र में पठान से जुड़े सवालों का जवाब दिया, लेकिन फिल्म के प्रथम गीत बेशरम रंग को लेकर उत्पन्न विवाद पर कुछ नहीं कहा। इस गीत के खिलाफ देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन हुए हैं। दक्षिणपंथी संगठन और भाजपा ने फिल्म का बहिष्कार करने का आह्वान किया है। वे शाहरुख और दीपिका पादुकोण पर फिल्माए गए गीत में भगवा और हरा रंग के परिधान का इस्तेमाल किए जाने को लेकर आपत्ति जता रहे हैं। फिल्म के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया पर उनके अनुमान के बारे में एक ट्विटर उपयोगकर्ता द्वारा पूछे जाने पर अभिनेता ने कहा, अनुमान लगाना मेरा काम नहीं है...।

# पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के फैसले पर कायम रहेगी राजस्थान सरकार: गहलोत

भाषा। जयपुर



**राजस्थान के** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की आलोचना को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि ओपीएस के रहते हुए भी देश में विकास हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ओपीएस बहाल करने के अपने फैसले पर कायम रहेगी।

गहलोत अपनी सरकार के चार साल पूरे होने पर यहां अपने सरकारी निवास पर संवाददाता से बात कर रहे थे। राज्य में ओपीएस बहाल किए जाने के बाद उठे विवाद को लेकर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ओपीएस को मानवीय दृष्टिकोण से बहाल किया गया, जबकि किसी ने इसकी मांग नहीं की थी। मुख्यमंत्री ने कहा, अभी देश में ओपीएस बहाल करने को लेकर बहस चल रही है। नीति आयोग सहित अनेक अर्थशास्त्रियों ने इसका विरोध किया है। उनका विरोध एक अर्थशास्त्री के दृष्टिकोण से हो रहा होगा ... मेरा दृष्टिकोण यह कहता है कि आजादी के बाद से 2004 में नई पेंशन योजना एनपीएस के लागू होने तक भी देश में विकास हुआ। जहां कभी सुई नहीं बनती थी ... आज हम कहां पहुंच गए। उन्होंने कहा कि 2004 तक अधिकांश समय केंद्र में कांग्रेस का शासन रहा और उस समय पुरानी पेंशन योजना ओपीएस ही रही और ओपीएस रहते हुए ही विकास किया है। ओपीएस बहाल करने के फैसले को वापस लिए जाने की संभावना को खारिज करते हुए उन्होंने कहा, ओपीएस का जो हमने फैसला किया है वह कायम रहेगा।

# मेसी और एमबापे की दिखेगी टक्कर

## ● विश्व कप फाइनल में इन खिलाड़ियों पर भी रहेगी नजर

**भाषा।** दोहा





**अर्जेंटीना** और फ्रांस के बीच रविवार को यहां होने वाले विश्वकप फाइनल में एक तरफ जहां लियोनेल मेस्सी होंगे वहीं दूसरी तरफ उन्हें टक्कर देने के लिए काइलियन एमबापे होंगे। मेस्सी इससे पहले भी फाइनल में खेल चुके हैं लेकिन उनकी टीम 2014 में जर्मनी से हार गई थी। एमबापे के रहते हुए फ्रांस ने 2018 में क्रोएशिया को हराकर विश्वकप जीता था। इन दोनों सहित जिन अन्य खिलाड़ियों पर विश्वकप फाइनल में नजर टिकी रहेगी, उनकी जानकारी इस प्रकार है। लियोनेल मेस्सी: पैंतीस वर्षीय मेस्सी अर्जेंटीना की टीम के दिल और आत्मा दोनों हैं। वह टूर्नामेंट में अब तक पांच गोल कर चुके हैं और इस मामले में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। जब भी गोल करने का मौका हो तब मेस्सी की फुर्ती देखने लायक होती है। विश्व कप का खिताब उन्हें डियागो माराडोना के समान आइकन का दर्जा दिला देगा।

**जुलियन एल्वारेज :** एल्वारेज ने टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने अब तक चार गोल दागे हैं। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से खेलने वाले इस 22 वर्षीय खिलाड़ी का तेज दौड़ लगाने में कोई सानी नहीं है। उन्होंने क्रोएशिया के खिलाफ सेमीफाइनल में टीम की 3-0 से जीत में मेस्सी के साथ शानदार जोड़ी बनाई थी।

**एमिलियानो मार्टिनेज :** अर्जेंटीना का यह गोलकीपर छह फुट चार इंच लंबा है। यदि फाइनल मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंचता है तो फिर मार्टिनेज की भूमिका अहम होगी। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल और पिछले साल कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

**नहुएल मोलिना:** मोलिना ऊर्जावान फुल बैक है और उनमें मजबूत डिफेंडर होने के सभी लक्षण मौजूद है। एटलेटिको मैड्रिड के 24 वर्षीय खिलाड़ी मोलिना को अपने आक्रामक रवैए के लिए भी जाना जाता है।

**एंजो फर्नांडीज :** फर्नांडीज ने टूर्नामेंट की शुरुआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की थी लेकिन अर्जेंटीना के मैक्सिको पर जीत में गोल करने के बाद वह टीम के मुख्य खिलाड़ी बन गए। वह अर्जेंटीना की मध्य पंक्ति के प्रमुख खिलाड़ी हैं।

**काइलियन एमबापे :** अर्जेंटीना के लिए एमबापे सबसे बड़े खतरनाक खिलाड़ी हैं जो अपनी तेजी और गोल करने में महारत के लिए जाने जाते हैं। पेरिस सेंट जर्मेन की तरफ से खेलने वाला यह 23 वर्षीय स्ट्राइकर विश्व कप में अभी तक मेस्सी के समान पांच गोल दाग चुका है। अर्जेंटीना के खिलाफ जीत दर्ज करने पर वह महानतम खिलाड़ियों में शामिल हो जाएंगे।

**एंटोनियो ग्रीजमैन :** इकतीस वर्षीय ग्रीजमैन इस विश्वकप में फ्रांस के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं। एटलेटिको मैड्रिड के इस स्ट्राइकर ने अपने कौशल में रक्षात्मक गुण भी जोड़े हैं। फाइनल में मेस्सी के साथ उनका मुकाबला देखने लायक होगा।

**ह्यूगो लोरिस :** टोटेनहैम की तरफ से खेलने वाले 35 वर्षीय ह्यूगो लोरिस पहले ऐसे कप्तान बनने की राह पर हैं जिन्होंने दो विश्वकप जीते। वह मितभाषी हैं लेकिन अपने काम को अच्छी तरह से अंजाम देते हैं। फ्रांस की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम पर है।

**राफेल वरान :** फ्रांस की रक्षापंक्ति की मजबूत कड़ी हैं 29 वर्षीय राफेल वरान। वह अपने करियर में चोटों से जूझते रहे हैं लेकिन अब अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं। रियाल मैड्रिड को चार बार चैंपियंस लीग का खिताब दिलाने में उनकी भूमिका अहम रही है।

**ऑरेलियन टचौमेनी:** टचौमेनी पिछले चार साल से पाल पोग्बा की जगह मध्य पंक्ति में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ गोल करके पोग्बा जैसे करारे शॉट जमाने की अपनी काबिलियत का अच्छा नमूना पेश किया था। अर्जेंटीना को मध्य पंक्ति में उनसे पार पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी।

# विश्व कप फाइनल आज

## ● अर्जेंटीना बनाम फ्रांस में मेस्सी की निगाहें ट्राफी पर

**भाषा।** दोहा

**अर्जेंटीना के** सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के लिए अब नहीं तो कभी नहीं। रविवार को यहां होने वाले फीफा विश्व कप फाइनल में जब अर्जेंटीना की टीम फ्रांस के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो यह भी तय हो जाएगा कि मेस्सी आखिरकार खेल के महानतम खिलाड़ियों की फेहरिस्त में पेले और डिएगो माराडोना की जमात में शामिल हो पाएंगे या नहीं। कईयों के लिए मेस्सी का करियर इससे भी परिभाषित होगा कि 35 साल की उम्र में आखिरकार वह अपनी टीम को फुटबॉल के इस महासमर की ट्राफी दिला पाएंगे या नहीं जो उनके करियर में चार चांद लगा देगी। पर उनकी रास्ते में कोई कमजोर नहीं बल्कि गत चैम्पियन फ्रांस की टीम और उसका स्टार फुटबॉलर किलियान एमबापे खड़ा है। एमबापे फुटबॉल के महान खिलाड़ियों के तौर पर मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर बढ़त बनाने के लिए बहुत अच्छी स्थिति में हैं। एमबापे 80,000 दर्शकों की क्षमता वाले लुसैल स्टेडियम में होने वाले मैच में इतिहास रचने की ओर बढ़ रहे हैं। फ्रांस का यह 23 साल का फॉरवर्ड अपने पहले ही दो विश्व कप में चैम्पियन बनकर पेले का अनुकरण करने करना चाहता है और तीसरे खिताब की संभावना भी बनाना चाहता है और यह उपलब्धि केवल ब्राजील के इस महान खिलाड़ी के नाम ही है जिन्हें 2022 टूर्नामेंट के दौरान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एमबापे जब 19 वर्ष थे तो उन्होंने फ्रांस को 2018 में दूसरा विश्व कप खिताब दिलाया था और 1958 में 17 वर्षीय पेले के बाद फाइनल में गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। पेले ब्राजील की 1962 विश्व कप जीत में चोट के कारण नॉकआउट चरण में नहीं खेले थे लेकिन एमबापे इस टूर्नामेंट में शुरू से ही फ्रांस के लिए अहम खिलाड़ी बने रहे। बल्कि वह पांच गोल करके मेस्सी के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी की बराबरी पर हैं। गोल्डन बूट का पुरस्कार कौन जीतता है तो यह फाइनल ही तय करेगा। वहीं दूसरी ओर फ्रांस की टीम खड़ी है जो ब्राजील (1962 में) के बाद लगातार विश्व कप ट्राफी जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश में जुटी है। माइकल प्लातिनी, जिनेदिन जिदान, थिएरी ऑनरी और अब एमबापे जैसे खिलाड़ी देने वाली टीम पिछले सात विश्व कप में चौथी बार फाइनल में पहुंची है जो किसी अन्य टीम से कहीं ज्यादा है। कोच डेसचैम्पस 1998 में बतौर खिलाड़ी विश्व कप विजेता रहे थे।

### कतर में हर तरफ दिख रहे हैं अर्जेंटीना के प्रशंसक

**दोहा।** अपने दिग्गज खिलाड़ियों के लिए मशहूर रहे फुटबॉल के दीवाने देश अर्जेंटीना के प्रशंसक लगातार आर्थिक संकट से जूझने के बावजूद अपने देश को 36 साल बाद विश्वकप विजेता बनते हुए देखने के लिए बड़ी कुर्बानी देकर कतर पहुंच रहे है। दोहा की सड़कों पर अर्जेंटीना के प्रशंसकों का जोश और जुनून देखा जा सकता है। वे मुचाचोस नाम के गीत को गा रहे है जो कि दक्षिण अमेरिकी देश के इन प्रशंसकों के लिए अनाधिकृत विश्वकप गान बन गया है। अर्जेंटीना रविवार को फाइनल में पिछली बार के चैंपियन फ्रांस का सामना करेगा। कतर की राजधानी में सौक वक्फ बाजार के एक कोने में अर्जेंटीना की आसमानी नीली और सफेद धारीदार जर्सी पहने एक युवा महिला फुटबॉल को अपने पांव से नचा रही थी तो उसके चारों तरफ स्थानीय लोगों और पर्यटकों की भीड़ एकत्रित हो गई। उसके पास अंग्रेजी और अरबी भाषा में हाथ से लिखा बैनर था जिसमें लुसैल स्टेडियम में होने वाले विश्वकप फाइनल का टिकट उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। इस 24 वर्षीय प्रशंसक बेलेन गोडोइ ने कहा, फुटबॉल मेरे लिए सब कुछ है। मै अपना परिवार छोड़कर यहां आई हूं। मैने अपनी सारी बचत खर्च कर दी है। मै वापस ब्यूनसआयर्स लौट जाऊंगी और मै नही जानती कि मै कैसे अपना किराया चुक्ता करूंगी। लेकिन मैने जो जिंदगी जी है, उसे मुझसे कोई नही छीन सकता। गोडोइ ने फिर से बिक्री के लिए रखे गए टिकटों को खरीद कर अर्जेंटीना का लगभग हर मैच देखा है। अर्जेंटीना के कई ऐसे प्रशंसक है जो अपना बहुमूल्य सामान बेचकर यहां पहुंचे है। इनमें 34 वर्षीय क्रिस्टियन मशीनेली भी है जिन्होंने विश्वकप में अर्जेंटीना को खेलते हुए देखने के लिए अपना टोयोटा ट्रक बेच दिया। मशीनेली ने कहा, मैने इसके लिए अपना ट्रक बेच दिया। मैने अभी तक वही धनराशि यहां खर्च की है तथा मेरे पास फाइनल का टिकट खरीदने के लिए पर्याप्त धनराशि है। हम अर्जेंटीनी फुटबॉल के दीवाने है और इसके लिए किसी भी हद तक जा सकते है। इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा नही है कि अर्जेंटीना के कितने प्रशंसक कतर पहुंचे है।

### पीसीबी प्रमुख के तौर पर रमीज की कुर्सी खतरे में

**कराची।** इंग्लैड के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मैच में हार के बाद रमीज राजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटाया जा सकता है। ऐसी अटकले लगाई जा रही है कि बोर्ड के पूर्व सदस्यों के नेतृत्व में एक गुट ने रमीज को पीसीबी अध्यक्ष के पद से हटाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इस गुट का दावा किया है कि पर्दे के पीछे कुछ चल रहा है। देश के कानून मंत्रालय ने पीसीबी में बदलाव के लिए बोर्ड के संरक्षक प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, हाँ, कुछ तो चल रहा है। अफवाहें प्रबल है कि नजम सेठी हाल ही में लाहौर में एक समारोह मे प्रधानमंत्री से मिले थे। ऐसे में रमीज को पद से हटाया जा सकता है।

### धैर्य रखने का फायदा मिला : म्हाम्ब्रे

**चटगांव।** बांग्लादेश के खिलाफ शुरूआती टेस्ट में शनिवार को पहले सत्र में विकेट नही चटकाने से भले ही भारत को निराशा मिली हो लेकिन गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि उनकी टीम को संयम रखने का फायदा बाकी के दो सत्र मे मिला। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (100 रन) और नजमुल हुसैन शंटो (67 रन) ने 513 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय गेंदबाजो को पूरे शुरूआती सत्र में निराश कर दिया और पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 124 रन जोड़े। लेकिन अगले दो सत्र मे भारत ने वापसी करते हुए चौथे दिन स्टंप तक बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 272 रन कर दिया। म्हाम्ब्रे ने चौथे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, बल्लेबाजी आसान हो रही थी।

### विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहे गुरदीप सिंह

**बोगोटा।** राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता भारोत्तोलक गुरदीप सिंह ने यहां विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पुरुषो के 109 किग्रा से अधिक के भार वर्ग में 21वां स्थान हासिल किया। ग्रुप सी में प्रतिस्पर्धा पेश करते हुए भारत के इस भारोत्तोलक ने 350 किग्रा (145 किग्रा और 205 किग्रा) वजन उठाया जो इस साल के शुरू में राष्ट्रमंडल खेलों में दिखाए गए प्रदर्शन से 40 किग्रा कम है। भारत ने इस प्रतियोगिता में केवल दो पदक जीते। उसे यह दोनों पदक स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने दिलाई। चानू ने पिछले सप्ताह महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग मे दो रजत पदक जीते। इनमें से एक पदक उन्होंने क्लीन एवं जर्क वर्ग मे जबकि दूसरा पदक कुल भार में हासिल किया।

### स्पेन को हराकर भारत ने जीता महिला नेशन्स कप

**वालेंशिया।** भारत ने एफआईएच महिला नेशन्स कप के फाइनल में शनिवार को यहां स्पेन को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहली बार आयोजित टूर्नामेंट को जीतकर टीम ने 2023-24 प्रो लीग में अपनी जगह पक्की कर ली।गुरजीत कौर ने छठे मिनट मे पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला जो निर्णायक साबित हुआ। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता ने आठ देशो के टूर्नामेंट में अपने अभियान का अंत लगातार पांच जीत के साथ किया। कोच यानेके शोपमैन की टीम ने शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में आयरलैंड को शूटआउट में 2-1 से हराया था।

# अक्षर के करिश्मे से भारत जीत से चार विकेट दूर

## ●पहला टेस्ट : बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर का शतक

**भाषा।** चटगांव



**सलामी बल्लेबाज** जाकिर हसन ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही शतक जमाया लेकिन अक्षर पटेल की अगुवाई में स्पिनरों ने भारत को अच्छी वापसी दिलाई जिससे वह बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां जीत दर्ज करने के करीब पहुंच गया।

बांग्लादेश ने 513 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 272 रन बनाए। वह लक्ष्य से अभी 241 रन दूर है। भारत को दो मैचों की श्रृंखला में बढ़त हासिल करने के लिए पांचवें और आखिरी दिन केवल चार विकेट निकालने होंगे। जाकिर (100) ने नजमुल हुसैन शंटो (67) के साथ पहले विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी करके बांग्लादेश को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन भारत अंतिम दो सत्र में वापसी करने में सफल रहा। भारत की तरफ से अक्षर पटेल ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए हैं जबकि उमेश यादव, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट हासिल किया है। भारत को पहले सत्र में एक भी सफलता नहीं मिली लेकिन दूसरे सत्र में वह तीन विकेट हासिल करने में सफल रहा। इस बीच भारत ने केवल 57 रन दिए जबकि पहले सत्र में बांग्लादेश ने सुबह बिना किसी नुकसान के 42 रन से आगे खेलते हुए लंच तक स्कोर 119 रन तक पहुंचाया था। बांग्लादेश अगर तीसरे सत्र में 96 रन जोड़ने में सफल रहा तो उसका श्रेय कप्तान शाकिब अल हसन (नाबाद 40) को जाता है जिन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने अक्षर और कुलदीप पर छक्के भी लगाए। स्टंप उखड़ने के समय उनके साथ मेहदी हसन मिराज नौ पर खेल रहे थे। जाकिर ने पहले दोनों सत्र में एक छोर संभाले रखा था लेकिन तीसरे सत्र के शुरू में ही शतक पूरा करने के बाद उनकी एकाग्रता भंग हो गई। वह अक्षर पटेल पर चौका लगाकर अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही सैकड़ा जड़ने वाले चौथे बांग्लादेशी बल्लेबाज बने। उनसे पहले अमीनुल इस्लाम, मोहम्मद अशरफुल और अबुल हसन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अमीनुल ने भारत के खिलाफ यह कारनामा किया था। लेकिन अश्विन के अगले ओवर में गेंद जाकिर के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई और हवा में उछल गई जिसे कैच करने में विराट कोहली ने कोई गलती नहीं की। जाकिर ने अपनी पारी में 224 गेंद का सामना किया तथा 12 चौके और एक छक्का लगाया। भारत को पहली सफलता अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव ने दिलाई। उनकी गेंद शंटो के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पहली स्लिप में कोहली के पास गई लेकिन वह उसे लपक नहीं पाए और गेंद उनके हाथ से छिटक कर नीचे गिरती इससे पहले विकेटकीपर ऋषभ पंत ने डाइव लगाकर उसे अपने दस्तानों में समा दिया। अक्षर ने इसके बाद यासिर अली (पांच) को बोल्ड करके भारत को जल्द ही दूसरी सफलता भी दिला दी। यासिर आगे बढ़कर रक्षात्मक शॉट खेलना चाहते थे लेकिन उनका ऑफ स्टंप खाली था और वह गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। लिटन दास (19) ने कुछ समय तक जाकिर का साथ दिया लेकिन कुलदीप की गुगली पर स्कूप करके वह लांग आन सीमा रेखा पर खड़े उमेश को कैच दे बैठे। भारत ने 84 ओवर के बाद दूसरी नई गेंद ली लेकिन एक छोर से अक्षर के रूप में स्पिन आक्रमण बरकरार रखा। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में नई गेंद से कहर बरपाने वाले अक्षर ने फिर से कमाल दिखाया तथा अपने एक ओवर में मुशफिकुर रहीम (23) और नुरुल हसन (तीन) को आउट करके बांग्लादेश को गहरे संकट में डाल दिया। रहीम रक्षात्मक रूप से खेलना चाहते थे लेकिन गेंद उनके बल्ले को गच्चा देकर ऑफ स्टंप से टकरा गई। पटेल ने इसी ओवर के अंतिम गेंद पर नुरुल हसन को आगे बढ़कर शॉट मारने के लिए ललचाया लेकिन गेंद उनके बल्ले से आंख चुराते हुए विकेटकीपर पंत के पास पहुंच गई जिन्होंने स्टंप आउट करने में कोई गलती नहीं की।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :** 404 रन, बांग्लादेश पहली पारी : 150 रन,भारत दूसरी पारी घोषितः दो विकेट पर 258 रन,बांग्लादेश दूसरी पारी : नजमुल शंटो का पंत बो उमेश यादव 67, हसन का कोहली बो अश्विन 100, अली बो पटेल 05, दास का उमेश यादव बो कुलदीप यादव 19,रहीम बो पटेल 23,हसन खेल रहे है 40,नुरुल स्ट पंत बो पटेल 03,मेहदी मिराज खेल रहे है 09,अतिरिक्त : 06,कुल योग : 102 ओवर में छह विकेट पर 272 रन,विकेट पतन :1-124, 2-131, 3-173, 4-208, 5-234, 6-238,गेंदबाजी : सिराज 15-3-46-0, यादव 15-3-27-1,अश्विन 27-3-75-1, पटेल 27-10-50-3, यादव 18-2-69-1

# हेड का अर्धशतक, आस्ट्रेलिया पहले दिन दक्षिण अफ्रीका से बेहतर स्थिति में

**भाषा।** ब्रिस्बेन



**ट्रेविस हेड** ने पिच के मुश्किल हालात से निपटते हुए नाबाद 78 रन बनाकर आस्ट्रेलिया को शनिवार को यहां तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के शुरूआती दिन स्टंप तक पांच विकेट पर 145 रन बनाने में मदद की जबकि मेजबान टीम ने दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में महज 152 रन पर आउट कर दिया था। पहले ही दिन 15 विकेट गिरे। दिन का खेल समाप्त होने तक हेड 77 गेंद में 78 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और एक छक्का जड़ा है। उन्होंने स्टीव स्मिथ (38 रन) के साथ 117 रन की भागीदारी निभाकर कप्तान पैट कमिंस के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के जोखिम भरे फैसले को सही करने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने कमिंस के फैसले को सही साबित करते हुए दक्षिण अफ्रीका को चाय के विश्राम से पहले 152 रन पर आउट कर दिया था। लेकिन जवाब में आस्ट्रेलिया ने 27 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। पहले 60 ओवर में 13 विकेट गिर गए थे। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा (50 रन देकर दो विकेट) ने आस्ट्रेलियाई पारी की पहली ही गेंद पर डेविड वॉर्नर को शून्य पर पवेलियन भेजकर अपनी टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका के आल राउंडर मार्को यानसेन (15 रन देकर एक विकेट) ने मैच में अपनी पहली ही गेंद (नौंवे ओवर में) मार्नस लाबुशेन (11 रन) को शॉट खेलने के लिए उकसाया और वह स्लिप में डीन एल्गर को कैच देकर पवेलियन पहुंच गए। फिर एनरिच नोर्किया (37 रन देकर दो विकेट) ने मैच की अपनी दूसरी ही गेंद (10वें ओवर में) उस्मान ख्वाजा (11 रन) को तीसरी स्लिप में कैच आउट करा दिया। फिर हेड क्रीज पर स्मिथ का साथ निभाने उतरे। इस जोड़ी ने मिलकर दिन की सबसे बड़ी साझेदारी निभाई। स्टंप से पहले दो ओवर में आस्ट्रेलिया ने दो विकेट गंवा दिए जिसमें स्मिथ को नोर्किया ने बोल्ड किया

# ऑस्ट्रेलिया महीला टीम ने टी20 श्रृंखला जीती



## ● भारत को सात रन से हराया

**भाषा।** मुंबई

**अनुभवी** एलीस पेरी की 42 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी और एशलीघ गार्डनर (42 रन और दो विकेट) के हरफनमौला खेल के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय के चौथे मुकाबले में भारतीय महिला टीम को सात रन से हराकर श्रृंखला में 3-1 की बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 188 रन बनाने के बाद भारत को पांच विकेट पर 181 रन पर रोक दिया। पेरी ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के जड़ने के अलावा गार्डनर के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 गेंद में 94 रन की साझेदारी की। गार्डनर ने 27 गेंद की पारी में तीन चौके और इतने ही छक्को की मदद से 42 रन बनाए। आखिरी ओवरों में ग्रेस हैरिस ने महज 12 गेंद में 27 रन की आक्रामक पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने इस मैच में 19 चौके और आठ छक्के लगाए। कप्तान एलीसा हीली 21 गेंद में 30 रन बनाने के बाद मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हार्ट हो गई। भारत के लिए दीप्ति शर्मा सबसे सफल गेंदबाज रही उन्होंने चार ओवर में 35 रन देकर दो विकेट लिए। राधा यादव ने तीन ओवर में 26 रन देकर एक सफलता हासिल की। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम को जरूरत के मुताबिक शुरुआत नहीं मिली लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 30 गेंद में 46 रन , देविका वैद्य ने 26 गेंद में 32 रन और ऋचा घोष ने 19 गेंद में नाबाद 40 रन बनाकर टीम को मैच में बनाए रखा लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था। बड़े स्कोर वाले इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच गार्डनर ने चार ओवर में महज 20 रन देकर दो विकेट लिए। अलाना किंग को भी दो सफलता मिली। उन्होंने तीन ओवर में 23 रन खर्च किए। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति मंधाना (16 रन) और शेफाली वर्मा (11 रन) ने डार्सी ब्राउन के पहले ओवर में तीन चौके जड़े। स्मृति तीसरे ओवर में गार्डनर की गेंद पर बेथ मूनी को कैच देकर पवेलियन लौट गई। पावरप्ले के आखिरी ओवर में शेफाली ने ब्राउन की लगातार गेंदों पर चौका लगाया लेकिन अगली गेंद पर पेरी को कैच थमा बैठी। पावर प्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 44 रन था। अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आई स्पिनर अलाना किंग ने जेमिमाह रोड्रिग्ज (आठ रन) को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद हरमनप्रीत कौर और देविका वैद्य ने संभल कर बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया। इस बीच 10वें ओवर की आखिरी गेंद पर गार्डनर के खिलाफ छक्का लगाया। हरमनप्रीत और देविका ने 12वें ओवर में मेगन शट्ट के खिलाफ दो चौके जड़ 12 रन बटोरे तो अगले ओवर में भारतीय कप्तान ने हीथर ग्राहम के खिलाफ चार चौके जड़ टीम के रनों के सैकड़े को पार कराया।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पारीः** हीली रिटायर्ड हर्ट 30,मूनी का शेफाली बो दीप्ति 02,मैकग्रा बो राधा 09,गार्डनर का हरलीन बो दीप्ति 42,पेरी नाबाद 72, हैरिस नाबाद 27,अतिरिक्त (बाईः 02, लेगबाईः 01, वाइडः 03) 06, कुल योगः (20 ओवर में तीन विकेट पर) 188 रन, विकेट पतनः1-24, 2-46, 3-140,गेंदबाजीः रेणुका 4-0-41-0, अंजलि 4-0-43-0, दीप्ति 4-0-35-2, राधा 3-0-26-1 ,शेफाली 2-0-18-0, देविका 3-0-22-0

**भारत पारीः** मंधाना का मूनी बो गार्डनर 16, शेफाली वर्मा, का पेरी बो ब्राउन 20, रोड्रिग्स का ब्राउन बो किंग 08,कौर का ब्राउन बो किंग 46, वैद्य स्टं. मूनी बो गार्डनर 32,घोष नाबाद 40, शर्मा नाबाद 12, अतिरिक्तः (बाईः 04, लेगबाईः 01, वाइडः 02) 07, कुल योगः (20 ओवर में पांच विकेट पर) 181 रन, विकेट पतनः1-23, 2-43, 3-49, 4-121, 5-149, गेंदबाजीः ब्राउन 4-0-33-1, शट्ट 4-0-44-0, गार्डनर 4-0-20-2,पेरी1-0-7-0, किंग 3-0-23-2, सदरलैंड 1-0-9-0, ग्राहम 3-0-40-0

# हम आखिर तक मैच में बने हुए थेः हरमनप्रीत

**भाषा।** मुंबई



**ऑस्ट्रेलिया के** खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के चौथे मुकाबले में सात रन से हार का सामना करने के बाद भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शनिवार को यहां कहा कि टीम ने अगर एक और ओवर में बड़ा स्कोर बनाया होता तो मैच का परिणाम कुछ और होता। भारतीय कप्तान ने कहा, हम पूरे मैच में जीत हासिल करने की दौड़ में बने हुए थे। इस मैच में सिर्फ एक ओवर ही अंतर पैदा कर सकता था। तीस गेंद में 46 रन की आक्रामक पारी खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा, अगर मैं आखिर तक क्रीज पर होती तो चीजें बदल सकती थीं लेकिन दुर्भाग्य से मैं आउट हो गई। मुझे हालांकि ऋचा और दीप्ति पर भरोसा था।

भारतीय टीम को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए 41 रन चाहिए थे लेकिन 18वें ओवर में सिर्फ तीन रन बने। उन्होंने इसे टीम के लिए नुकसानदेह करार देते हुए कहा, 18वें ओवर में जब हमें सिर्फ तीन रन मिले तो इससे बड़ा अंतर पैदा हो गया। खुद गेंदबाजी नहीं करने के बारे में पूछे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, मैं एशिया कप में चोटिल हो गई थी उससे वापसी कर रही हूं। अभी सिर्फ बल्लेबाजी करना चाहती हूं, मैं निश्चित रूप से जल्द ही गेंदबाजी करूंगी। ऑस्ट्रेलिया की कार्यवाहक कप्तान तहलिया मैकग्रा ने कहा, मुझे अंतिम समय में यह (कप्तानी की भूमिका) जिम्मेदारी दी गई लेकिन टीम के लिए गर्व की बात है कि एक मैच बाकी रहते हमने श्रृंखला जीत ली है। मेरे लिए यह नई भूमिका है लेकिन सीनियर खिलाडियों का पूरा समर्थन मिला, उन्होंने मेरी मदद की। ऑस्ट्रेलिया की नियमित कप्तान एलिसा हीली बल्लेबाजी के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 30 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गई थी।

# पाकिस्तान को 304 रन पर समेटकर इंग्लैंड ने एक विकेट गंवाया

**भाषा।** कराची

**स्पिनर जैक** लीच के चार विकेट और इंग्लैंड के टेस्ट में पदार्पण करने वाले सबसे युवा रेहान अहमद के दो विकेट की बदौलत टीम ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट के शुरूआती दिन पाकिस्तान को पहली पारी में 304 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान ने भी स्पिनर अबरार अहमद की बदौलत स्टंप तक इंग्लैंड का एक विकेट झटक लिया। इंग्लैंड का स्कोर सात रन पर एक विकेट था, बेन डकेट चार और ओली पोप तीन रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। अबरार ने मुल्तान में दूसरे टेस्ट में शानदार टेस्ट पदार्पण किया था जिसमें उन्होंने 234 रन देकर 11 विकेट झटके थे। लेकिन पाकिस्तान में चार दिन के अंदर 26 रन से हार गया था। लीच ने नई गेंद से 11 ओवर का स्पैल डाला और 140 रन देकर चार विकेट चटकाए। अहमद ने पहले पांच ओवर में नर्वस गेंदबाजी से उबरते हुए 89 रन देकर दो विकेट झटके। अहमद के पिता नईम स्टेडियम में मौजूद थे। अहमद की उम्र 18 साल 126 दिन है जिससे वह ब्रायन से 23 दिन छोटे हैं जिन्होंने इंग्लैंड के लिए अपना टेस्ट पदार्पण 1949 में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में किया था। पाकिस्तान के कप्तान आजम (78 रन) और आगा (56 रन) ने मेजबानों के लिए संयमित अर्धशतकीय पारियां खेली।